हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, गुरुवार 12 मार्च 2026

तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 23.3 डिग्री

13 मच्छरों पर काबू पाने में निगम फेल महापौर...



13 गर्मी में तपने लगे स्लीपर कोच, अब एसी में सफर...



## खबर संक्षेप

### मलमा गिरने से बड़ा हादसा टला



**रायपुर।** तेलीबांधा एक्सप्रेस वे का मंगलवार को मलामा गिरने से एक बड़ा हादसा टल गया। बताया जा रहा है, एक्सप्रेस वे के ब्रिज के ऊपर का हिस्सा काफी जर्जर हो गया था। ब्रिज की छत जर्जर होने की वजह से भरभराकर गिर गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में जमकर वीडियो वायरल कर रहे हैं। राहत की बात यह रही कि घटना के समय ब्रिज के नीचे से कोई गुजर नहीं रहा था, अन्यथा बड़ी घटना घट सकती थी। उल्लेखनीय है कि जहां मलमा गिरने की घटना हुई है। उस ब्रिज के नीचे कई ठेले खोमचे वाले अपनी दुकान लगाते हैं।

### पुलिस के हत्थे चढ़े आबकारी एक्ट के फरार आरोपी

**रायपुर।** गंज थाने की पुलिस ने गश्त के दौरान आबकारी एक्ट के दो फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पिछले दिनों पुलिस ने भारी मात्रा में शराब जब्ती की थी। शराब जब्ती के दौरान राजेश नागेश, दीप पाल पुलिस की आंखों में धूल झोंक फरार हो गए थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को प्रभात टाकीज के पास से गिरफ्तार किया है। इसके अलावा अन्य पांच के खिलाफ पुलिस ने प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है।

### पुलिस ने गुम सौ मोबाइल रिकवर कर लौटाए



**रायपुर।** एंटी साइबर एंड क्राइम यूनिट की टीम ने सौ मोबाइल रिकवर कर मोबाइल के असल मालिकों को बुधवार को लौटाया है। तकनीकी विश्लेषण कर वर्तमान में चला रहे मोबाइल धारक से गुम होने की मोबाइल उसके द्वारा चलाये जाने की जानकारी देकर सायबर सेल में जमा करने कहने पर मोबाइल धारक द्वारा मोबाइल फोन को बंद भी कर दिया जाता था। इस पर टीम के सदस्यों ने उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान, उड़ीसा, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, झारखंड, दिल्ली तथा बिहार पुलिस से संपर्क कर मोबाइल रिकवर किया और मोबाइल के असल मालिकों को लौटाये।

### तलवार से हमला आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** धरसींवा थाना क्षेत्र की सिलतरा चौकी में एक व्यक्ति पर तलवार से जानलेवा हमला करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। धनेली निवासी सनत कुमार निषाद की शिकायत पर पुलिस ने इमरानुद्दीन उर्फ बाबूद्दीन शेख को गिरफ्तार किया है। सनत ने इमरानुद्दीन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी कि 10 दिन पूर्व वह अपने मित्र के साथ गौरा-गौरी चौक के पास बैठा था। इस दौरान इमरानुद्दीन तलवार लेकर आया और बगैर किसी कारण के उस पर हमला कर मौके से फरार हो गया।

### मूंग बड़ा सेंटर में लगी आग

**रायपुर।** आजाद चौक थाना के पास संचालित एक मूंग बड़ा सेंटर में आग लगने से हड़कंप मच गया। आग लगने की घटना बुधवार देर शाम की है। मौके पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस के अनुसार आग लगने की घटना जीई रोड स्थित धीरूभाई मूंग बड़ा सेंटर में हुई थी। जहां आगजनी की घटना हुई थी, उससे सटे और कई चाय नाश्ता के साथ डेली नीड्स की दुकान है। आसपास के लोगों ने दुकान के अंदर से धुंआ उठते देख फायर ब्रिगेड को आग लगने की जानकारी दी।

---

*सरोना में रेल मरम्मत का होगा कार्य, 12 से 27 मार्च तक आवागमन रहेगा पूरी तरह बाधित*

# 16 दिन बंद रहेगा सरस्वती नगर रेलवे फाटक, जीई रोड पहुंचने के लिए हजारों लोगों को लगाना पड़ेगा 2 किमी का चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार



सरस्वती नगर रेलवे फाटक जल्द ही स्थाई रूप से बंद होने वाला है, लेकिन उससे पहले रेलवे द्वारा यहां ट्रैक की मरम्मत की जाएगी। इसके चलते आज 12 मार्च से 16 दिनों तक यह फाटक पूरी तरह से बंद रहेगा। बुधवार को रेलवे द्वारा जारी सूचना में बताया गया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल के अंतर्गत रायपुर-सरोना रेल खंड पर स्थित सरस्वती नगर फाटक (समपार संख्या 832/12-14) की अप लाइन पर अति आवश्यक मरम्मत कार्य किया जाना है। यह काम 12 मार्च की सुबह 10 बजे से शुरू होकर 27 मार्च की रात 10 बजे तक चलेगा। इस दौरान फाटक से वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बाधित रहेगा। इस मार्ग से रोजाना हजारों लोगों की आवाजाही होती है, ऐसे में 16 दिनों तक लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। कोटा क्षेत्र और उससे लगी अनेक कॉलोनियों के रहवासियों को जीई रोड पहुंचने के लिए अब करीब 2 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ेगा।

### मरम्मत के बाद स्थाई रूप से बंद होगा फाटक

*रेलवे प्रशासन जल्द ही इस फाटक को स्थाई रूप से बंद करने की तैयारी में है। हालांकि, इसे पूरी तरह से बंद करने से पहले सुरक्षा और सुविधा से जुड़े सभी जरूरी कार्य पूरे किए जा रहे हैं। फाटक के स्थाई रूप से बंद हो जाने के बाद जहां एक ओर लोगों को जाम से मुक्ति मिलेगी, वहीं रेलवे को ट्रेन परिचालन में आसानी होगी और ट्रेनों की रफ्तार भी प्रभावित नहीं होगी।*

### आमानाका अंडरब्रिज से आ-जा सकेंगे लोग

लोगों की सुविधा के लिए सरस्वती नगर फाटक से आमानाका अंडरब्रिज तक पहुंचने के लिए रेलवे द्वारा 6 मीटर चौड़ी और करीब 600 मीटर लंबी कंक्रीट की सड़क बनाई गई है। लगभग पौने दो करोड़ रुपये की लागत से बनी इस सड़क के जरिए अब लोग आमानाका अंडरब्रिज से आसानी से आ-जा सकेंगे। मुंबई-हावड़ा मुख्य रेल मार्ग पर स्थित सरस्वती नगर फाटक से प्रतिदिन 100 से अधिक ट्रेनें गुजरती हैं। बार-बार फाटक बंद होने के कारण यहां सुबह 10 से 12 बजे और शाम 5 से 9 बजे तक दोनों ओर वाहनों का लंबा जाम लग जाता है। इसमें कई बार स्कूली बसें भी फंस जाती हैं, जिससे बच्चे समय पर स्कूल नहीं पहुंच पाते और दफ्तर जाने वालों को भी देरी होती है।

---

## जलसंकट प्रभावित इलाकों में किराए के टैंकर की दर तय करने आज खुलेगा टेंडर

# मार्च में ही सूख रहा शहर का गला, कई इलाकों में सूखने लगे बोरवेल, अब चाहिए टैंकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में मार्च के महीने के दूसरे सप्ताह से आउटर के कई इलाकों में बोरवेल सूखने से पेयजल की मांग को देखते हुए नगर निगम से पानी के टैंकर भेजने की डिमांड हो रही है। दलदल सिवनी के द्वारिका विहार, दया नगर बस्ती में सार्वजनिक बोरवेल सूख गया है।

- जल विभाग ने किया है ऑनलाइन टेंडर
- गर्मी सीजन में डेढ़ करोड़ पानी टैंकर पर होंगे खर्च

दयानगर में 2 और द्वारिका विहार के 2 बोरवेल ने काम करना बंद कर दिया है। यहां अब टैंकर से जल आपूर्ति की जा रही है। इसी तरह दलदल सिवनी के प्रधानमंत्री आवासीय परिसर 500 में बोरवेल का जलस्तर कम होने से लोगों को पेयजल की समस्या हो रही है। इन प्रभावित इलाकों में चार स्थानों पर नए बोरवेल खनन का प्रस्ताव मुख्यालय को भेजा गया है। इसी तरह नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड के खम्हारडीह बस्ती, एकता चौक, पार्वती नगर में जल संकट गहराया है। इसके साथ ही भक्त कर्मा माता वार्ड के महादेव नगर, करन नगर, शीतला चौक भाठागांव, श्रीरामनगर यादव पारा, बीएसयूपी कालोनी भाठागांव, देव विहार, मीत विहार में बोरवेल का लेवल डाउन होने से लोग परेशान हैं। इधर शहर के बीच स्थित पूर्व महापौर एजाज ढेबर के वार्ड में नेहरूनगर, गांधी नगर, विद्यानगर, लाल गंगा कांप्लेक्स के पास स्थित राजीव आवास कालोनी में पानी की किल्लत शुरू हो गई है।



### किराये पर टैंकर चलाने टेंडर

नगर निगम के जल विभाग ने शहर के पेयजल संकट प्रभावित इलाकों में किराये के पानी टैंकर चलाने ऑनलाइन टेंडर किया है। टेंडर 12 मार्च को खोला जाएगा। सबसे कम दर कोड करने वाली एजेंसी का चयन कर प्रति ट्रिप किराये के टैंकर की दर तय की जाएगी। इस बार शहर में गर्मी के सीजन में पानी टैंकर पर 1.50 करोड़ रुपए खर्च प्रस्तावित है। इसके अलावा शहर के 55 से अधिक इलाकों में बोरवेल खनन कराने टेंडर किया गया है। 20 मार्च को टेंडर खुलने के बाद एजेंसी तय की जाएगी।

### ऐसे हैं हालात

**केस 1**

#### कुशाभाउ ठाकरे वार्ड

जोन 9 के कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड में द्वारिका विहार कालोनी गली नंबर 5 और दया नगर में पेयजल की बड़ी समस्या है। यहां के सार्वजनिक बोरवेल का जलस्तर नीचे चले जाने से लोगों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़र है। लोगों की पेयजल समस्या को देखते हुए वार्ड पार्षद की मांग पर जोन 9 के माध्यम से 4 स्थानों पर नए बोरवेल के ▶▶| शेष पेज 13 पर

**केस 2**

#### भक्त कर्मा माता वार्ड

भाठागांव शीतला चौक, श्रीराम नगर यादव पारा, बीएसयूपी कालोनी भाठागांव, करन नगर बोर्ड के पास, महादेव नगर, देव विहार कालोनी, मीत विहार, साकेत विहार, श्रद्धानंद स्कूल के पास वाला क्षेत्र में बोरेवेल का जल स्तर गिरने से पेयजल की किल्लत से लोग परेशान हैं। वार्ड पार्षद ममता-सोनू तिवारी ने बताया कि जल संकट प्रभावित इलाकों में ▶▶| शेष पेज 13 पर

**केस 3**

#### डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड

रामजानकी मार्ग गणपति नगर, बिहारी मोहल्ला सांस्कृतिक भवन के पीछे, विवेकानंद चौक पुराना चंगोराभाठा क्षेत्र, करन नगर, शीतला मंदिर क्षेत्र में पानी की समस्या को लेकर रहवासी परेशान हैं। रहवासी इलाकों के बोर सूखने लगे हैं। सार्वजनिक बोरवेल के साथ ही लोगों के घरों में लगाए गए बोर से पानी बहुत कम आने से इन इलाकों में नगर ▶▶| शेष पेज 13 पर

**केस 4**

#### डॉ. भीमराव आंबेडकर वार्ड

नगर निगम जोन 9 क्षेत्र स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर वार्ड के दुबे कालोनी मोवा, कांपा बस्ती और मोवा तालाब के पार वाले रहवासी इलाके में पेयजल संकट की समस्या को देखते हुए पानी टैंकर की मांग की गई है। कांपा क्षेत्र और दुबे कालोनी मोवा में 3 जगह के बोरवेल पूरी तरह सूख गए हैं। कुछ इलाके ऐसे हैं जहां पानी का जलस्तर नीचे जाने से लोगों को पानी की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। ▶▶| शेष पेज 13 पर

**केस 5**

#### सिविल लाइन वार्ड

विनोबा भावे नगर, शांति नगर मधु पिल्ले चौक, गांधी उद्यान गार्डन का इलाका और कटोरातालाब के मिनी मरीन ड्राइव क्षेत्र जो कि 3 वार्डो का क्षेत्र माना जाता है, वहां के बोरवेल सूखने से इन इलाकों में पानी की समस्या सामने आई है। वार्ड पार्षद संजना हियात ने नए बोरवेल खनन कराने की मांग करते हुए प्रस्ताव भेजा है। इसके अलावा लाल बहादुर शास्त्री वार्ड के लभांडी बीएसयूपी कालोनी, लभांडी संकल्प ▶▶| शेष पेज 13 पर

---

## बस्तर में कल चल सकती है तेज हवा, शहर के मौसम में बड़ा बदलाव नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मौसम में होने वाले बदलाव की वजह से शुक्रवार को हल्की बारिश के साथ तेज हवा चल सकती है, मगर शहर के मौसम में बड़ा बदलाव होने की उम्मीद नहीं है। पिछले चौबीस घंटे में राजनांदगांव का पारा चढ़कर 40 डिग्री के करीब पहुंच गया वहां रायपुर में आधी डिग्री की कमी के बाद तापमान 38 पर अटक गया। तापमान में आने वाली गिरावट की वजह से राज्य में बढ़ रही गर्मी से थोड़ी राहत मिलने की संभावना है। होली के बाद बढ़ रही गर्मी का तेवर अगले कुछ दिन नरम पड़ने की संभावना है। इसके लिए शुक्रवार को बस्तर में हल्की बारिश के साथ तेज हवा चलने की संभावना है। इसके साथ ही सरगुजा इलाके में भी हल्की बारिश होने का अनुमान है। मौसम में होने वाले बदलाव का असर रायपुर समेत मध्य इलाके में कम होने की संभावना है। बुधवार को राजनांदगांव का तापमान 39.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया वहीं दुर्ग 38.5 और रायपुर का पारा 38 पर सिमटा रहा। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अभी एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण झारखंड और उससे लगे उत्तर छत्तीसगढ़ के ऊपर विस्तारित है।

- नांदगांव में चढ़ा पारा 40 के करीब, रायपुर में गिरावट के बाद पारा 38 पर

---

## सड़क पर ईंट-गिट्टी, गीला-सूखा कचरा में कोताही या अतिक्रमण पर ई चालान, माहभर में 500 केस

- 7 लाख से अधिक राशि की पेनाल्टी वसूली
- स्वास्थ्य की 12 श्रेणियों में लापरवाही पर ई-चालान, नगर निवेश की 4 श्रेणी शामिल

**महीनेभर में इस तरह से भेजे गए ई-चालान**

| सेवाओं की श्रेणी | ई-चालान | पेनाल्टी |
|---|---|---|
| कचरा सेग्रीगेशन में चूक | 63 | 14,000 |
| हॉटल रेस्टारेंट में अपशिष्ट संग्रहण | 1 | 1000 |
| ठोस अपशिष्ट गली, खुले स्थान | 39 | 44,400 |
| **फेंकना, जलाना या गढ़ाना** | | |
| खुले में शौच | 1 | 600 |
| सड़क अवरोध | 303 | 5,51,785 |
| संपत्ति विरूपण | 11 | 33,000 |
| ग्रीन नेट नही लगाया | 25 | 24,500 |
| अतिक्रमण | 33 | 54,750 |
| सीएंडडी वेस्ट | 17 | 44,500 |



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम की 16 श्रेणियों में चूक करना लोगों को अब महंगा पड़ने लगा है। निगम के स्वास्थ्य से जुड़ी 13 और नगर निवेश से जुड़ी 3 श्रेणी की सेवा को इसमें शामिल करते हुए ई-चालान को डिजिटल डोर नंबर प्लेट से कनेक्ट कर ई-चालान भेजा जा रहा है। पिछले एक माह में करीब 500 ई-चालान अलग-अलग श्रेणी की सेवाओं में चूक करने पर भेजी गई और संबंधित उपभोक्ता से ई-चालान की राशि वसूल की गई। इनमें सबसे ज्यादा ई-चालान सड़क अवरोध के हैं, इनकी संख्या 303 दर्ज की गई, जबकि गीला और सूखा कचरा की छंटाई नहीं करने पर 63 लोगों को ई-चालान भेजकर जुर्माना किया गया। यही नहीं, अतिक्रमण करने पर 33 लोगों को ई-चालान भेजा गया। दरअसल, नगर निगम के एप में बनाए गए ई पोर्टल पर आईडी पासवर्ड डालकर सीएंडडी वेस्ट या फिर नाले में फेंके गए कचरे की फोटो खींचकर अपलोड होते ही जुर्माने की रकम स्वचालित रूप से तय होकर आ रही है। इस रकम में किसी ▶▶| शेष पेज 13 पर

### पॉयलट प्रोजेक्ट के रूप में ई-चालान

नगर निगम के प्रापर्टी टैक्स में अभी पेयजल शुल्क के अलावा डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन के एवज में लिया जाने वाला यूजर चार्ज शामिल रहा, जिसकी साल में एक बार एकमुश्त वसूली कर ली जाती है। अब पॉयलट प्रोजेक्ट के रूप में ई-चालान को इसमें जोड़ दिया गया है। इस स्थिति में चालान के रकम को भरने में नागरिक देरी करता है तो सीधे उसके प्रापर्टी टैक्स में जोड़कर वसूली कर ली जाएगी। इस ई-चालान को लोगों के घरों में लगाए गए डिजिटल डोर नंबर प्लेट के साथ कनेक्ट किया गया है।

---

*सुबह मेड चाय देने कमरे में पहुंची तब उसने फांसी पर लटकते देखा*

# एयरफोर्स के विंग कमांडर ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र के पुरैना स्थित विधायक कालोनी में निवासरत एयरफोर्स के विंग कमांडर की खुदकुशी करने का मामला सामने आया है। घटना के समय घर में विंग कमांडर के अलावा उनकी सात साल की बेटी तथा नौ साल का बेटा घर में थे। मृतक के पास से पुलिस को किसी तरह से सुसाइड नोट नहीं मिला है। खुदकुशी के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस को जो प्रारंभिक जानकारी मिली है, उसके मुताबिक विंग कमांडर पारिवारिक कारणों से परेशान थे। मृतक की पत्नी बेंगलुरु में जॉब करती है। वह किसी काम से दिल्ली गई हुई हैं। मृतक मूल रूप से उत्तरप्रदेश, आजमगढ़ का रहने वाला था। ▶▶| शेष पेज 13 पर

- घटना तेलीबांधा थाना क्षेत्र के पुरैना विधायक कालोनी की



### परिजनों के आने के बाद होगा पीएम

विंग कमांडर की खुदकुशी की जानकारी उनके परिजनों को दे दी गई है। गुरुवार को विंग कमांडर के परिजन रायपुर पहुंचेंगे, इसके बाद विंग कमांडर का पोस्टमार्टम किया जाएगा। घटना के समय विंग कमांडर के बच्चे दूसरे कमरे में सो रहे थे। सुबह घर में काम करने आने वाली मेड विंग कमांडर को चाय देने के लिए कमरे के अंदर दाखिल हुई, तो उसने देखा, विंग कमांडर फांसी के फंदे पर लटक रहे हैं। इस ▶▶| शेष पेज 13 पर

---

## अवैध शराब बिक्री पर आबकारी से ज्यादा पुलिस मुस्तैद, 3 वर्ष में ढाई हजार से अधिक प्रकरण किए दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में अवैध शराब बिक्री में आबकारी विभाग से ज्यादा पुलिस मुस्तैदी से निगरानी और कार्रवाई कर रही है। पिछले तीन साल में आबकारी विभाग ने अवैध शराब बिक्री के महज 380 प्रकरण दर्ज किए हैं, वहीं पुलिस प्रशासन ने ढाई हजार से अधिक प्रकरण बनाए हैं। इससे पता चलता है कि अवैध शराब बिक्री पर पुलिस सख्ती से कार्रवाई कर रही है। हालांकि शराब के अवैध निर्माण में एक और भंडारण ▶▶| शेष पेज 13 पर

- आबकारी विभाग ने 380 केस बनाए

### वर्ष 2023 में अवैध शराब बिक्री के सर्वाधिक प्रकरण दर्ज

विभाग से मिले आकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 से लेकर वर्ष 2025 तक आबकारी विभाग और पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री के कुल 2954 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इनमें सबसे अधिक प्रकरण वर्ष 2023 में 1468 प्रकरण दर्ज हुए हैं। इसी प्रकार वर्ष 2024 में 803 तथा वर्ष 2025 में 683 प्रकरण दर्ज हुए है। इन आकड़ों से पता चलता ▶▶| शेष पेज 13 पर

---

## 10 की आखिरी परीक्षा कल, 12वीं का अंतिम पर्चा होगा 18 मार्च को

# 10वीं-12वीं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन 16 से, दो चरणों में होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल दसवीं-बारहवीं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन 16 मार्च से प्रारंभ कर देगा। मंडल द्वारा दो चरणों में उत्तरपुस्तिकाओं की जांच की जाएगी। प्रथम चरण में उन उत्तरपुस्तिकाओं को जांच के लिए भेजा जा रहा है, जिनकी परीक्षाएं प्रारंभ में हो चुकी हैं। दूसरे चरण में उन विषयों की कॉपियां मूल्यांकन के लिए प्रेषित होंगी, जिनके पर्चे अंत में हैं। दसवीं कक्षा की मुख्य विषयों की परीक्षाएं बुधवार अर्थात 11 मार्च को समाप्त हो गई। दिव्यांग छात्रों के लिए आयोजित अंतिम परीक्षा 13 मार्च को को आयोजित होगी। वहीं बारहवीं कक्षा की अंतिम परीक्षा 18 मार्च को आयोजित की जाएगी। इस वर्ष 10वीं कक्षा में 3,20,192 और 12वीं कक्षा में 2,45,710 विद्यार्थी शामिल हुए हैं। पहले चरण में उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन 16 मार्च से प्रारंभ होने के बाद दूसरे चरण का मूल्यांकन 25 मार्च से प्रारंभ किया जाएगा। प्रदेशभर में इसके लिए 36 मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। राजधानी रायपुर में दो केंद्रों में मूल्यांकन होगा। इनमें दानी गर्ल्स स्कूल और जेएन पांडेय विद्यालय शामिल है। 20 हजार से अधिक शिक्षक इन केंद्रों में उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन करेंगे। एक शिक्षक को एक दिन में मूल्यांकन के लिए मात्र 40 उत्तरपुस्तिकाएं ही प्रदान की जाएंगी।

- प्रदेश में बनाए गए 36 मूल्यांकन केंद्र, राजधानी के दो स्कूलों में जंचेंगी कॉपियां



### कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

मूल्यांकन केंद्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रखी जाएगी। प्रत्येक केंद्र में पुलिसकर्मी तैनात रखेंगे। इसके अलावा सभी केंद्रों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। मूल्यांकन केंद्र के भीतर शिक्षकों के लिए मोबाइल ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। कक्ष में प्रवेश के पूर्व मूल्यांकनकर्ताओं की जांच भी होगी। इसके अतिरिक्त उत्तर पुस्तिकाओं में रोल नंबर के हिस्से को स्टीकर से ढंक दिया गया है। इसे मूल्यांकन के बाद प्राप्तांक की टेबुलेशन शीट में एंट्री करते समय खोला जाएगा।

### 7 अप्रैल तक पूर्ण करना होगा मूल्यांकन

*माध्यमिक शिक्षा मंडल ने तीन सप्ताह के भीतर मूल्यांकन कार्य पूर्ण करने लक्ष्य रखा है। 7 अप्रैल तक मूल्यांकन कार्य पूर्ण करने के बाद टेबुलेशन तथा नतीजे जारी करने संबंधित अन्य प्रक्रियाएं पूर्ण की जाएंगी। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, अप्रैल अंत तक परिणाम जारी करने की कोशिश की जा रही है। ऐसा ना हो सकने की स्थिति में मई के प्रथम पखवाड़े में परिणाम जारी कर दिए जाएंगे। गौरतलब है, माशिम द्वारा बीते सत्र से वर्ष में दो बार परीक्षा आयोजित की जा रही है। फरवरी-मार्च की परीक्षा में असफल होने वाले विद्यार्थियों को जुलाई की परीक्षा में दोबारा मौका दिया जाएगा। इस कारण प्रथम परीक्षा के परिणाम शीघ्र जारी करने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि दूसरी परीक्षा नवीन शैक्षणिक सत्र में दाखिले समाप्त होने के पूर्व आयोजित की जा सके।*

**खबर संक्षेप**

### कारखानों के एसिड उत्सर्जन से क्षेत्र में हो रहे जल प्रदूषण

**सिलयारी।** धरसीवा विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनुज शर्मा ने आज विधानसभा सदन में धरसीवा क्षेत्र के जल स्त्रोतों में कारखानों द्वारा किए जा रहे खतरनाक एसिड उत्सर्जन के मुद्दे को गंभीरता से उठाया। विधायक ने इस गंभीर समस्या पर सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए क्षेत्र के निवासियों के स्वास्थ्य और पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों पर चिंता व्यक्त की। विधायक श्रीं शर्मा ने सदन को अवगत कराया कि क्षेत्र की औद्योगिक कारख़ानों द्वारा बिना किसी उपचार के अपशिष्ट पदार्थों को भूमिगत कर दिया जा रहा है साथ ही जल स्त्रोतों में एसिड युक्त अपशिष्ट बहाया जा रहा है, जिससे भूमिगत जल जहरीला हो गया है।

### परीक्षा समय पर संशोधन के लिए सौंपा गया ज्ञापन

**आरंग।** स्थानीय परीक्षा कक्षा 9वी एवं 11वी 2026 के समय में परिवर्तन करने बाबत छत्तीसगढ़ व्याख्याता संघ के प्रांतीय महामंत्री (मुख्यालय-आरंग) एवं छत्तीसगढ कर्म.अधि. फेडरेशन आरंग के संयोजक माणिक लाल मिश्रा ने जिला शिक्षा अधिकारी के नाम ज्ञापन बीईओ आरंग को सौंपा। ज्ञात हो कि जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर द्वारा जारी समय सारणी में इन परीक्षाओं का आयोजन 25 मार्च से समय दोपहर एक बजे से चार बजे के बीच रखा गया है ,अतः मार्च अप्रेल में पड़ने वाली भीषण गर्मी व झुलसाने वाली लू के प्रकोप को ध्यान में रखते उक्त परीक्षाओ का समय सुबह 8से 11 बजे के बीच रखने की मांग की है। जिसे बीईओ आरंग दिनेश शर्मा ने त्वरित संज्ञान में लेते हुवे पत्र उच्च कार्यालय को प्रेषित किया है। इस अवसर प्रांतीय सचिव दिलीप राहंगडाले सहित केशव डहरिया, प्राचार्य विनोद चंद्राकर, शैलेन्द्र शुक्ल, प्रफुल्ल मांझी, अरविंद वैष्णव, नितिन मिश्रा, पी.डी. मानिकपुरी, अनुर त्रिवेन्द्र आदि की उपस्थिति रही।

**निधन**

### घनश्याम गायकवाड़

**आरंग।** ग्राम भानसोज निवासी



घनश्याम गायकवाड़ (50 ) का आकस्मिक निधन हो गया। वे रत्ना गायकवाड़ के पति, मंदीप गायकवाड़, रागिनी गायकवाड़ व मधु गायकवाड़ के पिता थे।

## परीक्षाएं : 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षाएं महत्वपूर्ण, उम्दा परिणाम पर ध्यान दें

# 5वीं-8वीं की केंद्रीयकृत परीक्षाओं के लिए बीईओ ने दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



विकासखंड के प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक स्कूलों में आगामी 5वीं और 8वीं की केंद्रीयकृत परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर 'सृजन सोनकर विद्यालय' के शैक्षिक हॉल में एक महत्वपूर्ण बैठक दो पालियों में संपन्न हुई। इस बैठक में आरंग विकासखंड के 48 संकुलों से केंद्राध्यक्ष, संकुल प्राचार्य और संकुल समन्वयकों ने हिस्सा लिया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने बैठक को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि 5वीं और 8वीं की ये परीक्षाएं 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की तरह ही अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा में शत-प्रतिशत छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, समय पर प्रवेश पत्र जारी कर उनका वितरण किया जाए तथा बैठक व्यवस्था, प्रश्न पत्रों की सुरक्षा, गोपनीयता, पेपर पैकिंग और सील-मुहर की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। परीक्षा के साथ-साथ बीईओ ने प्रशासनिक और तकनीकी कार्यों को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए। इसमें मुख्य रूप से छात्रवृत्ति प्रोग्रेशन की स्थिति, आधार बायोमैट्रिक और एमबीयू अपडेट तथा विद्यार्थियों की अपार आईडी की स्थिति शामिल रही। इन सभी निर्देशों को प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शित कर बारीकी से समझाया गया, ताकि क्रियान्वयन में कोई त्रुटि न हो। बैठक में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुरेंद्र सिंह चंद्रसेन ने स्कूलों में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से स्कूलों के इनएक्टिव (निष्क्रिय) खातों को तत्काल बंद करने और वित्तीय पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी लाखेश्वर रात्रे सहित संकुल प्राचार्यगण, प्रधान पाठकगण एवं सीएसीगण हरीश दीवान, अभिषेक तिवारी, मनोज मुछावर, धनंजय साहू, पोखन साहू, नरेंद्र ठाकुर, उगेश साहू, नूतन मांडले, राजमोहन श्रीवास्तव, गिरिजाशंकर अग्रवाल सहित सभी समन्वयकगण उपस्थित रहे।

## गैस की कालाबाजारी रिफिलिंग के खेल में घरेलू सिलेंडर से चल रहे होटल





**तिल्दा-नेवरा।** शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में इन दिनों घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी और अवैध रिफिलिंग का धंधा जोरों पर है। नियमों को ताक पर रखकर होटल संचालक कमर्शियल के बजाय सस्ते घरेलू सिलेंडरों का धड़ल्ले से इस्तेमाल कर रहे हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि जो कमर्शियल सिलेंडर होटलों में दिखते भी हैं, उनमें भी अवैध रूप से रिफिलिंग कर घरेलू गैस भरी जा रही है। अनुशा जोसेफ ने बताया की इस पूरे खेल में बाहरी गैस एजेंसियों की संलिप्तता और भंडारण के अवैध ठिकानों का बड़ा नेटवर्क सामने आया है। तिल्दा में आधिकारिक तौर पर भारत गैस की एजेंसी कार्यरत है, लेकिन बाजार में एचपी और इण्डेन के घरेलू सिलेंडरों की बाढ़ आई हुई है। जानकारी के अनुसार, सुहेला (बलौदाबाजार) स्थित एचपी गैस ग्रामीण वितरक और हतबंध की इण्डेन एजेंसी के सिलेंडरों को अवैध रूप से तिल्दा लाकर खपाया जा रहा है। तिल्दा कैंप में हरीश बूट हाउस के पीछे स्थित एक ठिकाने पर लगभग 100 सिलेंडरों का अवैध भंडारण और रिफिलिंग का काम चल रहा है।

## जनपद की सामान्य सभा में की गई विकास कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कूंरा

जनपद पंचायत धरसींवा के सभाकक्ष में आयोजित सामान्य सभा की बैठक में क्षेत्र के विकास कार्यों, पंचायतों में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा जनसमस्याओं के निराकरण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम नागरिकों तक प्रभावी रूप से पहुँचाने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता, सड़क, आवास तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही पंचायत स्तर पर संचालित योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं एवं आवश्यकताओं को भी बैठक में प्रमुखता से रखा।

बैठक में यह भी चर्चा की गई कि शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुँचे तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को और अधिक गति दी जाए। इस दौरान पंचाप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के बीच समन्वय बनाकर कार्य करने पर भी जोर दिया गया ताकि क्षेत्र के विकास कार्यों में और अधिक तेजी लाई जा सके।

बैठक में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष केशरवानी, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शाकुंतला दिलेंद्र सेन, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दिनेश खुटे, सांसद प्रतिनिधि अशोक सिन्हा एवं विधायक प्रतिनिधि सुनील शर्मा की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर जनपद पंचायत के सभी सम्मानित सदस्यगण, जनप्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सभी ने मिलकर क्षेत्र के विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए जनहित के मुद्दों पर गंभीरता से कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

## धरसींवा में बुनियादी सुविधा और सुरक्षा के लिए करोड़ों मंजूर

**धरसींवा/सिलयारी।।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के दौरान धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के लिए विकास की एक नई इबारत लिखी गई है। विधायक अनुज शर्मा की सक्रियता और सदन में मजबूती से उठाई गई मांगों के फलस्वरूप क्षेत्र की कानून व्यवस्था और बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए सरकार ने करोड़ों रुपये के कार्यों को हरी झंडी दे दी है।

इस सौगात से न केवल औद्योगिक क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद होगी, बल्कि ग्रामीण इलाकों में जन-सुविधाओं का भी विस्तार होगा। क्षेत्र की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार ने सिलयारी और सिलतरा में पुलिस थानों के नवीन भवनों के निर्माण के लिए 1.10 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। विधायक अनुज शर्मा ने सदन में अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सिलयारी पुलिस चौकी को



थाने में उन्नत करना और आधुनिक भवनों का निर्माण क्षेत्र की जनता की सुरक्षा के लिहाज से एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास का अर्थ केवल निर्माण नहीं, बल्कि आम जन के जीवन को सुगम और सुरक्षित बनाना है। विधायक शर्मा ने केवल वर्तमान स्वीकृतियों पर संतोष नहीं जताया, बल्कि भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी सदन के पटल पर रखे। उन्होंने ग्राम गुमा में नई पुलिस चौकी की स्थापना की मांग की, ताकि ग्रामीण अंचलों में सुरक्षा घेरा और मजबूत हो सके।

## स्किल सेल परीक्षण शिविर से 475 लोग हुए लाभान्वित

**कूंरा।** शासकीय पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय, धरसींवा में 11 मार्च को निःशुल्क स्वास्थ्य एवं सिकल सेल परीक्षण शिविर का आयोजन महाविद्यालय की रेड क्रास इकाई द्वारा किया गया। जिसमें महाविद्यालय के सभी अधिकारी, कर्मचारी, छात्र-छात्राएँ एवं उनके अभिभावक सहित लगभग 475 लाभान्वित हुए। शिविर में शुगर की जांच, ब्लडप्रेशर की जांच, वजन की जांच की गई । कुल 100 छात्र-छात्राओं का सिकल सेल का परीक्षण किया गया जिसमें कुल 5 छात्र -छात्राएं का परीक्षण पाजीटिव था । सिकल सेल संबंधित जागरूकता और उपचार सिकल सेल स्वास्थ्य टीम द्वारा प्रदान किया गया जिसमें वीरेन्द्र साहू (एल. टी.), आशीष कुमार शर्मा, आंकाक्षा, श्रीमती रेणुका साहू, उषा लहरे, पूजा साहू, श्रीमती प्रभा साहू सम्मिलित थे। महाविद्यालय के प्राचार्य कौशल किशोर शर्मा द्वारा शिविर में स्वास्थ्य जाँच करवाकर छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया एवं सभी चिकित्सक एवं टीम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धरसींवा के बी. एम. ओ. डॉ. विकास तिवारी का सहयोग सराहनीय रहा। रेड क्रास प्रभारी डॉ. सुनीता दुबे ने आभार प्रदर्शन करते हुए सभी चिकित्सक एवं टीम के साथ महाविद्यालयीन स्टाफ का स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने में दिये गये योगदान के लिए धन्यवाद दिया।

## मुनगेसर में जिला स्तरीय पशु मेला उत्सव व प्रदर्शनी किया आयोजित

**आरंग।** पशु चिकित्सालय चंदखुरी के अंतर्गत ग्राम मुनगेसर में 10 मार्च को जिला स्तरीय पशु मेला उत्सव एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम रायपुर जिले के संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. शंकर लाल उईके के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत चंदखुरी के अध्यक्ष प्रतीक बैस, पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ललिता कृष्णा वर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। प्रदर्शनी में पशुपालकों ने विभिन्न नस्ल के पशु-पक्षियों का प्रदर्शन किया। पोल्ट्री वर्ग में सोनाली,




वनराजा, आरआईआर व देशी मुर्गी, वहीं बकरी नस्लों में बोअर, बीटल, तोतापरी, सिरोही व अंजोरी नस्ल शामिल रहीं। गौवंश में साहीवाल, गिर, जर्सी, एचएफ नस्ल की गायों तथा बैल जोड़ी का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण दुम्बा नस्ल की भेड़ रही, जिसका प्रदेश में पहली बार प्रदर्शन किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट पशुपालकों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। गाय वर्ग में कुमार यादव प्रथम, राजेश वर्मा द्वितीय व शोभा राम यादव तृतीय रहे। बकरी वर्ग में शकील खान प्रथम तथा निहाल गोट फार्म द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि सांड वर्ग में संजय यादव को प्रथम पुरस्कार मिला। गौ सेवक गणेश वर्मा ने बताया कि इस आयोजन से पशुपालकों को उन्नत नस्लों की जानकारी मिलने के साथ पशुपालन के प्रति जागरूकता बढ़ी।

पत्र क्र./27104/न.पा.नि./जोन क्र.-8/ 2026, रायपुर, दिनांक 10/03/2026

**//इश्तिहार//**

**नामंतरण प्र.क्र. 27104**

**वार्ड का नाम- 20 रामकृष्ण परमहंस वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 20 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR802C00087 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती VIDYA URKUDE पिता/पति श्री/श्रीमती LT. MADHUKAR URKUDE के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती HIMANSHU JAIN पिता/पति श्री/श्रीमती RAKESH JAIN ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**जोन कमिश्नर - जोन (8)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

कार्यालय राजस्व निरीक्षक, रायपुर-16
तहसील व जिला -रायपुर

**सीमांकन सूचना**

दिनांक 10/03/2026

**प्रति,**

1. जानकीदेवी जौ. भुवनलाल साहू पता- रायपुर 2. लोकेश साहू पिता भुवन लाल साहू पता-रायपुर 3. कृष्णकांत यदु पिता हीरालाल यदु पता- परसुलीडीह

**विषय**-आवेदक/आवेदिका मोहनलाल आहुजा पिता किशनचंद आहुजा निवासी द्वारा आवेदित ग्राम परसुलीडीह प.ह.नं. 23 रा.नि.मं. रायपुर-16 स्थित भूमि खसरा नंबर 46/19, 59/23 क्षेत्रफल क्रमशः 0.1420, 0.0870 हेक्टेयर के सीमांकन/बटांकन में उपस्थित होने के संबंध में।

**संदर्भ**- न्यायालय अति./नायब तहसीलदार धरसीवां के सीमांकन आदेश/ज्ञापन क्र....वा/अति./ना. तह./ 2025 धरसीवां दिनांक 23/06/2025 के संदर्भ में।

उपरोक्त विषयांकित भूमि का सीमांकन न्यायालय अति./ना. तहसीलदार धरसीवां के संदर्भित ज्ञापन के परिपालन में दिनांक 18/03/2026 को पूर्वान्ह/अपरान्ह 11 बजे से मेरे द्वारा हल्का पटवारी के सहयोग से किये जाने हेतु नियत है।

क्योंकि आप उक्त खसरा नंबर की भूमि संलग्न भूमि धारक/बटांकनधारी है। अतः उल्लेखित नियत दिनांक को पटवारी हल्का नंबर 23 के बरौदा स्थित कार्यालय में स्वयं या अपने अभिभाषक/वैद्य अभिकर्ता के माध्यम से अपनी भूमि के स्वत्व संबंधी आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर दस्तावेज के अनुरूप आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

सूचनोपरांत अनुपस्थिति की स्थिति में भी सीमांकन कार्य किया जावेगा एवं पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगा। अतः सूचना जानें।

**पटवारी**
**प.ह.नं. 23**
**रा.नि.मं. रायपुर- सारागांव**

न्यायालयः द्वितीय अति. प्रधान न्यायाधीश,
कुटुम्ब न्यायालय रायपुर (छ.ग.)
(पीठासीन अधिकारी- डी.एन.भगत)

प्रो.क्र.- 446, प्र.क्र.-15/26
पे.ता. 10.04.2026, धारा 13 हि.वि.अ.

आवेदक/ आवेदिका **राकेश कुमार वर्मा**

**बनाम**

अनावेदक / अनावेदिका **गीता वर्मा**

**प्रति,**

**अनावेदक/ अनावेदिका :-गीता वर्मा**

**निवासी पता**: उम्र 35 वर्ष, पिता श्री प्रभुलाल जंघेल, मूल निवासी- जय महाकाल पूजन सामान सामाग्री स्टोर, शिव मंदिर के समीप, लोधी पारा, गुढ़ियारी रायपुर तह. व जिला-रायपुर छ.ग.

उपरोक्त आवेदक/आवेदिका ने आपके विरूद्ध एक आवेदन पत्र के अंतर्गत धारा **13 हि.वि.अ.** का प्रकरण प्रस्तुत किया है।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक **10.04.2026** को दिन **11:00** बजे इस न्यायालय के समक्ष व्यक्तिगत रूप से (स्वयं) उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करे। यदि आप अपने पक्ष में कोई लिखित तथ्य/ दस्तावेज प्रस्तुत करना चाहे तो वह भी उपरोक्त दिनांक **10.04.2026** को प्रस्तुत कर सकते है।

यदि उपरोक्त दिनांक को सार्वजनिक **अवकाश** घोषित हो जाता है अथवा किसी **कारणवश** न्यायालय की कार्यवाही स्थगित हो जाती है तो अगले कार्यालयीन कार्यदिवस पर प्रकरण की सुनवाई की जावेगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज तारीख **02** माह **03** सन् **2026** को जारी किया गया।

स्थान-रायपुर दिनांक 02.03.2026

**डी.एन.भगत**
मुहर **द्वितीय अति. प्रधान न्यायाधीश**
**कुटुम्ब न्यायालय रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

**अंतर्गत धारा 72 भारतीय भागीदारी अधिसूचना 1932**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भागीदारी फर्म मेसर्स प्रयास, जिसमें प्रथम भागीदार अमल चौबे पिता स्व. श्री रामानंद चौबे निवासी शिव मंदिर के पास सेल्स टेक्स कालोनी खम्हारडीह शंकर नगर रायपुर, द्वितीय भागीदार श्रीमती शबनम चौबे पिता श्री कुलभूषण बजाज निवासी शिव मंदिर के पास सेल्स टेक्स कालोनी खम्हारडीह शंकरनगर रायपुर है तथा उपरोक्त फर्म दिनांक 14/09/2005 से प्रभावशील है, अब दिनांक 01/04/2025 से नये तृतीय भागीदार प्रयास क्लासिक क्रियेशन प्रा. लि. रहेंगे। अतः यह जानकारी सर्व साधारण के सूचनार्थ हेतु आम सूचना के रुप में प्रकाशित है।

**मेसर्स प्रयास**
**फॉर- प्रयास पार्टनर**

// उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की प्राप्ति हेतु //
(आदेश-5, नियम-20 एवं 151 व्यवहार प्रक्रिया संहिता)

न्यायालयः-कुमारी खिलेश्वरी सिन्हा षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, रायपुर छ.ग.

उत्तराधिकार प्र.क्र.- 67/2026 प्रो.क्र. 253/26
पेशी तारीख 10.04.2026

आकाश खुटे ....आवेदक

बनाम

ई.एस.ए.एफ. व अन्य ......अनावेदकगण

**प्रति,**

**आम जनता जिसका इस केस से संबंध हो**

जो कि आवेदक की मृतक बहन स्व. लक्ष्मी बघेल के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु इस न्यायालय में पेशी 10.04.2026 को दिन प्रातः 11 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए समंस किया जाता है ।

आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसके सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करें जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है ।

अतः आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा ।

**नोटः**- यदि किसी कारणवश आगामी पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा ।

यह आज तारीख 07.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर से अधिकरण की मुद्रा लगा कर दिया गया है ।

रायपुर छ.ग.

दिनांक 07.03.2026 **(कुमारी खिलेश्वरी सिन्हा)**
मुहर **षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश**
**वरिष्ठ श्रेणी रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-16 सारागांव तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**//आम सूचना//**

जारी दिनांक 20/02/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद अश्फाक पिता/पति शेख वाजुद्दीन निवासी पंडरी रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम पटवारी हल्का नंबर 14 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-16 सारागांव में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 330/6, 352/2, 352/4, 354/2, 371/2, 368/1 रकबा 0.028, 0.024, 0.203, 0.081, 0.0400, 0.0810 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय नायब/अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा के आदेश क्रमांक 121/वाचक/ना.तह./2026 दिनांक 21/01/2026 के परिपालन में दिनांक 13/03/2026 को समय 12 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 14 के ग्राम बरबंदा में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैद्य अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पशचात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है। **राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर 16 (सारागांव)**

**आम-सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार पूर्वाश साहू पिता श्री राजकुमार साहू, निवासी-मोती नगर, बोरियाखुर्द, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. ने विक्रेता अमीता ठाकुर पिता श्री भरत सिंह ठाकुर, निवासी-फेस - 1, वालफोर्ट पैराडाईज, कान्दुल, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. भूमि स्वामी स्वामितत्व आधिपत्य की परिवर्तित भूमि ग्राम - कान्दुल, प.ह.नं. - 00083, वालफोर्ट सिटी, फेस -01, भूखण्ड क्रमांक-121 खसरा नंबर 15004/27 रकबा 1500 वर्गफुट भूमि पर पक्का मकान बना है उक्त भूमि पर निर्मित मकान को मेरे पक्षकार द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है। अग्रिम बयाना राशि अदा कर दिया गया है उक्त संपत्ति का बैनामा पंजीयन किया जाना शेष है ।

अतः उक्त भूमि / संपत्ति के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, व्यक्तियों, बैंक, संस्था, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय विभाग को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अपनी लिखित उजर दावा या आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज के इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे समक्ष प्रस्तुत करें, आम सूचना का खण्डन मात्र आपत्ति के रूप में स्वीकार नहीं होगा। बाद म्याद मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त का पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा एवं तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी भी नहीं होगा ।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 11.03.2026

**राजकुमार साहू (अधिवक्ता)**
**पता- यश विहार, मोती नगर**
**रायपुर (छ.ग.)**
**मो. 9826188654, 7987100716**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर - 09, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

**जारी दिनांकः- 10/03/2026**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम जोरा प.ह.नं. 66 रा.नि.मं.-09 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि के संबंध में आवेदक श्री/आवेदिका श्रीमती जसमीत कौर पिता रघुवीर सिंग निवासी रायपुर द्वारा धारित भूमि खसरा नंबर 107/180, रकबा 0.0930 हे. के सीमांकन हेतु आवेदन माननीय न्यायालय नायब / अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय नायब / अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के न्यायालयीन आदेश दिनांक 18/02/2026 के परिपालन में आवेदित की भूमि के सीमांकन हेतु स्थल निरीक्षण मेरे द्वारा दिनांक 18/03/2026 को 02:00 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतएव उक्त खसरा नंबर के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों, व्यक्ति, संस्था तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि आप नियत दिनांक के पूर्व पटवारी कार्यालय में अथवा ऊपर उल्लेखित दिनांक को आवेदित स्थल में अपनी भूमि के दस्तावेज सहित उपस्थित होवें और दस्तावेज के अनुरूप दावा-आपत्ति समक्ष प्रस्तुत करें। इसके उपरांत किसी दावा / आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा।

सो सूचना जानें ।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर- 09 (तेलीबांधा)**

## गौ भागवत कथा में गोवर्धन पूजा और माखन चोरी लीला की महिमा सुनाई

**कूंरा।** ग्राम पंचायत कुकेरा के पावन धरा पर आयोजित आठ दिवसीय /"श्रीमद् गौ भागवत कथा/" के पांचवें दिन श्रद्धालुओं का भारी हुजूम उमड़ा। श्रीराम गौ सेवा संगठन एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में आयोजित इस कथा में प्रख्यात कथावाचक महाराज श्री सुरभि दास जी ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और गौ सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला।



गौ चारण और माखन चोरी लीला का आनंद कथा के दौरान महाराज श्री ने भगवान कृष्ण की मनमोहक 'माखन चोरी' और 'रास लीला' का वर्णन करते हुए बताया कि प्रभु ने गौ माता के रक्षण के लिए ही अवतार लिया था। जब कान्हा अपनी सखा मंडली के साथ गौ चारण (गायें चराने) के लिए जाते थे, तो वह केवल मनोरंजन नहीं बल्कि जीव मात्र के प्रति प्रेम का संदेश था। माखन चोरी की लीला के माध्यम से उन्होंने यह सिखाया कि प्रेम पर सबका समान अधिकार है।

गोवर्धन पूजा और गौ माता का सम्मान भक्तिमय माहौल के बीच 'गोवर्धन पूजा' का उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कथा स्थल पर गोवर्धन पर्वत की झांकी सजाई गई और छप्पन भोग अर्पित किए गए। महाराज श्री ने जोर देकर कहाः /"गौ माता केवल एक पशु नहीं, बल्कि साक्षात राष्ट्रमाता हैं। गोवर्धन पूजा हमें प्रकृति और गौ धन के संरक्षण की प्रेरणा देती है। यदि हम गौ माता को सम्मान देंगे, तो समस्त देवी-देवता स्वतः ही प्रसन्न हो जाएंगे।/"

गौ सम्मान आव्हान अभियान इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य 'गौ सम्मान आव्हान अभियान' का प्रचार-प्रसार करना है। आयोजन समिति ने बताया कि क्षेत्र में गौ सेवा के प्रति जागरूकता लाने के लिए यह विशेष प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में धरसीवां क्षेत्र के आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में गौभक्त उपस्थित रहे।



## तिल्दा नेवरा में शीतलाष्टमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**तिल्दा नेवरा।** में बुधवार को शीतलाष्टमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने शीतला माता के मंदिरों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और ठंडे पकवानों का भोग लगाया। तड़के 3 बजे से ही शीतला माता मंदिरों में पूजा के लिए महिलाओं की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। महिलाएं समूह में गीत गाते हुए संकट मोचन हनुमान मंदिर और शीतला माता मंदिरों में पहुंचीं। महिलाओं ने शीतला माता का जल से अभिषेक किया। उन्होंने रोली-मोली सहित अन्य पूजा सामग्री से विधि-विधान से पूजन किया और ठंडे पकवानों का भोग अर्पित किया। शीतला माता मंदिर के बाहर पत्थवारी पूजन भी किया गया, जहां शीतला माता की कहानी कही गई। इसके बाद महिलाओं ने अपने बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। महिलाओं ने होलीठाण और घास बावजी पर भी जल चढ़ाकर पूजा-अर्चना की।

जिसे स्थानीय भाषा में बासोड़ा भी कहा जाता है। यह लोक पर्व चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। शीतला अष्टमी का पर्व स्वास्थ्य, स्वच्छता और आध्यात्मिक शांति का संदेश देता है। श्रद्धालु महिलाएं परिवार की सुख-शांति की कामना के साथ माता की पूजा करती हैं।






# जर्जर पुल-पुलियों की मरम्मत नहीं, आसंदी ने कहा काम नहीं कर पा रहे ठेकेदार को ब्लैकलिस्टेड करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

विधानसभा के बजट सत्र के दौरान भाजपा विधायक विक्रम उसेंडी ने कांकेर जिले के जर्जर पुल-पुलियों की मरम्मत का मुद्दा उठाया। लोक निर्माण मंत्री के जवाब पर आसंदी ने कहा, काम नहीं कर पा रहे ठेकेदारों को ब्लैकलिस्टेड करें।



प्रश्नकाल में कांग्रेस विधायक विक्रम उसेंडी ने कांकेर जिले अंतर्गत जर्जर पुल पुलियों के निर्माण की स्वीकृति का मुद्दा उठाते हुए सवाल किया कि निर्माण कब तक होगा? क्योंकि पुलिया काफी संकरी हैं और अब डेमेज हो गई हैं, रेलिंग भी नहीं लगी हुई है। क्या इसकी वजह से दुर्घटनाएं घटित हुई हैं? हां तो किस तरीके की व्यवस्था की गई है? उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा,

## भाजपा विधायक विक्रम उसेंडी ने उठाया मामला




कांकेर जिले से भानुप्रतापपुर पखांजूर की ओर जाने वाली सड़क काफी महत्वपूर्ण है। यह सही है कि आज की अवधि तक यह कार्य पूरा करना चाहिए था, जो कि अनुबंधक के चले जाने की वजह से नहीं हो पाया है। अब तक 134 में से 114 पुल-पुलियों का काम किया गया है, लेकिन जो अनुबंध में शामिल था, उसका निर्माण नहीं किया गया है। मामला उच्च न्यायालय में लंबित है।

### दो पुल पर हो रहा काम

उन्होंने बताया कि 11 पुल-पुलिए संकरे हैं, लेकिन विभाग ने उसे ठीक करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की हैं। सड़कों की स्वीकृति के लिए क्षेत्रीय अधिकारी को पत्र भी लिखा है। मंत्री ने निर्माण की घोषणा की है, बजट में शामिल है। एक पुल का काम अप्रैल तक पूरा हो जाएगा। दूसरे के कार्य में भी हम लगे हुए हैं। हम चाहते हैं कि यह निर्माण कार्य जल्द हो जाए। इस पर विधायक विक्रम उसेंडी ने सवाल किया कि क्या अभी तक कोई दुर्घटना नहीं हुई है? इस पर अरुण साव ने कहा, दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, लेकिन विभाग उसके लिए कार्य कर रहा है। अब तक दुर्घटना हुई नहीं है। अनुबंधक चला गया है, इसलिए निर्माण नहीं हुआ। शासकीय स्वीकृति की प्रक्रिया चल रही है।

### गलत जानकारी दे रहे अफसर

विधायक ने कहा, 77/2 जो सड़क है, वहां 5 दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। 30 अप्रैल, 11 नवंबर, दिसम्बर, इस तरह से 5 घटनाएं हैं। लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन विभाग के उत्तर में कुछ भी नहीं हुआ है, यह कहना यह गलत जानकारी है। इस पर आसंदी ने कहा, जो भी जानकारी है, वो आप उपलब्ध करा दीजिए। इस पर विधायक ने कहा कि स्थल पर दुर्घटना हुई है, इन्हें स्वीकार तो करना चाहिए। मैं यह पूरी जानकारी पटल पर रखना चाहता हूं। इस पर आसंदी ने कहा, जो ठेकेदार कार्य नहीं कर पा रहे उन्हें ब्लैक लिस्टेड करना चाहिए। मंत्री अरुण साव ने कहा, थाने से दुर्घटना होने की जानकारी नहीं आई है, लेकिन मैं आपकी बात को स्वीकार करता हूं। मैंने शुरू से स्वीकार किया है कि महत्वपूर्ण रोड है, इसकी मरम्मत के लिए हम लगातार प्रयास कर रहे हैं।

# किसानों, गरीब और कमजोर वर्ग के लिए मील का पत्थर है 1.72 लाख करोड़ का 'संकल्प' बजट

कृषि विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा करते हुए कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि राज्य का 1.7 लाख करोड़ का 'संकल्प' बजट किसानों, गरीब और कमजोर वर्ग के लिए मील का पत्थर है। आमजनों के मेहनत से छत्तीसगढ़ प्रगतिशील हो चुका है। पहले यहां सब्जी, गेहूं, दाल जैसी वस्तुओं का आयात किया जाता है। अब हम दूसरे राज्यों की जरूरतों को पूरा कर रहे हैं। मत्स्य उत्पादन में छत्तीसगढ़ देश में पांचवे स्थान पर है।



अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान पक्ष और विपक्ष के विधायकों के सुझाव और मांगों पर चर्चा करते हुए कृषि मंत्री रामविचार नेताम कहा कि हमे आशावादी होना चाहिए छत्तीसगढ़ 72 से 80 फीसदी कृषि आधारित बजट है। दस हजार करोड़ की कृषक उन्नति योजना और कृषि पंपों की निःशुल्क बिजली इसे प्रगतिशील होने का इशारा करता है। उन्होंने कहा कि कोई भी संकल्प एक या दो साल में पूरा नहीं होता इसके लिए हमे दो-चार बार इधर (सत्ता पक्ष) बैठना होगा। कृषि मंत्री ने कहा कि ग्रामीण और कृषि विकास को ध्यान में रखते हुए बस्तर और सरगुजा में एग्रो-प्रोसेसिंग, पोल्ट्री और बकरी पालन के लिए 100 करोड़ का निवेश अनुदान दिया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए बकरी पालन, सुकर पालन एवं मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहित करने के लिए 15 करोड़ का प्रावधान किया गया है। शिक्षा स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है।

### केंद्रांश प्राप्त करने की प्रक्रिया तेज होगी

आदिम जाति एवं पिछड़ा वर्ग विकास विभाग की चर्चा के दौरान विपक्षी विधायकों के सवाल के जवाब में रामविचार नेताम ने बताया छात्रवृति वितरण में हो रही दिक्कत को दूर करने के लिए केंद्र से मिलने वाले राशि प्राप्त करने के लिए प्रक्रिया तेज की जाएगी। उन्होंने कहा राज्य सरकार जनजातीय गौरव और संस्कृति संवर्धन के लिए विशेष प्रशिक्षण और अनुसंधान कार्यों के लिए बजट का आवंटन किया गया है। दूरस्थ अंचलों में संचालित छात्रावासों के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए अतिरिक्त राशि का प्रावधान किया गया है।

### विभाग की कार्यक्षमता बढ़ाने ऐताहासिक निर्णय

रामविचार नेताम ने बताया कि कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए प्रशासकीय स्वीकृति की सीमा को 3 करोड़ से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपये करने के निर्णय को ऐतिहासिक बताया, जिससे विकास कार्यों में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत राज्य के अतिरिक्त अनुदान हेतु 400 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के घरों को लाभ मिलेगा।

## नए सत्र से आत्मानंद स्कूल में प्री नर्सरी कक्षाएं नहीं

रायपुर। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं में शामिल रहे आत्मानंद स्कूलों को लेकर मौजूदा सरकार के फैसले से विपक्ष दल भड़क उठा है। कांग्रेस ने प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, बीजेपी नहीं चाहती कि गरीब के बच्चों को स्तरीय शिक्षा मिल सके। विधानसभा के बजट सत्र में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रश्नकाल में स्कूलों में चल रही प्री-नर्सरी कक्षाओं को लेकर सरकार से जानकारी मांगी। इसके जवाब में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा, नए सत्र से आत्मानंद स्कूल में प्री नर्सरी कक्षाएं नहीं चलेंगी। साथ ही अगले सत्र से इन कक्षाओं में बच्चों का एडमिशन भी नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि डीएमएफ का प्रावधान बदलने से प्री प्राइमरी के टीचर भी हटाए जा सकते हैं।



## आयुष्मान कार्ड के मुद्दे पर घिरे स्वास्थ्य मंत्री, विपक्ष और सत्ता पक्ष के विधायकों ने उठाए सवाल






छत्तीसगढ़ में आयुष्मान कार्ड का बड़े अस्पतालों में सुविधा का लाभ नहीं मिलने जैसे मुद्दे पर स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल सदन में घिर गए। विपक्ष की विधायक कविता प्राण लहरे के साथ सत्ता पक्ष के वरिष्ठ विधायकों ने मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल का इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया। ध्यानाकर्षण में कविता प्राण लहरे ने कहा, निजी अस्पतालों में आयुष्मान योजना का लाभ सही तरीके से हितग्राहियों को नहीं मिल रहा है। यही नहीं योजना में गंभीर बीमारियों का इलाज नहीं हो रहा है। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर, धर्मजीत सिंह और अमर अग्रवाल ने कहा, यह जनहित से जुड़ा हुआ बहुत संवेदनशील मामला है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वपूर्ण योजना है। योजना में किसी भी तरह की कोई कोताही नहीं होनी चाहिए। योजना का लाभ पूर्णतया कार्डधारियों को मिलना चाहिए। स्वास्थ्य मंत्री को इस पर घोषणा करनी चाहिए। आसंदी ने भी निर्देशित करते हुए कहा कि इस पर मंत्री को जल्द से जल्द निर्णय लेना चाहिए।

### सत्ता पक्ष के विधायकों ने घेरा

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, इस पर घोषणा की आवश्यकता नहीं है, इसके लिए नियम-निर्देश की आवश्यकता पड़ती है। स्वास्थ्य मंत्री के जवाब पर सत्ता पक्ष के विधायक अजय चंद्राकर भड़क गए और उन्होंने कहा, निजी अस्पतालों को लेकर सरकार कोई घोषणा नहीं कर सकती, तो इसके नियम क्या है? इसे टेबल किया जाना चाहिए। धर्मजीत सिंह और अमर अग्रवाल ने भी कहा, मंत्री घोषणा क्यों करते सकते? उन्हें किस नियम-निर्देश की आवश्यकता बताना चाहिए। सुशांत शुक्ला ने कहा, अपोलो अस्पताल बिलासपुर में आयुष्मान योजना को लेकर मैं सात बार पत्र स्वास्थ्य विभाग को लिख चुका हूँ। स्वास्थ्य विभाग गंभीर ही नहीं है।

### एक सप्ताह में लेंगे निर्णय

आसंदी ने फिर कहा कि पक्ष और विपक्षी के सभी विधायक, जिन्होंने भाग लिया हो या नहीं, सभी इसके बेहतर क्रियान्वयन को लेकर चिंतित हैं। स्वास्थ्य मंत्री भी सक्षम हैं. इस पर निर्णय अवश्य लेंगे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, सभी सदस्यों ने इस महत्वपूर्ण योजना पर ध्यान आकृष्ट कराया है। आगामी एक सप्ताह में विभागीय समीक्षा कराकर अधिक से अधिक अस्पतालों में इसका लाभ मिले यह निर्णय लेंगे।

# भाजपा विधायक को जान से मारने की धमकी, विपक्ष ने किया सदन का बहिष्कार

**विधायक सेन ने कहा- सरकार ने दे दी पूरी जानकारी, कांग्रेस राजनीति न करे**

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के आठवें दिन शून्यकाल में विपक्षी सदस्यों ने सत्ता पक्ष के विधायक रिकेश सेन को मिली जान से मारने की धमकी का मुद्दा उठाया। आसंदी के व्यवस्था देने से इनकार करने पर विपक्ष ने सदन की कार्यवाही का बहिष्कार किया।

शून्यकाल में भाजपा विधायक रिकेश सेन को मिली जान से मारने की धमकी का मुद्दा उठाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मैंने कल ही सदन इस पर गृहमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया था। मामले में अभी तक सरकार की ओर से वक्तव्य नहीं आया है।



कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने इस मामले में आसंदी से व्यवस्था देने की मांग की। विपक्षी विधायकों ने कहा, यह गंभीर मामला है। सरकार या विधायक रिकेश सेन का जवाब आना चाहिए। आसंदी ने व्यवस्था देने से इनकार करते हुए कहा, सरकार के ध्यान में बात आ गई है, व्यक्तव्य की जरूरत नहीं है। भूपेश बघेल ने इस पर कहा, जब तक जवाब नहीं आता, विपक्ष कार्यवाही में भाग नहीं लेगा।

### मेरी सुरक्षा को लेकर सरकार चिंतिंत : सेन



मामले में भाजपा विधायक रिकेश सेन ने जवाब देते हुए कहा, बिना सही जानकारी बहिष्कार करना सही नहीं। मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं, मेरी सुरक्षा को लेकर सरकार चिंतित है। मैंने अपनी सुरक्षा को लेकर पूरी जानकारी सरकार को और संसदीय कार्यमंत्री को दे दी है, इसलिए इसे लेकर राजनीति करना ठीक नहीं है।

# ईंधन संकट की सूचनाओं के बीच सरकार का दावा- घरेलू गैस, पेट्रोल, डीजल की कोई कमी नहीं

- खाद्य सचिव की आयल कंपनियों के साथ बैठक
- निजी क्षेत्र से 15 प्रतिशत सप्लाई होटल वालों को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में इस समय घरेलू गैस, कमर्शियल सिलेंडरों की कमी की शिकायतें तेजी से बढ़ रही हैं। हालांकि इसी बीच खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने सभी ऑयल कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक कर राज्य में घरेलू एलपीजी गैस तथा डीजल-पेट्रोल की उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। सरकार का दावा है कि राज्य में फिलहाल ईंधन की कोई कमी नहीं है। कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति बढ़ाने के लिए निजी क्षेत्र की कंपनियों की 15 प्रतिशत सप्लाई होटल, रेस्टोरेंट को करने का आदेश जारी किया जाएगा। बैठक में जानकारी दी गई कि राज्य में संचालित सभी 5 एलपीजी



बॉटलिंग प्लांटों में एलपीजी गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और घरेलू गैस की आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है। इस अवसर पर संचालक खाद्य एवं ऑयल कंपनी के अधिकारियों को राज्य में एलपीजी गैस की दैनिक आपूर्ति और वितरण व्यवस्था पर नियमित निगरानी रखने के निर्देश दिए गए, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### कमर्शियल सिलेंडर की जरूरी जगह पर सप्लाई

बैठक में ऑयल कंपनी के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि कमर्शियल एलपीजी सिलेण्डर वर्तमान में केवल विशेष अत्यावश्यक संस्थाओं, जैसे अस्पतालों एवं शैक्षणिक संस्थाओं को ही सप्लाई किए जा रहे हैं। इस पर खाद्य सचिव रीना कंगाले ने निर्देशित किया कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों की परीक्षाएँ चल रही हैं, इसलिए शैक्षणिक संस्थाओं एवं छात्रावासों को गैस सिलेण्डर की आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए।

### निजी क्षेत्र से 15 प्रतिशत सप्लाई होटलों को

बैठक के दौरान सचिव रीना कंगाले ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों के आधार पर 15 प्रतिशत कमर्शियल सप्लाई होटलों आदि को भी दिए जाने पर विचार किया जाए, ताकि आवश्यक सेवाओं से जुड़े प्रतिष्ठानों को भी सीमित स्तर पर आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इसके साथ ही जिलों में एलपीजी गैस के दुरुपयोग तथा अवैध गैस रिफिलिंग की रोकथाम के लिए भी कड़े निर्देश दिए गए। इस संबंध में जिला प्रशासन को आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता या कालाबाजारी को रोका जा सके।

## चंदन कुमार को एससीआर के एसीईओ का प्रभार

रायपुर। राज्य शासन ने दो आईएएस अधिकारियों के प्रभार में बदलाव किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार वर्ष 2011 बैच के आईएएस अधिकारी चंदन कुमार को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

## 17 को कांग्रेस करेगी विधानसभा का घेराव

रायपुर। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने बताया कि 12 मार्च को भाजपा दफ्तर घेराव कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर अब 17 मार्च को विधानसभा घेराव करने का निर्णय लिया गया है। अफीम खेती, नशे के कारोबार के खिलाफ कांग्रेस का आंदोलन जारी रहेगा।

# खटिक, पांडे से प्रभार लेकर लोकेश, बागड़े को दिए

**निगम आयुक्त विश्वदीप ने अपर आयुक्तों के मध्य किया कार्य विभाजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगर निगम में जल बोर्ड के गठन और कुछ वरिष्ठ इंजीनियरों के सेवानिवृत्त होने के बाद रायपुर नगरनिगम में अपर आयुक्तों के मध्य कार्य विभाजन किया गया है।

नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने बुधवार को आदेश जारी कर प्रशासनिक व्यवस्था के तहत अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक अपर आयुक्त लोकेश्वर साहू को नगर उत्थान योजना, योजना शाखा, नालंदा परिसर योजना, पीएम आवास योजना, जल प्रदाय, अमृत मिशन, फिल्टर प्लांट, सामान्य प्रशासन विभाग, निर्वाचन एवं जनगणना कार्य प्रथम अपीलीय अधिकारी, सूचना का आधिकार, जाति प्रमाणपत्र शाखा, आईएसबीटी, रायपुर जिला अर्बन पब्लिक सर्विस सोसायटी के अपर आयुक्त का प्रभार सौंपा है। प्रभारी अपर आयुक्त कृष्णा खटिक को पीएम आवास योजना, जल प्रदाय, अमृत मिशन , फिल्टर प्लांट के प्रभार से मुक्त कर दिया है। इसी तरह प्रभारी अपर आयुक्त विनोद पांडे को नगर उत्थान योजना, योजना शाखा, नालंदा परिसर योजना, प्रथम अपीलीय अधिकारी, सूचना अधिकार, आईएसबीटी, रायपुर जिला अर्बन पब्लिक सोसायटी के प्रभार से मुक्त कर दिया है।

# राष्ट्रपति मुर्मू के अपमान पर मुख्यमंत्री साय ने लिखा ममता बनर्जी को कड़ा पत्र, कहा- देश और समाज से क्षमा मांगें

**आदिवासी समाज और मातृशक्ति का अपमान देश नहीं करेगा स्वीकार : मुख्यमंत्री**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को कड़ा पत्र लिखकर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ हाल ही में हुए व्यवहार पर गहरी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा, जनजातीय समाज से आने वाली देश की प्रथम महिला राष्ट्रपति के साथ किया गया यह व्यवहार केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि देश की सर्वोच्च संवैधानिक संस्था, आदिवासी समाज और मातृशक्ति का अपमान है। मुख्यमंत्री ने ममता बनर्जी से आग्रह किया है कि वे इस विषय पर देश और समाज से क्षमा मांगते हुए अपनी भूल स्वीकार करें तथा भविष्य में लोकतांत्रिक संस्थाओं और संवैधानिक पदों के प्रति सम्मान बनाए रखने के लिए देश को आश्वस्त करें।

मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में कहा, भारत की लोकतांत्रिक परंपराएं और शिष्टाचार पूरी दुनिया में सम्मानित रहे हैं। मतभेद को कभी भी मनभेद में न बदलने की हमारी संस्कृति रही है, लेकिन राष्ट्रपति जैसे सर्वोच्च संवैधानिक पद के प्रति न्यूनतम शिष्टाचार का भी पालन न किया जाना लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से ठीक पहले एक जनजातीय समाज से आने वाली महिला राष्ट्रपति के प्रवास के दौरान कार्यक्रम से जुड़ी व्यवस्थाओं में लापरवाही और उनका अपमान किया




जाना अत्यंत निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह घटना देश के करोड़ों आदिवासियों, पिछड़ों, दलितों और मातृशक्ति की भावनाओं को गहराई से आहत करने वाली है।

### संदेशखाली की घटनाओं ने पूरे देश को झकझोर दिया

मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में यह भी कहा, यह पहली बार हुआ है जब किसी राज्य सरकार के व्यवहार को लेकर स्वयं राष्ट्रपति को अपनी पीड़ा सार्वजनिक करनी पड़ी है। उन्होंने कहा, यह स्थिति देश के लोकतांत्रिक इतिहास में अत्यंत चिंताजनक है और इससे पश्चिम बंगाल जैसे प्रतिष्ठित राज्य की छवि को भी ठेस पहुंची है। अपने पत्र में संदेशखाली की घटना का भी उल्लेख करते हुए कहा, वहां भी जनजातीय समाज की महिलाओं के साथ हुई घटनाओं ने पूरे देश को झकझोर दिया था। उन्होंने कहा, वंचित और जनजातीय समाज के साथ इस प्रकार का व्यवहार किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है।

### राष्ट्रपति का सम्मान लोकतंत्र की गरिमा से जुड़ा

मुख्यमंत्री ने कहा, भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में राष्ट्रपति देश की सर्वोच्च संवैधानिक संस्था का प्रतीक हैं और उनके सम्मान से ही लोकतंत्र की गरिमा से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा, किसी भी राजनीतिक मतभेद से ऊपर उठकर संवैधानिक पदों का सम्मान किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा, जनजातीय समाज से आने वाली राष्ट्रपति के सम्मान से जुड़ा यह विषय पूरे देश की अस्मिता और स्वाभिमान से जुड़ा हुआ है, इसलिए देश और समाज की भावनाओं का सम्मान करते हुए इस प्रकरण में जिम्मेदारी के साथ कदम उठाए जाना आवश्यक है।

पत्र क्र./27104/न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026, रायपुर, दिनांक 10/03/2026

**//इश्तिहार//**

**नामांतरण प्र.क्र. 27104**

**वार्ड का नाम- 20 रामकृष्ण परमहंस वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 20 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR802C00087 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती VIDYA URKUDE पिता/पति श्री/श्रीमती LT. MADHUKAR URKUDE के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती HIMANSHU JAIN पिता/पति श्री/श्रीमती RAKESH JAIN ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**जोन कमिश्नर - जोन (8)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

कार्यालय राजस्व निरीक्षक, रायपुर-16
तहसील व जिला -रायपुर

**सीमांकन सूचना**

दिनांक 10/03/2026

प्रति,
1. जानकीदेवी जौ. भुवनलाल साहू पता- रायपुर 2. लोकेश साहू पिता भुवन लाल साहू पता-रायपुर 3. कृष्णकांत यदु पिता हीरालाल यदु पता- परसुलीडीह

**विषय**-आवेदक/आवेदिका मोहनलाल आहुजा पिता किशनचंद आहुजा निवासी द्वारा आवेदित ग्राम परसुलीडीह प.ह.नं. 23 रा.नि.मं. रायपुर-16 स्थित भूमि खसरा नंबर 46/19, 59/23 क्षेत्रफल क्रमशः 0.1420, 0.0870 हेक्टेयर के सीमांकन/बटांकन में उपस्थित होने के संबंध में।

**संदर्भ**- न्यायालय अति./नायब तहसीलदार धरसीवां के सीमांकन आदेश/ज्ञापन क्र....वा/अति./ना. तह./ 2025 धरसीवां दिनांक 23/06/2025 के संदर्भ में।

उपरोक्त विषयांकित भूमि का सीमांकन न्यायालय अति./ना. तहसीलदार धरसीवां के संदर्भित ज्ञापन के परिपालन में दिनांक 18/03/2026 को पूर्वान्ह/अपरान्ह 11 बजे से मेरे द्वारा हल्का पटवारी के सहयोग से किये जाने हेतु नियत है।

क्योंकि आप उक्त खसरा नंबर की भूमि संलग्न भूमि धारक/बटांकनधारी है। अतः उल्लेखित नियत दिनांक को पटवारी हल्का नंबर 23 के बरौदा स्थित कार्यालय में स्वयं या अपने अभिभाषक/वैद्य अभिकर्ता के माध्यम से अपनी भूमि के स्वत्व संबंधी आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर दस्तावेज के अनुरूप आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

सूचनोपरांत अनुपस्थिति की स्थिति में भी सीमांकन कार्य किया जावेगा एवं पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगा। अतः सूचना जानें।

**पटवारी**
**प.ह.नं. 23**
**रा.नि.मं. रायपुर- सारागांव**

**न्यायालयः द्वितीय अति. प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय रायपुर (छ.ग.)**
**(पीठासीन अधिकारी- डी.एन.भगत)**

**प्रो.क्र.- 446, प्र.क्र.-15/26**
**पे.ता. 10.04.2026, धारा 13 हि.वि.अ.**

आवेदक/ आवेदिका **राकेश कुमार वर्मा**

**बनाम**

अनावेदक / अनावेदिका **गीता वर्मा**

**प्रति,**

**अनावेदक/ अनावेदिका :-गीता वर्मा**

**निवासी पताः** उम्र 35 वर्ष, पिता श्री प्रभुलाल जंघेल, मूल निवासी- जय महाकाल पूजन सामान सामाग्री स्टोर, शिव मंदिर के समीप, लोधी पारा, गुढ़ियारी रायपुर तह. व जिला-रायपुर छ.ग.

उपरोक्त आवेदक/आवेदिका ने आपके विरूद्ध एक आवेदन पत्र के अंतर्गत धारा **13 हि.वि.अ.** का प्रकरण प्रस्तुत किया है।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक **10.04.2026** को दिन **11:00** बजे इस न्यायालय के समक्ष व्यक्तिगत रूप से (स्वयं) उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करे। यदि आप अपने पक्ष में कोई लिखित तथ्य/ दस्तावेज प्रस्तुत करना चाहे तो वह भी उपरोक्त दिनांक **10.04.2026** को प्रस्तुत कर सकते है।

यदि उपरोक्त दिनांक को सार्वजनिक **अवकाश** घोषित हो जाता है अथवा किसी **कारणवश** न्यायालय की कार्यवाही स्थगित हो जाती है तो अगले कार्यालयीन कार्यदिवस पर प्रकरण की सुनवाई की जावेगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज तारीख **02** माह **03** सन् **2026** को जारी किया गया।

स्थान-रायपुर दिनांक 02.03.2026

मुहर

**डी.एन.भगत**
**द्वितीय अति. प्रधान न्यायाधीश**
**कुटुम्ब न्यायालय रायपुर (छ.ग.)**

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर - 09,
तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

जारी दिनांकः- 10/03/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम जोरा प.ह.नं. 66 रा.नि.मं.-09 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि के संबंध में आवेदक श्री/आवेदिका श्रीमती जसमीत कौर पिता रघुवीर सिंग निवासी रायपुर द्वारा धारित भूमि खसरा नंबर 107/180, रकबा 0.0930 हे. के सीमांकन हेतु आवेदन माननीय न्यायालय नायब / अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय नायब / अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के न्यायालयीन आदेश दिनांक 18/02/2026 के परिपालन में आवेदित की भूमि के सीमांकन हेतु स्थल निरीक्षण मेरे द्वारा दिनांक 18/03/2026 को 02:00 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतएव उक्त खसरा नंबर के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों, व्यक्ति, संस्था तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि आप नियत दिनांक के पूर्व पटवारी कार्यालय में अथवा ऊपर उल्लेखित दिनांक को आवेदित स्थल में अपनी भूमि के दस्तावेज सहित उपस्थित होवें और दस्तावेज के अनुरूप दावा-आपत्ति समक्ष प्रस्तुत करें। इसके उपरांत किसी दावा / आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा।

सो सूचना जानें ।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर- 09 (तेलीबांधा)**

// उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की प्राप्ति हेतु //
(आदेश-5, नियम-20 एवं 151 व्यवहार प्रक्रिया संहिता)
न्यायालयः-कुमारी खिलेश्वरी सिन्हा षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, रायपुर छ.ग.
उत्तराधिकार प्र.क्र.- 67/2026 प्रो.क्र. 253/26
पेशी तारीख 10.04.2026
आकाश खुटे ....आवेदक
बनाम
ई.एस.ए.एफ. व अन्य ......अनावेदकगण

**प्रति,**

**आम जनता जिसका इस केस से संबंध हो**

जो कि आवेदक की मृतक बहन स्व. लक्ष्मी बघेल के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु इस न्यायालय में पेशी 10.04.2026 को दिन प्रातः 11 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए समंस किया जाता है ।

आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसके सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करें जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है ।

अतः आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेंगा ।

**नोटः**- यदि किसी कारणवश आगामी पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा ।

यह आज तारीख 07.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर से अधिकरण की मुद्रा लगा कर दिया गया है ।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 07.03.2026 **(कुमारी खिलेश्वरी सिन्हा)**
मुहर **षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश**
**वरिष्ठ श्रेणी रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-16 सारागांव तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**//आम सूचना//**

जारी दिनांक 20/02/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद अश्फाक पिता/पति शेख वाजुद्दीन निवासी पंडरी रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम पटवारी हल्का नंबर 14 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-16 सारागांव में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 330/6, 352/2, 352/4, 354/2, 371/2, 368/1 रकबा 0.028, 0.024, 0.203, 0.081, 0.0400, 0.0810 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय नायब/अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा के आदेश क्रमांक 121/वाचक/ना.तह./2026 दिनांक 21/01/2026 के परिपालन में दिनांक 13/03/2026 को समय 12 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 14 के ग्राम बरबंदा में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैद्य अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पशचात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर 16 (सारागांव)**

**आम-सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार पूर्वाश साहू पिता श्री राजकुमार साहू, निवासी-मोती नगर, बोरियाखुर्द, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. ने विक्रेता अमीता ठाकुर पिता श्री भरत सिंह ठाकुर, निवासी-फेस - 1, वालफोर्ट पैराडाईज, कान्दुल, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. भूमि स्वामी स्वामितत्व आधिपत्य की परिवर्तित भूमि ग्राम - कान्दुल, प.ह.नं. - 00083, वालफोर्ट सिटी, फेस -01, भूखण्ड क्रमांक-121 खसरा नंबर 15004/27 रकबा 1500 वर्गफुट भूमि पर पक्का मकान बना है उक्त भूमि पर निर्मित मकान को मेरे पक्षकार द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है। अग्रिम बयाना राशि अदा कर दिया गया है उक्त संपत्ति का बैनामा पंजीयन किया जाना शेष है ।

अतः उक्त भूमि / संपत्ति के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, व्यक्तियों, बैंक, संस्था, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय विभाग को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अपनी लिखित उजर दावा या आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज के इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे समक्ष प्रस्तुत करें, आम सूचना का खण्डन मात्र आपत्ति के रूप में स्वीकार नहीं होगा। बाद म्याद मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त का पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा एवं तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी भी नहीं होगा ।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 11.03.2026

**राजकुमार साहू (अधिवक्ता)**
**पता- यश विहार, मोती नगर**
**रायपुर (छ.ग.)**
**मो. 9826188654, 7987100716**

**आम सूचना**

**अंतर्गत धारा 72 भारतीय भागीदारी अधिसूचना 1932**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भागीदारी फर्म मेसर्स प्रयास, जिसमें प्रथम भागीदार अमल चौबे पिता स्व. श्री रामानंद चौबे निवासी शिव मंदिर के पास सेल्स टेक्स कालोनी खम्हारडीह शंकर नगर रायपुर, द्वितीय भागीदार श्रीमती शबनम चौबे पिता श्री कुलभूषण बजाज निवासी शिव मंदिर के पास सेल्स टेक्स कालोनी खम्हारडीह शंकरनगर रायपुर है तथा उपरोक्त फर्म दिनांक 14/09/2005 से प्रभावशील है, अब दिनांक 01/04/2025 से नये तृतीय भागीदार प्रयास क्लासिक क्रियेशन प्रा. लि. रहेंगे। अतः यह जानकारी सर्व साधारण के सूचनार्थ हेतु आम सूचना के रुप में प्रकाशित है।

**मेसर्स प्रयास**
**फार- प्रयास पार्टनर**







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र मंडल का महिला दिवस 14 को, 20 नर्सें होंगी सम्मानित

**रायपुर।** संत ज्ञानेश्वर सभागृह में 14 मार्च को महाराष्ट्र मंडल अपना महिला दिवस भव्य पैमाने पर आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शाम 3:30 बजे प्रारंभ होगा। यह कार्यक्रम चौबे कॉलोनी, रोहिणीपुरम, सुंदर नगर और डंगनिया महिला केंद्रों की ओर से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में संजीवनी और वीवाय अस्पतालों के 20 नर्सों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पद्मश्री फुलबासन बाई यादव होंगी। चौबे कॉलोनी केंद्र की संयोजिका अक्षता पंडित, रोहिणीपुर की साधना बरिहट, डंगनिया की अनुभा जाऊलकर, सुंदर नगर केंद्र की संयोजिका स्मिता टेंबे ने बताया कि देश की प्रेरणास्पद महिला व्यक्तित्व को नाटिका के रूप में चौबे कॉलोनी महिला केंद्र प्रस्तुत करेगा।

## निधन

### पवन कुमार ताम्रकार



**रायपुर।** दुर्ग निवासी पवन कुमार ताम्रकार का 9 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। वे कृष्ण कुमार ताम्रकार के पुत्र और दुर्गेश देवी ताम्रकार के पति एवं मुस्कान, महक के पिता थे।

### डा. एम. सुधीश



**रायपुर।** शांति नगर निवासी डा. एम. सुधीश (57) का 9 मार्च को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 12 मार्च को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे छत्तीसगढ़ शासन के शिक्षा विभाग में समग्र शिक्षा के सहायक संचालक थे।

# गर्मी में तपने लगे स्लीपर कोच, अब एसी में सफर को लेकर बढ़ी मारामारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गर्मी के मौसम में ट्रेनों का सफर अब आसान नहीं रह गया है। मार्च की शुरुआती गर्मी में ही ट्रेनों के स्लीपर कोच तपने लगे हैं। दोपहर में चलने वाली गर्म हवा के कारण स्लीपर में सफर करने वाले यात्रियों का बुरा हाल है। यही वजह है कि गर्मी से बचने के लिए यात्री अब ज्यादा किराया देकर भी एसी कोच में सफर करना चाह रहे हैं। लंबी हो या कम दूरी, यात्रियों की पहली पसंद एसी कोच ही बन गए हैं।

खास खबर

मांग को देखते हुए रेलवे को ट्रेनों में एसी के अतिरिक्त कोच लगाने पड़ रहे हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली गाड़ी संख्या 18237/18238 कोरबा-अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-03 कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई गई है।थर्ड एसी में कंफर्म टिकट को लेकर भारी मारामारी है। जानकारी के मुताबिक, मार्च महीने में ही एसी में सफर करने वालों की संख्या 50 प्रतिशत तक बढ़ गई है। आलम यह है कि कई ट्रेनों में स्लीपर की तरह एसी में वेटिंग है।

### कम दूरी के लिए भी मिल रही वेटिंग

दोपहर के वक्त तेजी से गर्म हवाएं चलती हैं। आम दिनों में कम दूरी के सफर के लिए एसी टिकट आसानी से मिल जाता है, लेकिन अब यह भी मुश्किल हो गया है। रायपुर से बिलासपुर, नागपुर, गोंदिया और झारसुगुड़ा जाने के लिए भी यात्रियों को वेटिंग टिकट मिल रही है। गर्मी के कारण कई बार स्लीपर के यात्री सफर के दौरान ही टीटीई से टिकट अपग्रेड करवाकर एसी कोच में आ जाते हैं।



- मार्च के बाद अब अप्रैल और मई के लिए एसी की सीटें तेजी से हो रहीं फुल
- मांग बढ़ने से छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-03 कोच की सुविधा

### लंबी दूरी की ट्रेनों में बढ़ी मांग

गर्मी बढ़ने के साथ ही लंबी दूरी की ट्रेनों के एसी कोच में वेटिंग 60 के पार पहुंचने लगी है। दुरंतो, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, वास्को-डि-गामा (गोवा) एक्सप्रेस, हावड़ा-लोकमान्य तिलक, पुरी एक्सप्रेस, हावड़ा-अहमदाबाद, गरीब रथ, संपर्क क्रांति, समता और सारनाथ एक्सप्रेस में अप्रैल और मई महीने के लिए एसी की सीटें फुल हो चुकी हैं और वेटिंग 50 से 70 तक पहुंच गई है। सप्ताह में तीन दिन चलने वाली गोवा एक्सप्रेस में थर्ड और सेकंड एसी की भारी मांग है। इस ट्रेन में केरल, जयपुर के लिए अप्रैल, मई के लिए स्लीपर में जगह है, लेकिन इकोनामी और 3 एसी कोच 70 प्रतिशत फुल हैं। वहीं, दुरंतो एक्सप्रेस के सभी एसी कोचों में वेटिंग 40 के बीच चल रही है। छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में एक महीने पहले से एसी के टिकट बुक हो रही हैं।

### कोरबा और अंबिकापुर एक्सप्रेस भी फुल

रायपुर से कोरबा जाने वाली हसदेव एक्सप्रेस में भी एसी कोच की मांग तेजी से बढ़ी है। स्थिति को देखते हुए रेलवे को इसमें भी अतिरिक्त कोच लगाने पड़ सकते हैं। फिलहाल इस ट्रेन में स्लीपर और एसी में वेटिंग एक सामान है। प्रदेश के भीतर सफर करने के लिए भी लोग अब एसी को ही प्राथमिकता दे रहे हैं। उधर, अंबिकापुर एक्सप्रेस में थर्ड एसी फुल चल रहा है। 18 अप्रैल में स्लीपर में 140 सीट बची है, वही 3 एसी में केवल 40 बची है। हालात ऐसे हैं कि यात्रियों को एसी में सफर करने के लिए सप्ताह भर पहले टिकट खरीदना पड़ रहा है। तत्काल कोटे में भी कंफर्म टिकट मिलना मुश्किल हो गया है।

## पाराद्वीप में एलपीजी से खेप आने में लग सकता है एक सप्ताह का समय

# सीमित मात्रा में रसोई गैस देने के बाद सर्वर डाउन का हवाला देकर एलपीजी देने से बच रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग-अलग कंपनी के एलपीजी गैस एजेंसी संचालक अपने ग्राहकों को सीमित मात्रा में एलपीजी देने के बाद सर्वर डाउन होने का हवाला देकर ग्राहकों को बैरंग लौटा रहे हैं। एजेंसियों से वैसे शाम पांच बजे तक ग्राहकों को एलपीजी देने का नियम है, हालत खराब होने की वजह से दोपहर 12 के बाद एलपीजी आपूर्ति करने से बचने सर्वर डाउन होने का हवाला दे रहे हैं। इसके चलते उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

हरिभूमि सरोकार

एलपीजी की होम डिलीवरी का भी विकल्प है, कई गैस एजेंसी के संचालकों ने रसोई गैस की किल्लत के कारण होम डिलीवरी पर अस्थायी तौर पर रोक लगा दी है। इस वजह से ऑन लाइन गैस बुक करने के बाद तीन से चार दिन एलपीजी आने का इंतजार कर रहे उपभोक्ता घर में एलपीजी नहीं पहुंचने पर गैस सिलेंडर लेकर एजेंसी पहुंच रहे हैं। एजेंसी पहुंचने पर उपभोक्ताओं को सर्वर डाउन होने की बात कह कर घंटों बैठा दिया जा रहा है। देर तक सर्वर डाउन रहने की वजह से थक हार कर उपभोक्ता खाली सिलेंडर लेकर बैरंग लौटने विवश हो रहे हैं।

### कई गैस एजेंसियों ने होम डिलीवरी पर रोक लगाई

#### सिलेंडर देने केवायसी का पेंच फंसा रहे

उपभोक्ताओं को एलपीजी देने से बचने गैस एजेंसी के संचालक कई तरह के पेंच फंसा रहे हैं। अलग-अलग गैस एजेंसी के संचालकों ने अपने 30 से 40 प्रतिशत उपभोक्ताओं को गैस कार्ड में आधार कार्ड लिंक नहीं होने की बात कह कर एलपीजी देने से बच रहे। इसके लिए एजेंसी वाले अपने ग्राहकों को गैस कार्ड का आधार से लिंक कराने केवाईसी कराने कह रहे हैं। गैस एजेंसी के बाहर केवायसी कराने वालों की लंबी कतारें लग रही हैं। केवायसी कराने के दौरान भी सर्वर डाउन होने की बात कह कर जो केवायसी 15 सेंकड में हो जाता है, उसके लिए तीन से पांच मिनट का समय ले रहे हैं।



*स्थिति नहीं सुधरने पर बढ़ सकती है परेशानी*

*स्थिति में सुधार नहीं होने की स्थिति में लोगों को मुसीबत का सामना करना पड़ सकता है। रसोई गैस की किल्लत के कारण लोग ऊर्जा के वैकल्पिक उपाय करने की सोच रहे हैं। भोजना पकाने शहरी क्षेत्र में लोग ऊर्जा का वैकल्पिक उपाय इंडक्सन चूल्हा को प्राथमिकता दे रहे हैं।*

#### खेप आने में लग सकता है एक सप्ताह का समय

एक एलपीजी कंपनी के जिम्मेदार ने नाम न छापने की शर्त पर बताया है कि सभी कंपनियों के पास सीमित मात्रा में एलपीजी गैस उपलब्ध है। इसीलिए अलग-अलग एलपीजी कंपनी अपने ग्राहकों को सीमित मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध करा रही हैं। सूत्रों के मुताबिक छत्तीसगढ़ कोटे का ओडिशा पाराद्वीप से एलपीजी की खेप आने में एक सप्ताह का समय लग सकता है। सूत्रों के मुताबिक छत्तीसगढ़ का जो निर्धारित कोटा है, उसे पाराद्वीप से छत्तीसगढ़ पहुंचने में एक सप्ताह का समय लग सकता है। सूत्रों के मुताबिक तय कोटा में 30 प्रतिशत से ज्यादा की कटौती कर दी गई है।

#### केस 01

*अमलीडीह निवासी गृहणी श्वेता ने एक सप्ताह पूर्व होली के दूसरे दिन इंडेन कंपनी से एलपीजी सिलेंडर बुक किया था। गृहणी के मोबाइल में डीएसी नंबर भी जनरेट होकर आ गया। एक सप्ताह बाद भी गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी नहीं हुई, तो उसने संबंधित एजेंसी संचालक से मंगलवार को संपर्क किया। ऐजेंसी संचालक के कर्मी ने महिला को केवायसी कराने के बाद गैस सिलेंडर हाथों हाथ देने की बात कही। गृहणी ने संबंधित एजेंसी में केवायसी कराने के बाद गैस सिलेंडर देने की बात कही, तो एजेंसी कर्मी ने गृहणी को सर्वर डाउन होने की वजह से गैस सिलेंडर देने में असमर्थता व्यक्त की।*

#### केस 02

*पेशे से कारोबारी दिनेश रामचंदानी ने पांच दिन पूर्व शैलेंद्र नगर स्थित एक गैस एजेंसी से घर के लिए रसोई गैस बुक किया था। रसोई गैस की डिलीवरी नहीं होने पर उसने एजेंसी को कॉल किया तो एजेंसी संचालक ने कारोबारी को एजेंसी से आकर रसोई गैस ले जाने कहा। कारोबारी सिलेंडर लेकर एजेंसी पहुंचा, तो उसे वहां पता चला कि सवर्इर डाउन है। इस वजह से उसे रसोई गैस नहीं मिलेगी।*

# उचित मूल्य दुकान में चावल की हेराफेरी, एपीएल कोटे का 8 क्विंटल चावल गायब मिला



- खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा के औचक निरीक्षण में हेराफेरी का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने बुधवार को राजिम क्षेत्र की कुछ उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान एक दुकान में कई अनियमितता पाई गईं। इस दुकान में जहां 127 क्विंटल चावल की कमी पाई गई, वहीं स्टॉक का मिलान करने पर एपीएल कोटे का 8 क्विंटल 70 किलोग्राम चावल गायब मिला। इसके अलावा भी दुकान में पंजी उपलब्ध नहीं मिली तथा टोल फ्री नंबर का प्रदर्शन किया नहीं मिला। छत्तीसगढ़ खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने नगर पालिका राजिम में श्रीराजीव लोचन महिला स्वसहायता समूह द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान आईडी 511012004 का औचक निरीक्षण किया। संदीप शर्मा ने बताया कि इस दौरान दुकान में कई अनियमितताएं पाई गईं। दुकान में न ही हितग्राहियों को वितरण खाद्यान्न की रजिस्टर में एंट्री की जा रही थी और न ही टोल फ्री नंबर का प्रदर्शन किया था। यही नहीं, दुकान में 127 क्विंटल चावल की कमी भी पाई गई। इसके अलावा दुकान में स्टॉक का मिलान करने पर एपीएल कोटे का 8 क्विंटल 70 किलोग्राम चावल गायब था, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 5 लाख 45 हजार रुपये आंकी गई है। उन्होंने बताया कि इस मामले में संबंधित खाद्य अधिकारी को प्रकरण दर्ज कर तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

#### जांच प्रतिवेदन के आधार पर एसडीएम करेंगे कार्रवाई

शासकीय उचित मूल्य की दुकान में खाद्य आयोग के अध्यक्ष के निरीक्षण में अनियमितताएं पाई गई हैं। इस मामले में जांच प्रतिवेदन के आधार पर दुकान के विरुद्ध एसडीएम कार्रवाई करेंगे।

- अरविंद दुबे, खाद्य नियंत्रक, गरियाबंद

### चोरी की नीयत से घर में घुसा, युवती पर चाकू से हमला



- टिकरापारा थाना क्षेत्र की घटना

**रायपुर।** टिकरापारा थाना में एक युवती ने अपने पड़ोस में रहने वाले एक युवक के खिलाफ चोरी करने की नीयत से घर में घुसने तथा पकड़े जाने पर उस पर चाकू से हमला करने के साथ आंख में मिर्च पावडर डाल कर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना बुधवार दोपहर की है। नंदी चौक निवासी मनीषा यादव ने आदित्य उर्फ आदी मानिकपुरी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। मनीषा ने पुलिस को बताया है कि नशे की हालत में आदी घर के किचन के अंदर प्रवेश कर गया। बर्तन गिरने से मनीषा जाग गई। किचन में मनीषा को आता देख आदी ने मिर्च पावडर डाल कर भागने की कोशिश की। इस दौरान युवती के शोर मचाने पर आदी ने घर के किचन के अंदर रखे चाकू से मनीषा को मारने की कोशिश की। बचने की कोशिश करने के दौरान युवती का हाथ कट गया। इस दौरान बदमाश युवक युवती के चेहरे पर मुक्का से वार कर मौके से फरार हो गया। पुलिस अपराध दर्ज कर आरोपी युवक की पतासाजी कर रही है।


## बिजनेस साइट

### हिअरजॅप का निशुल्क बहरापन जांच एवं परामर्श शिविर 14 मार्च तक



**रायपुर।** सुनने की समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए राहत भरी पहल करते हुए हिअरजॅप (हियरिंग केयर सेंटर) द्वारा 10 मार्च से 14 मार्च तक निशुल्क बहरापन जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया है। आयोजकों के अनुसार यह शिविर सुबह 10:00 बजे से शाम 7:30 बजे तक आयोजित होगा। इस दौरान आने वाले लोगों के कानों की जांच, सुनने की क्षमता का परीक्षण तथा आवश्यक चिकित्सा परामर्श दिया जाएगा। शिविर में श्रवण यंत्र पर विशेष छूट, स्पीच थेरेपी और कोक्लियर इम्प्लांट से संबंधित परामर्श की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। यह शिविर रायपुर के कचहरी चौक, बैरन बाजार और शंकर नगर सहित प्रदेश के अन्य शहरों अंबिकापुर, भिलाई, बिलासपुर, धमतरी, जगदलपुर, कोरबा और सारंगढ़ में भी आयोजित किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इस सुविधा का लाभ मिल सके।


### महिला दिवस पर लॉयन्स क्लब शिखर ने किया शिखर सम्मान




**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लॉयन्स क्लब शिखर द्वारा वृंदावन हॉल में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि माया सेठिया, विशिष्ट अतिथि प्रज्ञा त्रिवेदी और विशेष अतिथि कृष्णा अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। स्वागत नृत्य सृष्टि पाठक ने प्रस्तुत किया, जिसके बाद अतिथियों का अभिनंदन क्लब अध्यक्ष उषा शर्मा, कार्यक्रम प्रभारी ज्योति अग्रवाल, सचिव कंचन पुसदकर और कोषाध्यक्ष लक्ष्मी गुप्ता द्वारा पौधे, श्रीफल और मोती माला भेंट कर किया गया। क्लब की चार्टर प्रेसिडेंट सरोज पांडे ने बताया कि क्लब वर्षभर विभिन्न सेवागत गतिविधियों और सम्मान समारोहों का आयोजन करता है। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 25 महिलाओं को शिखर सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन लॉयन चंद्रकांता ओसवाल और सोनाली शर्मा ने किया। अंत में स्मृति चिन्ह और आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन हाई टी के साथ हुआ।

# स्कूलों को करना होगा ई-प्लेटफॉर्म पर मौजूद वीडियो का प्रयोग, इसके जरिए सुधारा जाएगा छात्रों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




- कक्षा में डिजिटल कंटेंट के माध्यम से छात्रों को दी जाएगी शिक्षा
- टीचिंग मेथड, क्लासरूम मैनेजमेंट और विषय आधारित टॉपिक हैं शामिल

सेंट्रल बोर्ड ऑफ़ सेकेंडरी एजूकेशन ने अपने से जुड़े स्कूलों को क्लासरूम टीचिंग में डिजिटल कंटेंट का ज्यादा इस्तेमाल करने के लिए बढ़ावा दिया है। बोर्ड ने स्कूलों से कहा है कि वे ई-विद्या प्लेटफॉर्म पर मौजूद टीवी चैनल और ई-वीडियो लेसन का नियमित रूप से इस्तेमाल करें। बोर्ड के मुताबिक, केंद्र सरकार का ई-विद्या प्लेटफॉर्म करिकुलम से जुड़े रिकॉर्डेड लेसन देता है, जिन्हें स्टूडेंट अपनी स्पीड से दोबारा देख सकते हैं। इन लेसन का इस्तेमाल सप्लीमेंट्री एकेडमिक सपोर्ट, सब्जेक्ट एनरिचमेंट और टीचर ट्रेनिंग के लिए भी किया जा सकता है। बोर्ड की तरफ से जारी एक ऑर्डर में खास तौर पर ई-विद्या में सीबीएसई के 15 टीवी चैनल के इस्तेमाल पर जोर दिया गया है। यह चैनल 2024 में 200 डीटीएच एजूकेशनल टीवी चैनल लॉन्च करने की पहल का हिस्सा है, जिसका मकसद एजूकेशनल रिसोर्स तक पहुंच बढ़ाना है। सीबीएसई के मुताबिक, इन चैनलों में करिकुलम से जुड़े प्रोग्राम होते हैं, जिनमें टीचिंग मेथड, क्लासरूम मैनेजमेंट, असेसमेंट मेथड और सब्जेक्ट-स्पेसिफिक लर्निंग से जुड़े टॉपिक शामिल होते हैं।

#### गुणवत्ता बढ़ाने प्रयोग

इसका मकसद क्वालिटी एजूकेशनल रिसोर्स तक सभी की बराबर पहुंच सुनिश्चित करना है, खासकर उन स्टूडेंट के लिए जिन्हें डिजिटल टूल्स तक पहुंचने में ज्योग्राफिकल या सोशियो-इकोनॉमिक रुकावटों का सामना करना पड़ता है। वर्तमान में इन चैनलों और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर 67 एजूकेशनल ई-वीडियो उपलब्ध कराए गए हैं। इनमें ग्रेड 9 के लिए रियल नंबर्स और कोऑर्डिनेट ज्योमेट्री जैसे सब्जेक्ट्स के लेसन के साथ-साथ आर्ट-इंटीग्रेटेड लर्निंग, टीचिंग में स्टोरीटेलिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को समझना, मैथमेटिक्स टीचिंग प्लानिंग, कोऑपरेटिव लर्निंग और यूनिवर्सल डिजाइन ऑफ लर्निंग जैसे मॉड्यूल शामिल हैं। न्यू एजुकेशन पॉलिसी 2020 और साइंस, मैथमेटिक्स और सोशल साइंस पढ़ाने की स्ट्रेटेजी पर भी सेशन उपलब्ध हैं।

#### प्राचार्य प्रदान करेंगे सुविधा

बोर्ड द्वारा जारी आदेश में शिक्षकों को सलाह दी गई है कि वे इन वीडियो को लेसन प्लान और क्लासरूम एक्टिविटीज में शामिल करें, जबकि स्टूडेंट्स इनका इस्तेमाल कॉन्सेप्ट्स को समझने और सेल्फ-स्टडी के लिए कर सकते हैं। स्कूल प्रिंसिपल्स को भी जरूरी टेक्निकल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप करने और स्टूडेंट्स और टीचर्स तक कंटेंट पहुंचाने के लिए कहा गया है। हालांकि कुछ स्कूलों का कहना है कि यह पहल डिजिटल और स्किल-बेस्ड लर्निंग को मजबूत कर सकती है, लेकिन सीमित टेक्नोलॉजिकल रिसोर्स वाले स्कूलों को इंफ्रास्ट्रक्चर और टीचर ट्रेनिंग से जुड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

# मच्छरों पर काबू पाने में निगम फेल महापौर मीनल ने जताई नाराजगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- हरेक वार्ड में सुबह 4 घंटे चलेगा एंटी लार्वा अभियान
- एंटी लार्वा ट्रीटमेंट के लिए वार्डो में सुबह लगाई जाएगी अतिरिक्त टीम
- कीटनाशक और दवा का होगा छिड़काव

शहरवासियों को मच्छरों के डंक से बचाने नगर निगम प्रशासन फिसड्डी साबित हो रहा है। हर साल मच्छर उन्मूलन के नाम पर लाखों रुपए खर्च होने के बाद भी समस्या जस की तस है।

अब शहरी सरकार एक बार फिर शहर के 70 वार्डो में मच्छर उन्मूलन के लिए एंटी लार्वा अभियान चलाने जा रही है। इसके लिए वार्डो में सुबह के समय अतिरिक्त टीम लगाई जाएगी। मच्छर जनित रोग का फैलाव न हो, इसके लिए ठोस कार्य योजना बनाने महापौर मीनल चौबे ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। महापौर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारी लगातार इस कार्य की मानिटरिंग हर हाल में सुनिश्चित करें। गांधी सदन में महापौर ने बुधवार को नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक ली।

#### नालियों की तले तक सफाई करवाने निर्देश दिए

रायपुर नगरनिगम के सभी 70 वार्डो में सुबह 4 घंटे एंटी लार्वा अभियान के समय को बढ़ाकर अब छह घंटे करने और मच्छर उन्मूलन के कार्य को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने कीटनाशक दवा का छिड़काव अतिरिक्त टीम लगाकर किया जाएगा। महापौर मीनल चौबे ने नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही सहित सभी जोन स्वास्थ्य अधिकारियों को शहर के सभी नालों और नालियों की तले तक सफाई करवाने निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नालियों की सही ढंग से सफाई नहीं होने से नाली के भीतर गुजर रही पुरानी पाइप लाइनों के लीकेज होने की संभावना बनी रहती है, इससे दूषित पानी लोगों के घरों में पहुंचने की आशंका बनी रह सकती है, इसलिए नालियों की व्यवस्थित सफाई कराई जाए। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी और सभी जोन के स्वास्थ्य अधिकारियों को बैठक में दिशा-निर्देश दिए गए।

## पेज 11 के शेष ...

### कुशाभाउ ठाकरे वार्ड...

प्रस्ताव भेजे गए हैं। दलदल सिवन के अवनि गृह बीएसयूपी कालोनी, टेकारी पीएमएवाय कालोनी में पानी की समस्या को देखते हुए नगर निगम विभागीय पानी टैंकर भेजकर लोगों को पेयजल की आपूर्ति कर रहा है। नया पाइप लाइन बिछाने का टेंडर प्रोसेस में है।

### भक्त कर्मा माता वार्ड...

पेयजल आपूर्ति के लिए पानी टैंकर भेजा जा रहा है। जल संकट प्रभावित इलाकों में नए बोरवेल खनन कराने जोन के माध्यम से प्रस्ताव भेजा गया है।

### डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड...

निगम को पानी टैंकर भेजने की नौबत आई है। महापौर और निगम आयुक्त को वार्ड में जल संकट की समस्या से अवगत कराया गया है। पार्षद दुर्गा-यादराम साहू का कहना है गणपति नगर राम जानकी मार्ग में पिछले बार भी बोर खनन कराया गया पर सक्सेस नहीं रहा।

### डॉ. भीमराव आंबेडकर...

वार्ड पार्षद मोहनकुमार साहू का कहना है मोवा क्षेत्र की पानी टंकी को 7 मीटर भरने की जगह सिर्फ 5 मीटर भरा जा रहा है, जिसके कारण अंतिम छोर तक नलों में पानी नहीं पहुंच रहा है। मोवा में स्कूल के पास पुरानी पानी टंकी जर्जर हालत में है इसे डिस्मेंटल कर राइजिंग लाइन से जोड़ दिया जाए तो प्रेमनगर क्षेत्र के हजारों परिवारों को राहत मिल सकती है। हमने महापौर मीनल चौबे को इस संबंध में सुझाव दिया है।

### सिविल लाइन वार्ड...

सोसायटी फेज 1, फेज 2 का बोर खराब होने से पेयजल की समस्या बनी हुई है। यहां टैंकर से पेयजल आपूर्ति के लिए आवेदन भेजा गया है। इसी तरह फुंडहर क्षेत्र के ब्रम्हदेव नगर, सूरज नगर में पेयजल समस्या से दिक्कत हो रही है।

### सड़क पर ईंट-गिट्टी, गीला-सूखा ...

प्रकार की घट-बढ़ नहीं हो पाती। नगर निवेश से संबंधित सड़क पर भवन निर्माण सामग्री बिखेरना, खुले में मलबा छोड़ना, भवन निर्माण के दौरान ग्रीन नेट न लगाया जाना और संपत्ति विरूपण की स्थिति पर ई-चालान किया जा रहा है। यही नहीं खुले में कचरा फैलाने वाले पर नगर निगम की नजर है। इसमें पहले अलग-अलग जुर्माना लगाया जा रहा था। इसमें एकरूपता लाने के लिए ई-चालान पैटर्न विकसित किया गया है। यानी जुर्माने के लिए मेनुवल रसीद बंद कर ई-चालान का सिस्टम शुरू किया गया है।

### एयरफोर्स के विंग कमांडर ने...

पुलिस के अनुसार एयरफोर्स के विंग कमांडर विपुल यादव (39) ने विधायक विश्राम गृह स्थित बंगला नंबर 79 में फांसी लगाकर खुदकुशी की है। बताया जा रहा है, विपुल यहां अपने परिवार के साथ रह रहे थे। विंग कमांडर की खुदकुशी के मामले में शुरुआती जांच में जो बातें सामने आई हैं, उसके मुताबिक विंग कमांडर का अपनी पत्नी के साथ पारिवारिक विवाद चल रहा था। 2014 में उन्होंने लव मैरिज की थी।
पत्नी भी एयरफोर्स में अधिकारी थी, लेकिन उन्होंने बाद में एयरफोर्स से इस्तीफा देकर आईटी सेक्टर कंपनी ज्वाइन कर ली। काम के सिलसिले में वह तीन दिन पूर्व दिल्ली रवाना हुई हैं।

### परिजनों के आने के बाद होगा...

पर मेड ने पड़ोसियों की मदद से घटना की जानकारी पुलिस को दी। परिजनों से पूछताछ के बाद विंग कमांडर की खुदकुशी के कारणों की विस्तृत जानकारी मिलने की बात पुलिस बता रही है।

### अवैध शराब बिक्री पर आबकारी से...

मामले में पुलिस ने कोई प्रकरण नहीं पकड़ा है, जबकि आबकारी ने तीन वर्षों में अवैध शराब निर्माण के 42 एवं भंडारण के 423 प्रकरण बनाए हैं।

**दूसरे राज्यों की शराब की अवैध तस्करी-बिक्री के मामले भी बढ़े :** रायपुर जिले में दूसरे राज्यों की शराब की तस्करी और बिक्री के मामले में भी बढ़े हैं। विभागीय सूत्र के अनुसार जिले में ऐसे कई मामलों में कार्रवाई की गई हैं, जिसमें दूसरे राज्यों की शराब पकड़ी गई है। इसमें मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा आदि राज्यों की शराब को जिले के अलग-अलग जगहों से पकड़ा गया है।आबकारी विभाग ने कुछ होटल एवं घरों से भी दूसरे राज्यों की शराब बरामद कर चुकी है। इनमें कई प्रकरण चुनाव के समय में आचार संहिता के दौरान पकड़े गए हैं।

### वर्ष 2023 में अवैध शराब बिक्री ...

है कि जिले में अवैध शराब की बिक्री के मामले लगातार कम हो रहे हैं। हालांकि पिछले कुछ महीनों में अवैध शराब की बिक्री में फिर वृद्धि हुई हैं। आबकारी और पुलिस अवैध शराब बिक्री के मामलों में लगातार कार्रवाई कर रही है। कई कार्रवाई में तो बड़ी मात्रा में आरोपियों से शराब पकड़ी गई है।

### मैकेनिक भर्ती परीक्षा के मॉडल आंसर जारी

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा मैकेनिक, मैकेनिक कम इलेक्ट्रिशियन, सेक्शन होल्डर सहित अन्य पदों के लिए 8 मार्च को हुई भर्ती परीक्षा के मॉडल आंसर जारी कर दिए गए हैं। 16 मार्च तक मॉडल आंसर पर दावा आपत्ति दर्ज की जा सकती है। अभ्यर्थी मॉडल आंसर तथा दावा आपत्ति संबंधित अन्य दिशा-निर्देश व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। इसके अतिरिक्त एक मार्च को मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग के लिए आयोजित भर्ती परीक्षा के भी मॉडल आंसर व्यापम ने अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं।

## खबर संक्षेप

### भाजपा प्रदेश मीडिया टीम की घोषणा, सहसंयोजक, प्रवक्ता और पैनलिस्ट नियुक्त

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यालय ने मीडिया टीम का पुनर्गठन करते हुए नई नियुक्तियां की हैं। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से प्रदेश मीडिया प्रभारी द्वारा यह सूची जारी की गई। जारी सूची के अनुसार प्रदीप साहू, गोविन्दा गुप्ता और राहुल राय को प्रदेश सहसंयोजक बनाया गया है। वहीं पार्टी ने प्रदेश स्तर पर 10 प्रवक्ताओं की नियुक्ति भी की है, जिनमें गौरीशंकर श्रीवास, मुकेश शर्मा, अनुराग अग्रवाल, राजीव चक्रवर्ती, सुनील चौधरी, जसविंदर बग्गा, रविन्द्र सिंह, वैभव बैंस, तौकीर रजा और उमेश घोड़मोड़े शामिल हैं। इसके अलावा पार्टी ने मीडिया पैनलिस्ट की सूची भी जारी की है। मीडिया पैनलिस्ट के रूप में राजू नेताम, गोपाल बिष्ट, दयावंत धर बांधे, डॉ अनामिका सिंह. रितेश मोहरे, निशिकांत पांडेय, वात्सलय मूर्ति, गंदर्भ पाण्डेय, प्रियदर्शिनी दिव्य, पीयूष मिश्रा और संतोष दास को जिम्मेदारी दी गई है।

### रूपेश बने साहू समाज न्याय प्रकोष्ठ के संयोजक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू ने संगठन को मजबूत और सक्रिय बनाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकोष्ठों का गठन किया है। जिसमें न्याय प्रकोष्ठ के संयोजक रूपेश साहू को बनाया गया है, जबकि युवा प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी शशिकांत साहू को दी गई है। इसके अलावा व्यापारी प्रकोष्ठ के संयोजक राजकुमार साहू, सांस्कृतिक एवं कला प्रकोष्ठ के संयोजक लीलाधर साहू तथा साहित्य सृजन प्रकोष्ठ के संयोजक माखन राम साहू को नियुक्त किया गया है। वहीं किसान प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी चोवा राम साहू को दी गई है। महिला प्रकोष्ठ की संयोजक दिव्या कलिहारी और आईटी सेल प्रकोष्ठ के संयोजक द्वारिका साहू बनाए गए हैं। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू ने सभी नवनियुक्त संयोजकों को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई है कि वे निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए समाजहित में संगठन को नई दिशा और गति देंगे।



### सुधीर बने प्रदेश कार्यालय मंत्री

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ ने सुधीर दुबे को प्रदेश कार्यालय मंत्री नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया।



### संत बाबा गेलाराम साहेब का जन्मोत्सव आज

**रायपुर।** देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में संत बाबा गेलाराम साहेब का 96वां जन्मोत्सव 12 मार्च को धूमधाम, श्रद्धा, हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम संत बाबा हरदासराम साहेब के आशीर्वाद से व महंत मीरा अम्मा देवी के सानिध्य में होगा। महंत अम्मा मीरा देवी द्वारा केक काटकर जन्मोत्सव मनाया जाएगा। सुबह 10 बजे स्वल्पाहार व प्रसाद वितरित किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना में छत्तीसगढ़ देश में अव्वल, कई बड़े राज्यों को पछाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और सशक्तिकरण के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ ने एक और महत्वपूर्ण राष्ट्रीय उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के क्रियान्वयन की फरवरी की स्टेट-वाइज राष्ट्रीय रैंकिंग में छत्तीसगढ़ ने बड़े राज्यों की श्रेणी में देश में पहला स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया है। राज्य ने अन्य बड़े राज्यों को पीछे छोड़ते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। जारी रैंकिंग के अनुसार छत्तीसगढ़ ने 93.37 प्रतिशत नामांकन, 83.87 प्रतिशत स्वीकृति दर और 93.95 प्रतिशत शिकायतों के त्वरित समाधान के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। वहीं 30 दिनों से अधिक लंबित प्रकरणों की दर मात्र 7.07 प्रतिशत और लंबित शिकायत दर 4.96 प्रतिशत दर्ज की गई है, जो योजना के प्रभावी और पारदर्शी क्रियान्वयन को दर्शाती है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ ने पिछले माह की तुलना में 6 स्थानों की छलांग लगाकर पहला स्थान प्राप्त किया है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि पर महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मैदानी अमले को बधाई देते हुए कहा, राज्य सरकार मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा दिया जा रहा है और छत्तीसगढ़ का प्रथम स्थान इस दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयासों का प्रमाण है। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि को राज्य के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण बताते हुए विभागीय टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री के कुशल मार्गदर्शन और दूरदर्शी नेतृत्व के कारण ही छत्तीसगढ़ आज देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हुआ है। उन्होंने कहा, सभी अधिकारियों-कर्मचारियों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के आपसी समन्वय, प्रतिबद्धता और समयबद्ध कार्यशैली के परिणामस्वरूप ही राज्य यह मुकाम हासिल कर पाया है।

## मुख्यमंत्री और मंत्री राजवाड़े ने दी बधाई





छत्तीसगढ़ ने पिछले माह की तुलना में 6 स्थानों की छलांग लगाकर पहला स्थान प्राप्त किया

### 72 करोड़ 24 लाख हितग्राहियों के खाते में अंतरित

मंत्री राजवाड़े ने विश्वास व्यक्त किया कि विभाग भविष्य में भी इसी ऊर्जा और समर्पण के साथ कार्य करते हुए इस प्रथम स्थान को बनाए रखेगा तथा प्रदेश की प्रत्येक पात्र गर्भवती महिला तक योजना का लाभ समय पर पहुंचाएगा। उन्होंने योजना के क्रियान्वयन की जानकारी देते हुए बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक प्रदेश में 1,86,586 गर्भवती महिलाओं का प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत पंजीकरण किया जा चुका है। राज्य सरकार द्वारा अब तक 72 करोड़ 24 लाख 89 हजार रुपये की राशि सीधे पात्र हितग्राही महिलाओं के बैंक खातों में अंतरित की जा चुकी है।

## ग्रीन गुफा के समर्थन में वन विभाग ने हाईकोर्ट में दाखिल शपथ पत्र के

# पैसे कमाने वन विभाग ग्रीन गुफा को कोटमसर की तरह शो-केव बनाने की कोशिश कर रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के वन विभाग के अफसर कांगेर वैली में ग्रीन गुफा को आम पर्यटकों के लिए खोलने जी जान से जुटे हुए हैं। ग्रीन गुफा को आम पर्यटकों के लिए खोले जाने के खिलाफ पर्यवरण प्रेमियों ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रीन गुफा को आम पर्यटकों के लिए खोलने हाईकोर्ट में शपथ पत्र के साथ एंबिएंस साइंस की नेशनल केव रिसर्च एंड प्रोटेक्शन आर्गेनाइजेशन इंडिया की रिपोर्ट पेश की है। एंबिएंस साइंस की रिपोर्ट में कोटमसार को लेकर टिप्पणी की गई है। इसमें उल्लेख किया गया है कि कोटमसर को वन विभाग के अफसरों ने पैसा कमाने के लिए शो केव बना दिया है।

हाईकोर्ट में पेश एंबिएंस साइंस की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि कांगेर वैली नेशनल पार्क में कई खूबसूरत गुफाएं हैं। मध्यप्रदेश से अलग होकर छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद ये गुफाएं टूरिस्ट के लिए खास जगह बन गई हैं और उनमें से कुछ को टूरिस्ट के लिए शो केव में बदल दिया गया है, जिससे बहुत ज़्यादा कमाई होती है। बदकिस्मती से, गुफा के अंदर इंसानों के बढ़ते दबाव ने न सिर्फ इसके ईको सिस्टम को खराब किया है, बल्कि इसकी बायोडायवर्सिटी को भी खत्म कर दिया है।





### पानी आने के रास्ते को किया बंद

बारिश के दिनों में ग्रीन गुफा के अंदर तेजी से पानी अंदर घुसता है। एंबिएंस साइंस की रिपोर्ट के अनुसार वन विभाग के अफसरों ने ग्रीन गुफा के पास एक वेलकम गेट बनाया है और उसके बेस पर दो सीमेंट कंक्रीट की सीढ़ियां बनाई हैं। यह स्ट्रक्चर (सीढ़ियां) गुफा में बारिश के पानी के नैचुरल फ्लो को रोकेगा। ऐसा इसलिए किया गया है, ताकि बारिश का पानी गुफा में न जाए और मानसून के बाद ग्रीन केव को जल्द से जल्द विजिटर्स के लिए फिर से खोला जा सके। नैचुरल हाइड्रोलॉजिकल फ्लो में इस

### कई बायोटिक कम्पोनेंट्स इस गुफा में आते हैं

रिपोर्ट्स के अनुसार ग्रीन केव में बहुत सारी बायोडायवर्सिटी है, क्योंकि इसका एंट्रेंस चौड़ा है, इसलिए कई बायोटिक कम्पोनेंट्स इस गुफा में आते हैं जो आखिर में इस गुफा के जानवरों की स्पीशीज को सपोर्ट करते हैं। कांगेर वैली नेशनल पार्क की दूसरी गुफाओं में देखी गई कुछ आम कैवर्निकोल्स स्पीशीज के अलावा। दिलचस्प बात यह है कि इस ग्रीन केव में, मेगाडर्मा लायरा की एक कॉलोनी मिली थी और यह स्पीशीज कांगेर वैली नेशनल पार्क की किसी भी गुफा में नहीं देखी गई थी। मेगाडर्मा लायरा एक मांसाहारी चमगादड़ है जो आमतौर पर दूसरे चमगादड़ों, छोटे पक्षियों, रेप्टाइल्स, मछलियों और बड़े कीड़ों का शिकार करता है। इस तरह, यह बहुत साफ है कि इस चमगादड़ को ग्रीन केव में न सिर्फ पनाह मिल रही है, बल्कि वह आसानी से अपना शिकार भी कर रहा है।

### विभागीय अफसर की विरोधाभाषी रिपोर्ट

*दो माह पूर्व 18 जनवरी को जब सीढ़ियों का कंस्ट्रक्शन चल रहा था तब पीसीसीएफ (मॉनिटरिंग एंड इवैल्यूएशन) कौशलेंद्र कुमार ग्रीन केव साइट का इंस्पेक्शन करने गए थे। अफसर ने अपने इंस्पेक्शन नोट में लिखा है कि उन्हें एक फॉरेस्ट गाईस ने बताया कि ग्रीन केव भालुओं का घर है। उन्होंने ग्रीन केव को उसकी नेचुरल कंडीशन में बचाने की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि ग्रीन केव को टूरिस्ट के लिए खोलना सही नहीं होगा। इसके बाद, 29 जनवरी को अफसर ने अपनी सिफारिशें इंद्रावती टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर के साथ चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन अरुण पाण्डेय को भेजी।*

### वाइल्ड प्रोटेक्शन एक्ट में अपराध है

*राष्ट्रीय तथा संरक्षित वनक्षेत्र में वन्यजीवों के रहवास क्षेत्र के साथ बायोडायवर्सिटी में किसी तरह की छेड़छाड़ करने के साथ ही वन्य जीव के आवास क्षेत्र में निर्माण करने पर रोक है। इस तरह के कृत्य करने पर वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन एक्ट की सेक्शन 35(6) के तहत अपराध की श्रेणी में आता है।*

# दिल्ली में अमृत मित्र महोत्सव छग की 75 महिलाएं रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उप मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव और महापौर मीनल चौबे ने बुधवार को रायपुर रेल्वे स्टेशन से छत्तीसगढ़ के विभिन्न नगरीय निकायों की स्वसहायता समूहों की 75 महिलाओं को रेलवे स्टेशन पर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये सभी महिलाएं 13 मार्च को भारत मंडपम नई दिल्ली में केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर खट्टर की अध्यक्षता में आयोजित अमृत मित्र महोत्सव में शामिल होंगी।

इस मौके पर नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के लिये यह गौरव का विषय है कि, अमृत मित्र महोत्सव में छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों से 75 स्व-सहायता समूहों के महिलाओं द्वारा भाग लिया जा रहा है। इनमें रायपुर नगर पालिक निगम से 15 महिलाएं, बिलासपुर नगर पालिक निगम से 15 महिलाएं, लोरमी नगर पालिका से 15 महिलाएं, मुंगेली नगर पालिका से 15 महिलाएं, रतनपुर नगर पालिका से 7 महिलाएं एवं कोटा नगर पंचायत से 8 महिलाएं भाग लेंगी। महिलाओं के लिये सभी आवश्यक व्यवस्थाए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा की गयी है।

श्री साव ने बताया कि अमृत मित्र महोत्सव में देश के सभी प्रदेशों से कुल 1 हजार स्व-सहायता समूह की महिलाएं भाग लेंगी।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर मीनल चौबे, आयुक्त विश्वदीप, सूडा के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी दुष्यंत रायस्त, उप मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील अग्रहरी, अपर आयुक्त विनोद पांडे, उपायुक्त अमृत मित्र योजना जसदेव सिंह बाबरा सहित छत्तीसगढ़ राज्य शहरी विकास अभिकरण एवं नगर पालिक निगम रायपुर के अन्य संबंधित अधिकारियों, रेलवे अधिकारियों, रेलवे पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति रही।

## महिला दिवस पर ट्रैफिक सिपाही पुष्पा का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पूर्व विधायक की धर्मपत्नी परमजीत कौर जुनेजा ने रायपुर की लेडी सिंघम कहलाने वाली तेजतर्रार महिला ट्रैफिक सिपाही पुष्पा सोनी को शॉल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मनित किया। ज्ञात हो कि आम राहगीरों को ट्रैफिक नियम का पालन करने उन्हें सीख देकर अपने कार्य के प्रति सजग रही हैं। सोनी ने इस सम्मान से जुनेजा सहित पूरे राजधानीवासियों का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही हमेशा सहयोग की अपील की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संजय सोनी, कमल धृतलहरे, सत्तू सिंह, सुशांत डे, मिलिंद गौतम, रूबल मेहता, युधिष्ठिर नायक, गुलाब माखीजा, सेवक महानंद, सागर तांडी, मकरंद तांडी, विजय सिक्का, आकाश नाग सहित अन्य कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

### चेट्रीचंड्र पर्व पर एक सजीव नाटक मंचन 13 को

**रायपुर।** चेट्रीचंड़ के पावन पर्व के अवसर पर सामाजिक संस्था एक पहल' और द्वारा मेडिकल कॉलेज स्थित अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम में 13 मार्च को एक सजीव नाटक मंचन का आयोजन किया जा रहा है जिसका नाम है और मुहिंजा झूलेलाल। यह कार्यक्रम मुंबई की प्रसिद्ध नाट्य संस्था सिंधु सखा संगम द्वारा आयोजन किया जाएगा। यह नाट्य मंचन शाम 6 से 9 बजे तक किया जाएगा। इस नाट्य मंचन में मुख्य रूप से संस्था के अध्यक्ष सुशील वाधवानी एवं प्रवक्ता गौरव मंधानी ने बताया पिछले 2 महीने से लगातार तैयारियां की जा रही है।

## भक्त माता कर्मा की खंडित प्रतिमा की निगम ने ली सुध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी के तेलघानी नाका चौक में स्थापित साहू समाज की आराध्य भक्त माता कर्मा की प्रतिमा की अनदेखी और उसके खंडित होने को लेकर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने गांधी सदन में सामान्य सभा के दौरान यह मामला जोर-शोर से उठाया था। सदन में प्रतिमा की खंडित हुए फोटो दिखाते हुए सदन का ध्यान इस ओर आकर्षित कराया। इसके बाद भी 6 माह बीतने पर शहरी सरकार ने भक्त माता कर्मा की प्रतिमा की सुध नही ली। इस पर नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने 28 फरवरी को एक बार फिर निगम प्रशासन को आगाह करते हुए चेतावनी दी कि जल्द यदि भक्त कर्मा माता की प्रतिमा में सुधार नहीं किया गया तो वे आंदोलन करेंगे।

### नवगठित राजिम प्रेस क्लब के सदस्यों ने सीएम से की मुलाकात, विधानसभा का किया भ्रमण

**रायपुर।** हाल ही में नवगठित राजिम प्रेस क्लब के सदस्यों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा का भ्रमण किया। क्लब के पत्रकारों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा का भ्रमण किया और दर्शक दीर्घा में बैठकर सदन की कार्यवाही देखी, जिससे वे बेहद उत्साहित नजर आए। छत्तीसगढ़ विधानसभा का भ्रमण कर क्लब के सदस्यों ने राजिम विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में विधानसभा परिसर स्थित मुख्यमंत्री सभा कक्ष में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री में नवगठित राजिम प्रेस क्लब के सभी सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



# ऑयल कंपनी के एसईआरपीएल में लगी भीषण आग, टैंक की छत उड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

### अग्निशमन दलों ने 20 मिनट में पाया काबू



इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के एसईआरपीएल रायपुर परिसर में रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल एवं न्यूक्लियर आपदा से निपटने की तैयारियों का आकलन करने के लिए बुधवार को जिला स्तरीय मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इस दौरान ऑयल कंपनी के ऑयल टैंक में ओवरफ्लो होने से भीषण आग लगने के बाद टैंक की छत उड़ जाती है जैसी घटना घटित होने पर बनने वाली स्थिति से कैसे निपटा जाए। इसका अभ्यास किया गया। इस अभ्यास में जिला प्रशासन तथा विभिन्न आपातकालीन प्रतिक्रिया एजेंसियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

मॉक ड्रिल की शुरुआत दोपहर 12:18 बजे एमएस ट्रांसमिक्स टैंक से उत्पाद के ओवरफ्लो की परिकल्पित स्थिति से की गई, जिसके बाद लेवल-1 आपातकाल घोषित किया गया। उत्पाद की निकासी के दौरान 12:24 बजे काल्पनिक आग लगने की स्थिति उत्पन्न हुई, जिससे लेवल-2 आपातकाल घोषित किया। स्थिति के और गंभीर होने पर टैंक की छत उड़ जाने की काल्पनिक स्थिति मानते हुए 12:31 बजे लेवल-3 आपातकाल घोषित किया। इसकी सूचना मिलते ही जिला प्रशासन ने मौके पर कमान संभाली और तत्काल अग्निशमन दलों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 12:40 बजे तक आग पर नियंत्रण पा लिया। इसके बाद एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों ने राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया। सभी आवश्यक कार्रवाई पूर्ण होने के बाद जिला प्रशासन ने दोपहर 1:10 बजे 'ऑल क्लियर' घोषित कर मॉक ड्रिल का सफल समापन किया।

इस मॉक ड्रिल में अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर, एडीएम रायपुर उमाशंकर बंदे, प्रभारी अधिकारी राहत शाखा एवं डिप्टी कलेक्टर उपेन्द्र किण्डो, एसडीएम आरंग अभिलाषा पैंकरा, सीएसपी माना, तहसीलदार ज्योति मसियारे एवं नायब तहसीलदार आरंग, एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ के अधिकारी, जिला चिकित्सा टीम, सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं आपातकालीन दल उपस्थित रहे।




# कल से दो दिवसीय 'आदि परब-2026' का आयोजन, 6 राज्यों के कलाकार होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की परिकल्पना और निर्देश पर 13 और 14 मार्च को नवा रायपुर स्थित आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान परिसर में 'परम्परा से पहचान तक'-आदि परब-2026 का आयोजन किया जाएगा। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के सहयोग से आदिम जाति विकास विभाग के अंतर्गत आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी टीआरटीआई में विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा और प्रशिक्षण संस्थान के संचालक हिना अनिमेष नेताम ने दी।

संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत "आदि-परिधान जनजातीय अटायर शो" का आयोजन 13 मार्च को सुबह 10.30 बजे से शाम 8 बजे तक और 14 मार्च को शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक किया जाएगा। आयोजन में राज्य की 43 जनजातीय समुदायों की पारंपरिक वेशभूषा और सांस्कृतिक विशेषताओं को पहली बार एक ही मंच पर प्रदर्शित किया जाएगा। प्राकृतिक रंगों, स्थानीय संसाधनों और हाथों से बने वस्त्रों से तैयार ये परिधान जनजातीय जीवन शैली और प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व का संदेश देंगे।



### यूपीएससी में चयनित जनजातीय युवाओं का होगा सम्मान

*कार्यक्रम के दौरान संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा में छत्तीसगढ़ से आदिम जाति विकास विभाग की योजनाओं के सहयोग से चयनित अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थी डायमंड सिंह ध्रुव और अंकित साकनी का सम्मान किया जाएगा। साथ ही इस मौके पर 'प्रयास' संस्थान के विद्यार्थियों को विभागीय योजनाओं के तहत लैपटॉप भी वितरित किए जाएंगे।*



04

हाथों के झाइनेस को दूर करने के लिए...

## लाइव इवेंट

## 'हर नारी : गर्व और गौरव' में गूंजी नारी सशक्तीकरण की आवाज



**रायपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'हर नारी : गर्व और गौरव' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम टूर डी रायपुर द्वारा पैराडाइज़ ऑफ गुल के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं की शक्ति, गरिमा और उपलब्धियों का उत्सव मनाने के लिए समर्पित था। 'हर नारीः गर्व और गौरव की केंद्रीय थीम का उद्देश्य समाज में महिलाओं के अमूल्य योगदान को सम्मानित करना और उनका अभिनंदन करना था। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के प्रेरणादायक वक्तव्य हुए, जिनमें डॉ. ज्योति जायसवाल (सरकारी मेडिकल कॉलेज), डॉ. ज़ील शेठ अग्रवाल (इट्सा हॉस्पिटल्स), डॉ. सुषमा नायक (इट्सा हॉस्पिटल्स), डॉ. अनन्या मिश्रा और सोनिया स्वर्णकार, एशिया इंटरनेश्नल शामिल रहीं। सभी वक्ताओं ने महिलाओं के स्वास्थ्य, कल्याण, सशक्तीकरण और समाज निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर अपने विचार साझा किए और प्रेरणादायक संदेश दिए।

### स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने दिया जोर

इस अवसर पर इट्सा हॉस्पिटल्स के प्रबंध निदेशक सुनील बालानी भी उपस्थित रहे। उन्होंने महिलाओं में निवारक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही आम नागरिकों के लिए मात्र 499 में विशेष स्वास्थ्य जांच सुविधा शुरू करने की पहल की घोषणा की। कार्यक्रम के आयोजक टूर डी रायपुर के आशीष पाटनी और शरभेश शुभम, तथा पैराडाइज़ ऑफ गुल की करिश्मा शर्मा ने घोषणा की कि हर नारीः गर्व और गौरव अब एक वार्षिक पहल के रूप में हर वर्ष आयोजित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य महिलाओं के सशक्तीकरण और उनके स्वास्थ्य व कल्याण के लिए निरंतर प्रयास करना है।

● शहर के जूस सेंटर, फल दुकानों, बेकरी कैफे, नारियल पानी व गन्ना रस के स्टॉल पर बदल रहा मिजाज

# गर्मी में एनर्जी बूस्ट करने नारियल पानी, गन्ना रस के स्टॉल्स पर उमड़ रही भीड़, करोड़ों के कारोबार की आस

गर्मी का पारा चढ़ते ही खुद को हाइड्रेटेड व तरोताजा रखने लोग शीतल पेय पदार्थों से एनर्जी बूस्ट करते दिख रहे हैं। शहर के जूस सेंटर, फल दुकानों, बेकरी कैफे, नारियल पानी व गन्ने रस के स्टॉल पर लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई है। कहने को तो अभी मार्च का महीना ही चल रहा है, फिर भी शरीर को भेद देने वाली तेज धूप से लोगों को मई-जून की याद दिला रही है।

**रायपुर।** लोग आपस में चर्चा कर रहे हैं कि मार्च महीना का यह हाल है तो आने वाले मई- जून में क्या हाल होगा? गर्मी बढ़ने के साथ ही स्थानीय बाजारों में शीतल पेय पदार्थ गन्ने का रस, बेल का शर्बत, नीबू पानी, आम का जूस आदि की मांग बढ़ गई है। यही वजह है कि स्थानीय बाजार में इन पेय पदार्थों की दुकानें सज गई हैं और लोग खुद को गर्मी से राहत देने के लिए इसका सेवन भी कर रहे हैं। वहीं, कोल्ड ड्रिंक की बिक्री भी खूब बढ़ गई है। दूसरी तरफ गर्मी के बढ़ते असर से सुबह 10 बजे से ही तेज धूप लोगों को तपाने लगी है। दोपहर 12 बजे से अपराह्न तीन बजे तक गर्मी और बढ़ जा रही है। अभी से जूस सेंटर, फल दुकानों, बेकरी कैफे, नारियल पानी व गन्ने रस के स्टॉल पर पेय पदार्थों की बढ़ती मांग ने कारोबारियों में अच्छी मुनाफे की उम्मीद जगा दिया है। जीई रोड स्थित कोल्ड ड्रिंक के थोक कारोबारी महेश आहूजा का कहना है कि शहर में इस गर्मी के सीजन में पेय पदार्थों का कारोबार 50 करोड़ के पार पहुंचने की उम्मीद है।



### गन्ना रस 20 रुपए प्रति गिलास तक बिक रहा

संतोषी नगर रोड स्थित गन्ना रस का स्टॉल चला रहे मोहन साहू ने बताया कि फरवरी महीने के आखिर से गन्ना रस बेचना शुरू किया है। इस बार ग्राहकी अच्छी लग रही है। गन्ना रस बर्फ के साथ 20 रुपए प्रति गिलास बेच रहे हैं। इस बार अच्छा मुनाफा होने की आस है। साथ ही स्टॉल पर स्वच्छता का विशेष ध्यान भी रख रहे हैं।





### स्वास्थ्य के लिए लाभदायक, पर रहें सावधान

शहर के डायटिशियन पूजा शर्मा के अनुसार गर्मी में शरीर को तुरंत ऊर्जा देने और हाइड्रेटेड रखने के लिए सबसे अच्छे शीतल पेय नारियल पानी, नींबू पानी, शिकंजी, छाछ, आम पन्ना, गन्ने का रस और बेल का शरबत है। ये प्राकृतिक पेय इलेक्ट्रोलाइट्स की भरपाई करते हैं और लू से बचाते हैं। लेकिन, इनका घर से बाहर सेवन करते समय स्वच्छता व हाइजीन का ध्यान देने की जरूरत होती है। वहीं, लोगों को कोलड्रिंक, आइसक्रीम जैसे शीतल पदार्थों का सेवन करते समय सावधान रहना चाहिए।

### तमिलनाडु व कर्नाटक से रोजाना 48 टन नारियल पहुंच रहा

डूमरतराई थोक सब्जी व फल मंडी के पदाधिकारी टी श्रीनिवास रेड्डी ने बताया कि मंडी में रोजाना 3 से 4 ट्रक नारियल की आवक हो रही है। इससे रायपुर सहित पूरे प्रदेश में करीब 48 टन की रोजाना खपत हो रही है। गर्मी जैसे-जैसे बढ़ेगी इसकी मांग व आवक दोगुना हो जाएगा। वर्तमान में अच्छी क्वालिटी का नारियल पानी प्रति नग का थोक भाव 35 से 40 रुपए के आसपास है। वहीं, चिल्हर में 60 से 90 रुपए तक बिक रहा है।

### कोल्ड ड्रिंक और आईसक्रीम की मांग में 30 से 35 प्रतिशत का इजाफा

शहर के **कोल्ड ड्रिंक** व आइसक्रीम के थोक डिस्ट्रीब्यूटर अरविंद खेमनानी ने बताया कि इस बार गर्मी में मांग को देखते हुए **कोल्ड ड्रिंक** व आइसक्रीम की कारोबार में 30 से 35 प्रतिशत तक की इजाफा होगा। पिछले साल कारोबार का यह आंकड़ा करीब 25 से 30 प्रतिशत तक रहा था। शहर की बात करें तो करीब 30 करोड़ से अधिक का कोलड्रिंक व आइसक्रीम प्रोड्क्स का कारोबार है।

## सिटी इवेंट

## ग्लूकोमा आंखों की साइलेंट बीमारी, 40 वर्ष के बाद नियमित नेत्र जांच से बचाव संभव



**रायपुर।** भारत में ग्लूकोमा के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इसके पीछे मुख्य वजह बीमारी को लेकर जागरूकता में कमी है। इस कमी को दूर करने के लिए विश्व ग्लूकोमा सप्ताह के तहत लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। हरिभूमि ने ग्लूकोमा बीमारी को लेकर डॉक्टर से बातचीत की। उनका कहना है कि ग्लूकोमा, जिसे आम

विश्व ग्लूकोमा सप्ताह 2026

भाषा में काला मोतिया भी कहा जाता है, आंखों की एक गंभीर और अक्सर बिना लक्षणों वाली बीमारी है। यह धीरे-धीरे आंख की ऑप्टिक नर्व को नुकसान पहुंचाती है और सही समय पर उपचार न मिलने पर स्थायी अंधेपन का कारण बन सकती है। भारत में ग्लूकोमा के लगभग 90 प्रतिशत मामले अभी भी बिना पहचान के रह जाते हैं, जबकि देशभर में करीब 1.2 करोड़ लोग इससे प्रभावित हैं। इसलिए समय पर जांच और जागरूकता ही इससे बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है।

### छत्तीसगढ़ में बढ़ रही जागरूकता

अप्रैल 2024 से मार्च 2025 के बीच छत्तीसगढ़ में 263 नेत्रदान दर्ज किए गए, जबकि अगले तीन महीनों में 88 और नेत्रदान हुए। ये आंकड़े राज्य में आंखों के स्वास्थ्य और नेत्रदान के प्रति बढ़ती जागरूकता को दर्शाते हैं। साथ ही राज्य के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में ग्लूकोमा की जांच सहित कई सामान्य नेत्र रोगों का निःशुल्क उपचार भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इस अवसर पर छगा आई हॉस्पिटल के डॉ. अभिषेक मेहरा ने लोगों से अपील की है कि वे नियमित नेत्र जांच करवाएं और अपने परिवार व मित्रों के बीच भी इसके प्रति जागरूकता फैलाएं। उनका कहना है कि ग्लूकोमा भले ही एक साइलेंट बीमारी हो, लेकिन समय पर जांच और सही इलाज से आंखों की रोशनी को सुरक्षित रखा जा सकता है। उन्होंने लोगों से नेत्रदान का संकल्प लेने की भी अपील की, ताकि मृत्यु के बाद भी किसी जरूरतमंद को रोशनी का उपहार दिया जा सके।

### संभावित लक्षण जिन पर ध्यान देना जरूरी

ग्लूकोमा बीमारी से बचने के लिए डॉक्टर ने लक्षणों पर ध्यान देने की बात कही है। उनके अनुसार प्रमुख लक्षण हैंः साइड विज़न का धीरे-धीरे कम होना (अंतिम अवस्था में टनल विज़न), धुंधला दिखाई देना या रोशनी के आसपास इंद्रधनुषी घेरा दिखना, आंखों में दर्द, सिरदर्द या लालिमा (विशेषकर एंगल-क्लोजर ग्लूकोमा में) और अंधेरे में देखने के लिए आंखों का देर से अनुकूल होना। इससे बचने के लिए 40 वर्ष से अधिक आयु के लोग, डायबिटीज के मरीज और जिनके परिवार में ग्लूकोमा का इतिहास है, उन्हें नियमित आंखों की जांच करानी चाहिए। संतुलित आहार लें, नियमित व्यायाम करें और धूम्रपान से परहेज करें। बाहर निकलते समय धूप के चश्मे का उपयोग करें। डॉक्टर द्वारा दी गई आई ड्रॉप्स का समय पर और नियमित रूप से उपयोग करना जरूरी है, ताकि आंखों का दबाव नियंत्रित रहे।

## पावर जनरेशन और हाई-वोल्टेज इंजीनियरिंग सब्जेक्ट पर विशेषज्ञों ने प्रजेंट किए रिसर्च पेपर

### एनआईटी में पावर कंट्रोल एंड कंप्यूटिंग टेक्नोलॉजीज़ विषय पर 5वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन



**रायपुर।** एनआईटी में तीन दिवसीय 5वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसका विषय पावर कंट्रोल एंड कंप्यूटिंग टेक्नोलॉजीज़ रखा गया है। बुधवार को इसका शुभारंभ संस्थान रायपुर के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग द्वारा किया गया। इस सम्मेलन का उद्देश्य ऊर्जा और पावर सिस्टम से संबंधित आधुनिक शोध, तकनीकों और नवाचारों पर विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों के बीच चर्चा को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. ओमप्रकाश व्यास, निदेशक, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी नवा रायपुर शामिल हुए। प्रो. एन. वी. रमना राव ने बताया कि सम्मेलन में डीप लर्निंग, मशीन लर्निंग, स्मार्ट ग्रिड, रोबोटिक्स, पावर जनरेशन और हाई-वोल्टेज इंजीनियरिंग जैसे आधुनिक और महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि प्रस्तुत किए जाने वाले शोध पत्र ऊर्जा क्षेत्र में नई तकनीकी संभावनाओं और शोध अवसरों को उजागर करेंगे। अपने मुख्य वक्तव्य में डॉ. ओमप्रकाश व्यास ने ऊर्जा क्षेत्र में उभरती तकनीकों और चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में ऊर्जा प्रणालियों की साइबर सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। इंटरनेट के व्यापक उपयोग के कारण साइबर हमलों की संभावना बढ़ गई है, इसलिए ऊर्जा प्रणालियों की सुरक्षा को डिजाइन स्तर से ही सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि 800 से अधिक शोध पत्रों का प्राप्त होना इस क्षेत्र में बढ़ती शोध गतिविधियों को दर्शाता है और आयोजन समिति को इस सफल पहल के लिए बधाई दी।

### ये रहे उपस्थित

विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. एमके बड़ापंडा हेड आरएफ सप्लाई सेक्शन राजा रामन्ना सेंटर फॉर एडवांस्ड टेक्नोलॉजी इंदौर उपस्थित रहे। इस अवसर पर एनआईटी रायपुर के निदेशक प्रो. एन. वी. रमना राव, डीन (अकादमिक), डॉ. शुभ्रता गुप्ता, रजिस्ट्रार डॉ. एन. डी. लोंढे तथा कॉन्फ्रेंस चेयर डॉ. अनामिका यादव भी मंच पर उपस्थित रहे। सम्मेलन के आयोजन सचिवों में डॉ. वर्षा सिंह, डॉ. रम्या सेल्वराज, डॉ. वी. हरिप्रिया और डॉ. वेणु सोंती शामिल रहे। कार्यक्रम में संस्थान के कई अधिकारी, शिक्षक और शोधार्थी भी मौजूद रहे।

## बलून गेम से लेडिज विंग ने वुमेंस डे को किया सेलिब्रेट



**रायपुर।** सिख समाज छत्तीसगढ़ लेडीज विंग द्वारा वुमेंस डे और होली मिलन सेलिब्रेट किया गया। इस दौरान नई कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई। इसमें विविध प्रकार के खेल जैसे हाऊसी, बलून गेम के साथ आकर्षक रिश्तों का खेल आयोजित किया गया। इसमें गानों के बोल से रिश्तों को पहचानना था। साथ ही फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें टाप चार जोड़ियों का चुनाव एक होटल के शेफ़्स द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में नई टीम की घोषणा भी की गई। लेडीज विंग की अध्यक्ष डॉली गुम्बर को बनाया गया। विंग की अन्य सदस्यों हरप्रीत कौर होरा, डिंपी अजमानी, राखी खंडूजा, रूपिंदर कौर होरा, चरनदीप छाबड़ा, ऋचा मक्कड़, राखी अरोरा, रिम्पी अजमानी, तेजिंदर टुटेजा और खुशबू चहल शामिल हैं। यह जानकारी लेडीज विंग की संयोजक डॉ. रीना टुटेजा ने दी। आयोजन में सुरेंद्र कौर छाबड़ा, सोमा छाबड़ा, सतवंत सलूजा, राज अजमानी, कवलजीत अजमानी, मनजीत गुरदत्ता, विमलेश सलूजा, जसविंदर होरा शामिल हुईं।

### शादी और त्योहारों में सोने-चांदी की जगह किफायती व कंफर्टेबल श्रृंगार की बढ़ रही मांग

## नेचुरल इंस्पाइरिंग बॉटनिकल ज्वेलरी से गर्ल्स को मिल रहा इको-फ्रेंडली फैशन और स्टाइलिश लुक

कार्नर न्यूज



**रायपुर।** शादी और त्योहारों में ताजे फूल व पत्तियों से बनी ज्वेलरी की मांग तेजी से बढ़ रही है। यह पारंपरिक गहनों की तुलना में हल्की, सस्ती, और प्रकृति के करीब होने के साथ-साथ स्टाइलिश भी है। इको-फ्रेंडली फैशन और आरामदायक लुक के कारण यह ट्रेंड काफी लोकप्रिय हो रहा है।

फ्लावर ज्वेलरी के बढ़ते ट्रेंड विशेषकर दुल्हनों के लिए हल्दी और मेहंदी की रस्मों में फ्लावर ज्वेलरी पहनना एक प्रमुख चलन बन गया है, जो एक अलग और ताज़ा लुक देता है। ये गहने वजन में बहुत हल्के होते हैं, जिससे इन्हें लंबे समय तक पहनना आसान होता है। सोने-चांदी के गहनों की तुलना में ये बेहद बजट-फ्रेंडली एवं किफायती होते हैं।

बाजार में ताजे फूलों के साथ-साथ फोम, पेपर और कपड़े के फूलों से बनी टिकाऊ ज्वेलरी भी उपलब्ध हैं। पर्यावरण के अनुकूल होने के कारण भी लोग इसे चुन रहे हैं। यह ज्वेलरी न केवल दुल्हनों को, बल्कि शादियों में मेहमानों के लिए भी एक ट्रेंडी विकल्प है। शहर के ईपॉक्सी आर्टिस्ट यशवंत का कहना है कि बीते सालों में रियल नेचुरल इंस्पाइरिंग बॉटनिकल ज्वेलरी गर्ल्स के लिए श्रृंगार का नया ऑप्शन बना है।





### फ्लावर ज्वेलरी बनाने में लगते हैं 5 से 8 दिन

यशवंत ने बताया कि ईपोक्सी आर्ट मेकिंग प्रोसेस में 5 से 8 दिन तक फ्लावर्स व पत्तियों को सुखाते हैं। पहले ताजे फूलों को कुछ दिन सुखाएं, फिर उन्हें फ्लैट करें। इसके बाद तय करें कि आपको झुमके, हार या हेयर एसेसरीज जैसे हेयर वेणी बनानी है। इसके बाद एक सिलिकॉन मोल्ड या मैट पर फूल रखें। फूलों पर थोड़ी मात्रा में रेजिन डालें और उसे लैंप के नीचे सुखाएं। चाहे तो चमक या जेल नेल पॉलिश की पतली परत भी डाल सकते हैं। रेजिन सूखने के बाद फूलों को मोल्ड से निकाल लें। इससे अब एसेसरीज को जोड़कर विविध डिजाइन तैयार कर सकते हैं।

### जंगली फूल-पत्तियां से चुनकर तैयार कर रहें

युवा रियल नेचुरल इंस्पाइरिंग बॉटनिकल ज्वेलरी आर्टिस्ट यशवंत ने बताया कि आसपास के पर्यावरण के अलावा प्रदेशभर की जंगलों से विविध प्रजाति के जंगली फूल-पत्तियां चुनकर रियल नेचुरल इंस्पाइरिंग बॉटनिकल ज्वेलरी तैयार करते हैं। फिर इसे सरकारी और प्राइवेट प्रदर्शनियों में ऑफलाइन स्टॉल लगाकर रियल फ्लॉवर ज्वेलरी बेचते हैं। यशवंत ने बताया कि वह ताजे फूलों जैसे गेंदा, गुलाब, चमेली, पत्तियों को सुखाकर फिर उन्हें रेजिन की मदद से एसेसरीज की तरह झुमके, हार, मांग टीका में जड़ा जाता है, जिसमें यूवी लैंप और बेसिक क्रॉफ्ट मटेरियल जैसे तार, मोती और सेफ्टी पिन का इस्तेमाल होता है।

**सिटी लाइव**

## लायंस क्लब ने निभाई परंपरा महिलाओं को दिया शिखर सम्मान



**रायपुर।** लॉयस क्लब ने परंपरागत रूप से अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शिखर सम्मान का आयोजन किया। इसमें विभिन्न क्षेत्र से जुड़ी 21 महिलाओं को वृंदावन हल में शिखर सम्मान से सम्मानित किया गया। आयोजन का शुभारंभ मुख्य अतिथि माया सेठिया, विशिष्ट अतिथि प्रज्ञा त्रिवेदी, विशेष अतिथि कृष्णा अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलित करते हुए किया। स्वागत नृत्य सृष्टि पाठक के साथ ही अतिथियों का अभिनंदन अध्यक्ष उषा शर्मा, कार्यक्रम प्रभारी ज्योति अग्रवाल, सचिव कंचन पुसदकर, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी गुप्ता द्वारा पौधे, श्रीफल, मोती माला के साथ विभिन्न सामग्री से किया गया। शिखर क्लब की प्रेसिडेंट सरोज पांडे ने अवगत कराया कि क्लब द्वारा विभिन्न सेवा गतिविधियों के साथ वर्ष में कई सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता है।

### अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर जताया आभार

इस अवसर पर निशा शर्मा, स्मिता अखिलेश, अल्पना सिंह, आंचल जैन, मीनाक्षी देवांगन, नीतू पाण्डेय, प्रियंका ठाकुर, सुरभी मंथा, अर्पिता घोष, ज्योति खरे, स्नेहा, अंकिता शर्मा, आकांक्षा शर्मा सहित 25 महिलाओं का सम्मान किया गया। सभी ने अपने- अपने विचार रखे। इसका गरिमामय संचालन चंद्रकांता ओसवाल एवं सोनाली शर्मा द्वारा किया गया। रेणु गुप्ता, मिनाक्षी भार्गव, सुष्मिता सेनगुप्ता ने मनोनीत टीम प्रभा मंथा, आशा बारेवार, दविन्दर, राधा वर्मा, निर्मला सिंघानिया, जयंती शर्मा, आरती पाण्डेय सहित क्लब के सभी सदस्यों ने उत्साह से अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए आभार प्रकट किया। इसके बाद हाई टी के साथ व्यंजनों का स्वाद लिया।

**धर्म लाइव**

## 17 को मानवता और गौ माता की सेवा कर मनाया जाएगा वैश्य दिवस



**रायपुर।** अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की आवश्यक बैठक बुधवार को प्रदेश कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने कहा कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 17 मार्च को वैश्य दिवस मानवता की सेवा एवं गौ माता की सेवा कर मनाया जाएगा। जिसमें अस्पतालों में फल वितरण, मंदिरों के सामने भंडारा एवं उरला स्थित गौ शाला में गायों को चारा खिलाने सहित अनेक सेवा कार्य सम्मिलित हैं। उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश महामंत्री एवं प्रवक्ता राजकुमार राठी ने बताया कि ये सभी कार्यक्रम छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में आयोजित होंगे। इस दौरान सभी वैश्य बंधुओं को संगठन का सदस्य बनाने का भी निर्णय लिया गया है।

### ये रहे उपस्थित

बैठक को संरक्षक अशोक गुप्ता ने भी संबोधित किया। संचालन महामंत्री राजकुमार राठी एवं आभार प्रदर्शन महामंत्री शिवरतन गुप्ता द्वारा किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से संजय चौधरी, प्रमोद जैन, दर्शन सांखला, रेखा साहू, ममता सोनी, गौरी साहू, योगेश चांडक, सतीश बागड़ी, अभिषेक गुप्ता, पवन मोहता, सविता गुप्ता, मुक्तेश अग्रवाल, नवीन गुप्ता, राजेश अग्रवाल सहित कई वैश्य बंधु उपस्थित रहे।

**कैंपस लाइव**

## मुंबई के कलाकार 13 को देंगे मुहिंजा झूलेलाल की प्रस्तुति



**रायपुर।** सामाजिक संस्था एक पहल द्वारा चेट्रीचंड्र के अवसर पर समाज के साथ संस्कृति को बढ़ावा देने और कुरीतियों पर समाज का ध्यान आकर्षित करने के लिए नाटक का आयोजन किया जाएगा। मुंबई की प्रसिद्ध नाट्य संस्था सिन्धु सखा संगम द्वारा एक सजीव नाटक का मंचन किया जाएगा। इसका नाम है मुहिंजा झूलेलाल। नाट्य मंचन मेडिकल कॉलेज परिसर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी आटोडोरियम में 13 मार्च को शाम 6 से 9 बजे तक किया जाएगा। समाज में व्याप्त कुरीतियों पर नाट्य मंचन केन्द्रित होगा। इसमें सामाजिक ताने-बाने को दिखाने का प्रयास किया जाएगा। नाटक में समाज में हो रहे धर्मातंरण तथा भाषा पर नौजवानों का निर्जीव व्यवहार और समाज में दहेज को लेकर तलाक़ जैसी स्थितियों पर करारा व्यंग किया जाएगा।

### तैयारियों को अंतिम रूप देने की मीटिंग

इस नाट्य मंचन में मुख्य रूप से संस्था के अध्यक्ष सुशील वाधवानी एवं प्रवक्ता गौरव मंधानी ने बताया, पिछले 2 महीने से लगातार तैयारियां की जा रही हैं। इस नाट्य मंचन में पूज्य जवाहर नगर सिन्धी पंचायत द्वारा निःशुल्क भोजन की व्यवस्था की गई है। इसमें सिन्धी व्यंजनों की भरमार रहेगी। लोगों के लिए प्रवेश भी निःशुल्क रखा गया है। संस्था के सदस्य प्रकाश नानकानी, गोपालदास शादीजा, राजकुमार बच्वानी, राजू नारवानी, गौतम लूलिया और जोधाराम वाधवानी ने बताया कि तीसरी बार किए जा रहे आयोजन को सफल बनाने मीटिंग में तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

राजधानी के सार्वजनिक स्थलों पर सजाने लगे स्टाल्स, लोगों को पशु-पक्षियों की सेवा से जोड़ने कर रहे पहल

# सरोकार से जुड़ी संस्थाओं ने आपसी सामंजस्य से शुरू की बेजुबानों और राहगीरों को तपिश से राहत देने सेवा

मौसम चाहे कोई भी हो, शहर में युवाओं की संस्था सरोकार से जुड़कर आपसी सामंजस्य से राहगीरों ही नहीं, बल्कि बेजुबानों को राहत देने के लिए सेवाभाव से पहल करने लगी हैं। कुछ इसी तरह की भावना से जुड़ी सेवाभावी संस्थाओं ने इस गर्मी में भी राहत देने के लिए स्टाल्स लगाना शुरू कर दिया है। कुछ संस्थाएं ऐसी भी हैं, जो लोगों को भी सेवा के लिए प्रेरित करने का प्रयास करती हैं या यूं कहें कि लोगों की भागीदारी भी सुनिश्चित करने के लिए पहल कर रही हैं। प्रयास चाहे किसी भी तरह का हो, उनका उद्देश्य जरूरतमंदों की मदद करना है।





**रायपुर।** हर साल की तरह बढ़ते कदम द्वारा दाना सकोरा और कोटना का निःशुल्क वितरण शुरू किया गया है। संस्था ने मानव सेवा के साथ बेजुबान पक्षियों और पशुओं की सेवा के लिए भी प्रयास शुरू किया है। प्रोजेक्ट प्रभारी प्रेमप्रकाश मध्यानी एवं अजय वलेचा ने इस संदर्भ में बताया कि इस साल संस्था द्वारा शहर के विभिन्न स्थलों पर स्टाल लगाकर दाना, सकोरा और कोटना का वितरण किया जा रहा है। इस दौरान लोगों से आग्रह किया जाता है आप भी बेजुबान पशु-पक्षियों की सेवा करने का भाव रखेंगे तो संस्था का प्रयास इस बार भी जनभागीदारी से सफल होगा। इसके लिए देवेन्द्र नगर स्थित कार्यालय मुक्तिधाम के अंदर किसी भी समय आकर दाना, सकोरा और कोटना निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। इस आग्रह के साथ लोगों की भागीदारी सेवा के क्षेत्र में सुनिश्चित करने का प्रयास जारी है।

### पक्षियों को गर्मी से राहत पहुंचाने रखें दाना- पानी





संस्था के अध्यक्ष सुनील छतवानी एवं महासचिव सुनील पेशवानी ने बताया कि विगत 17 वर्षों से संस्था द्वारा लगभग 90,000 सकोरे एवं दाने के पैकेट सहित 11,000 कोटना का वितरण अभी तक किया गया है। इसे उपलब्ध करवाने के साथ लोगों से अपने घर की छत, मुंडेर, आंगन एवं ऑफिस, दुकान में प्रतिदिन पक्षियों को भीषण गर्मी से राहत पहुंचाने के लिए दाना, पानी की व्यवस्था करने के लिए प्रेरित किया जाता है। इसके लिए जीव प्रेमी कार्यालय से संपर्क भी करने लगे हैं। इस साल भी अधिक से अधिक कॉलोनियों और बस्तियों में रहने वाले लोगों को सेवा से जोड़ने का संकल्प लेने के साथ ही सरोकार बढ़ाने का प्रयास भी तेज किया गया है।

### राहगीरों को बांट रहे शरबत और छाछ

सर्व धर्म प्रेमियों द्वारा संचालित संस्था आवाम ए हिन्द वेलफेयर सोसायटी के संस्थापक मो. सज्जाद खान और मीडिया प्रभारी जुबैर खान ने बताया कि इस गर्मी में भी राहगीरों को राहत देने के लिए शरबत और छाछ का वितरण शुरू किया गया है। सरकारी अस्पतालों सहित चौक-चौराहों के आसपास तपिश से तरावट के लिए सेवा देने युवाओं की टीम निकलने लगी है। हर दिन अलग-अलग स्थल पर सेवा देने के लिए युवाओं का ग्रुप स्टाल्स सजाता है। लोग जन्मदिन, शादी की वर्षगांठ और खास अवसर पर संस्था को सहयोग करते हुए इस साल भी सेवा की भावना से जुड़ने लगे हैं। इसका फायदा आने-जाने वाले राहगीरों के साथ ही जरूरतमंदों को भी देने का प्रयास जारी है।

### युवा इलाज का निभाते हैं दायित्व

इसी तरह वाटिका एनिमल्स सेंचुअरी की संस्थापिका कस्तुरी बल्लाल और उनकी टीम ने चनखुरी में जहां सड़क हादसों में घायल होने वाले स्ट्रीट डॉग्स, पशु-पक्षियों के इलाज का दायित्व निभा रही हैं। वहीं, संस्था से जुड़े मेंबर्स के सहयोग से हर साल गर्मी में एक हजार से ज्यादा सकोरा और कोटना का वितरण करने की जानकारी उन्होंने दी। बताया कि हादसों में घायल होने वाले बेजुबानों के इलाज का खर्च भी संस्था के सदस्य आपसी सामंजस्य से वहन करते हैं। हर महीने 200 से ज्यादा बेजुबानों के इलाज का दायित्व निभाने के साथ उन्हें जिस स्थान से रेसक्यू करके लाया जाता है, उसी स्थान पर छोड़ने की पहल करते हैं, ताकि वे उसी माहौल में रह सकें।

# वर्सी महोत्सव में महिलाओं ने शदाणी दरबार से निकाली मंगल कलश यात्रा

*रायपुर। शदाणी दरबार में बुधवार को दिनभर भक्तिमय माहौल रहा। संत राजाराम साहेब की वर्सी महोत्सव के अवसर पर भव्य मंगल कलश यात्रा महिलाओं के द्वारा निकाली गई। दरबार के मीडिया प्रभारी विक्की पंजवानी ने बताया कि सनातन धर्म में किसी शुभ कार्य, यज्ञ या कथा से पहले पवित्र कलश यात्रा निकालने की परंपरा है। इसका निर्वहन महिलाओं ने किया। यह कलश यात्रा, एकता के साथ सकारात्मकता का प्रतीक बना। कलश यात्रा को शदाणी दरबार के पीठाधीश संत युधिष्ठिरलाल ने ध्वज लहराकर जय जय शदाराम का जयघोष करते हुए रवाना किया। कलश यात्रा में सबसे पहले गुरुमाता दीपिका शदाणी और पावनी शदाणी की अगुवाई में सैकड़ों महिलाएं सिर पर कलश धारण करके निकली। कलश में जल, नारियल और आम के पत्ते को शामिल किया गया, जो पूर्णता, समृद्धि और देवताओं के वास का प्रतीक बना।*



### कलश धारण करने से खत्म होती है नकारात्मकता

संत युधिष्ठिर लाल ने बताया कि कलश यात्रा में शामिल होने से पापों का नाश होता है। घर और मन से नकारात्मक ऊर्जा खत्म होती है। यह परंपरा सनातन धर्म की समृद्ध संस्कृति और आस्था को जीवित रखती है। कलश के नीचे रौली-अक्षत रखना और उसमें जल के साथ नारियल रखना देवी लक्ष्मी की कृपा पाने का संकेत माना जाता है। कलश यात्रा में छत्तीसगढ़ से आए भक्तों ने शामिल होकर जयघोष किया। इसमें निगम की एमआईसी सदस्य अनामिका सिंह, राजिम से विजेता देवानी, राजनांदगाव से दिव्या जसवानी, अधिवक्ता विश्वदिनी पांडे, खुशी पंजवानी आयोजन का हिस्सा बनीं। कलश यात्रा ने देवपुरी क्षेत्र का भ्रमण किया और दरबार में ही समापन किया गया।

### मेगा हेल्थ कैम्प में जांच के बाद दी गई दवाइयां

शदाणी दरबार में विशाल मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इसमें विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क परामर्श, जांच और दवाइयां उपलब्ध करवाई गईं। इसमें स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य जांच के लिए हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. भीषम शदाणी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अदिति शदाणी, एमडी मेडिसिन डॉ. अजीत शदाणी, डॉ. शान्या, डॉ. पूजा ने कैम्प को सफल बनाने सेवा दी। इस बार भी शदाणी दरबार में निःशुल्क टेली मेडिसिन, रक्त जांच, एक्स-रे, सोनोग्राफी, ईसीजी, हेपेटाइटिस बी स्क्रीनिंग की सुविधा उपलब्ध करवाई गई।



# नंदोत्सव और बाल प्रसंग सुन भाव-विभोर हुए धर्मानुरागी



**रायपुर।** श्री रामकथा समिति द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन नंदोत्सव की मनोहारी कथा का रसपान कराते हुए कथावाचक चिन्मयदास महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा सुनते हुए धर्म प्रेमी नंदोत्सव की आनंदमयी भावना में डूबे और वातावरण भक्ति व उल्लास से सराबोर हुए। महाराज ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के तीन माह बाद जब उन्होंने पहली बार करवट लिया, तब गोकुल में उत्सव का माहौल बन गया। गोपियां आनंद से झूम उठीं और नाच-गाकर उत्सव मनाने लगीं। उन्होंने कहा कि लोग अक्सर भगवान के नाम पर उत्सव तो मनाते हैं, लेकिन कई बार बाहरी आडंबर में इतना खो जाते हैं कि प्रभु को ही भूल जाते हैं। सच्चा भक्त वही होता है, जो बिना दिखावे के हृदय से भगवान का स्मरण करता है।

### बाल लीलाओं का उल्लेख महाराज ने किया

नंदोत्सव की इस भावपूर्ण कथा के दौरान ऑडिटोरियम में बैठे सभी श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए और जय श्रीकृष्ण के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया। इस अवसर पर श्रीराम कथा समिति के प्रमुख प्रकाश अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, रूपा मेहडिया, गोपाल दामोदर अग्रवाल, संजय अग्रवाल सहित शहर के धर्मानुरागी कथा श्रोता बने। इनके बीच भगवान श्रीकृष्ण की कई बाल लीलाओं का उल्लेख महाराज ने किया। उन्होंने बताया कि कंस ने श्रीकृष्ण का वध कराने के लिए कई राक्षसों को भेजा था। उनमें से एक उत्कच नाम का राक्षस भी था, जिसका भगवान श्रीकृष्ण ने बाल्यावस्था में ही वध कर दिया। इसके बाद त्रिनावर्त नामक राक्षस की कथा सुनाते हुए कृष्ण की महिमा का बखान किया।

शीतला मंदिरों में दिनभर उमड़ा भक्तों का सैलाब

# शीतला माता के श्रीधाम में उमड़ी आस्था, महिलाओं ने शीतल व्यंजनों का लगाया भोग और मांगी समृद्धि

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** हर साल की तरह शीतला सप्तमी और अष्टमी तिथि पर शहर के सभी शीतला मंदिरों में भक्तों का तांता लगा। इसमें महिलाओं ने सुबह से लेकर शाम तक माता के श्रीधाम में घर में तैयार किए पारंपरिक व्यंजनों को शीतल स्वरूप में अर्पित करते हुए घर-परिवार की सुख, समृद्धि के लिए कामना की। इसके चलते बूढ़ेश्वर चौक के पास स्थित शीतला मंदिर में महिला भक्तों की अष्टमी तिथि पर भी दिनभर आवाजाही रही। पंडित नीरज सैनी ने बताया कि 10 मार्च को शीतला सप्तमी और 11 मार्च को अष्टमी तिथि पर महिलाओं ने इस साल भी पारंपरिक तरीके से पूजा-अर्चना करने के साथ ही माता को रात में पकाए गए व्यंजनों का भोग लगाया। इसके चलते बुधवार को उत्सव का माहौल रहा। भक्त महिलाओं ने शाम को आरती में शामिल होने के साथ ही माता के दरबार में भोग अर्पित करते खुशहाली के लिए कामना की।

### शीतल व्यंजनों का लगाया भोग

पं. नीरज सैनी ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि चैत्र और वैशाख मास की सप्तमी और अष्टमी तिथि पर माता को रात में तैयार किए गए पारंपरिक व्यंजनों का ही भोग लगाया जाता है। इसलिए खीर, सोहारी, हलवा, मक्का और बाजरे की रोटी के साथ चीला, फरा, गुलगुला भजिया, पकवान सहित श्रद्धा और सामर्थ्य के लिहाज से भक्त महिलाएं शीतल व्यंजनों का भोग लगाने की परंपरा निभाती हैं। इस श्रृंखला में घर में भोजन करने से पहले व्यंजनों का भोग माता को अर्पित किया जाता है।





### शरीर और मन के ताप को करती हैं शांत

विद्वानों ने बताया कि हर गांव और नगर में मां शीतला माता का मंदिर मिलता है, जिसे ग्राम देवी भी कहा जाता है। मां शीतला को हिन्दू धर्म में रोगों को शांत करने वाली और आरोग्य जीवन प्रदान करने वाली देवी माना जाता है। शीतला शब्द का अर्थ है शीतलता देने वाली, अर्थात जो शरीर और मन के ताप को शांत करती है। लोक परंपरा में इन्हें विशेष रूप से चेचक, ज्वर तथा संक्रामक रोगों से रक्षा करने वाली देवी के रूप में पूजा जाता है। नकारात्मक शक्तियों को शांत करने वाली शक्ति के रूप में पूजन किया जाता है। चैत्र और वैशाख मास की सप्तमी और अष्टमी के दिन शीतला माता की विशेष रूप से पूजा की जाती है।

### रोग-दोष को अपने अधीन रखने वाली देवी

संस्कृत भाषा के प्रचारक व धर्मशास्त्री पं. चन्द्रभूषण शुक्ला ने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार मां शीतला आदि शक्ति का ही एक करुणामयी रूप हैं। वह संसार के रोग-दोष को अपने अधीन रखकर भक्तों को स्वास्थ्य और शांति प्रदान करती हैं। उनके हाथ में झाड़ू, कलश, सूप (पंखा) और नीम की पत्तियां होती हैं, जो रोगों को दूर करने और शुद्धता का प्रतीक मानी जाती है। उनका वाहन गधा है और वह सामान्यतः कमल पर विराजमान दिखाई देती है। शीतला माता में जल चढ़ाकर उन्हें शांत किया जाता है। नवरात्रि पर्व में मां शीतला का भजन और जसगीत गायन की परंपरा निभाई जाती है। मोर गांव के शीतला दाई तोला सुमिरौ ओ.. गीत जब शुरू होता है तो भक्त झूमने लगते हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### 87वीं सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ टेटे टीम तैयार



**रायपुर।** भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के तत्वावधान में मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संघ द्वारा इंदौर (मध्य प्रदेश) में यूटीटी 87वीं सीनियर राष्ट्रीय एवं अंतर राज्यीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2025 का आयोजन 14 से 21 मार्च तक किया जा रहा है। जिसके लिए छत्तीसगढ़ सीनियर (पुरूष एवं महिला) टीम की घोषणा पूर्व विधायक एवं छत्तीसगढ़ टेबल टेबल संघ के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा ने की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला, पदाधिकारी विनय बैसवाड़े, प्रेमराज जाचक, पी.एन. मजूमदार और प्रवीण निरापुरे सहित सभी पदाधिकारियो ने टीम को शुभकामनाए दी एवं अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जतायी। प्रतियोगिता हेतु छत्तीसगढ़ टीम के स्पोर्ट्स किट के प्रायोजक स्टेग ग्लोबल है। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य कि सीनियर (पुरुष एवं महिला) टीम 12 मार्च को रवाना हो रही है। टीम के कोच उमेश गोस्वामी (दुर्ग) एवं मैनेजर काजल (दुर्ग) है। छत्तीसगढ़ से प्रतियोगिता में अंपायरिंग के लिए राष्ट्रीय अंपायर लाभांशु यदु (गरियाबंद) को चुना गया है। छत्तीसगढ़ टीम में सीनियर पुरुष में अर्जुन मल्होत्रा (रायपुर), विशाल डेकाटे (रायपुर), एम. रविराज - कप्तान (रायपुर), राजीव साहू (रायपुर), अरिंदम देबनाथ (रायपुर), सीनियर महिला - सुष्मिता सोम - कप्तान (बिलासपुर), लावण्या पांडे (रायपुर), अक्षिता बीनू (बिलासपुर), अदिति खूंटिया (बिलासपुर) और प्रज्ञा पाठक (दुर्ग) शामिल हैं।

### सीनियर वुमेंस इंटर जोनल मल्टी डे ट्रॉफी में खेलेंगे कृति और महक




**रायपुर।** बी सी सी आई द्वारा पुडुच्चेरी में सीनियर वुमेंस इंटर जोनल मल्टी डे ट्रॉफी 2025-26 का आयोजन 20 मार्च से किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में नार्थ जोन, साउथ जोन, सेन्ट्रल जोन, नार्थ इस्ट जोन, वेस्ट जोन तथा ईस्ट जोन की टिमें हिस्सा ले रहीं है, जिनमें संपूर्ण भारत के चयनित खिलाडी हिस्सा लेंगें। बी सी सी आई द्वारा सेन्ट्रल जोन की टीम में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ से 2 खिलाडीयों का चयन किया गया है। इनमें कृति गुप्ता और महक नरवसे शामिल हैं। उक्त खिलाडी प्रतियोगिता में सेन्ट्रल जोन का प्रतिनिधित्व करेगें। सेन्ट्रल जोन के मैच 20 - 22 मार्च को वेस्ट जोन के विरुद्ध होंगे। प्रतियोगिता के सेमी फाइनल मैच 26-28 मार्च को खेले जायेगें तथा फायनल मैच 01-03 अप्रैल को होंगे।

### छत्तीसगढ़ की जीत में चांद का शतक और साक्षी ने लिए 5 विकेट




**रायपुर।** बी सी सी आई द्वारा वुमेंस अंडर 23 वनडे क्रिकेट टुर्नामेंट 2026-26 का आयोजन 3 मार्च से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का पांचवा मैच बुधवार को जयपुर में जम्मू एवं कश्मीर अंडर 23 टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़.अंडर 23 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़.ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 50 ओवरों में 5 विकेट खोकर 291 रन बनाये। छत्तीसगढ़.की ओर से प्रांरभिक बल्लेबाज चांद चेलक ने शानदार शतक लगाते हुए सर्वाधिक 105 रन बनाये। उनके अतिरिक्त यति शर्मा ने 50 रन, अंशी अग्रवाल ने 43 नाबाद रन तथा मिताली शर्मा ने नाबाद 27 रनों का योगदान दिया। जम्मू एवं कश्मीर अंडर 23 टीम की ओर से माहीका सिंह राना तथा अनन्या शर्मा ने 2-2 विकेट लिए। 292 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी जम्मू एवं कश्मीर अंडर-23 की टीम 35.4 ओवरों में सभी 10 विकेट खोकर 127 रन ही बना पायी। जम्मु एवं कश्मीर की ओर से कप्तान बवनदीप कौर ने 57 रन, सानिया स्लेथीया ने 19 रन तथा श्वेता राना ने 12 रन बनाये। छत्तीसगढ़.की ओर से साक्षी शुक्ला ने 5 विकेट तथा राधिका नेताम ने 2 विकेट प्राप्त किए। छत्तीसगढ़.ने मैच 164 रनों से जीत लिया।

#### महिलाएं जूझ रहीं स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों से

# खराब लाइफस्टाल बनती जा रही है महिलाओं की सेहत का दुश्मन, शिकार बनने से पहले ही हो जाएं सतर्क

स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से देखें तो आज का समय महिलाओं के लिए भी ज्यादा चुनौतीपूर्ण है। विशेषज्ञ बताते हैं, महिलाएं कई गंभीर बीमारियों की चपेट में जल्दी आ जाती हैं। कई बीमारियां ऐसी भी होती हैं जो पुरुषों की तुलना में महिलाओं में अधिक देखने को मिलती हैं। यही कारण है डॉक्टर कम उम्र से ही सभी महिलाओं को अपनी सेहत को लेकर सावधान रहने की सलाह देते हैं।

दुनियाभर में जिस तरह से क्रॉनिक बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है, इसके चलते स्वास्थ्य सेवाओं पर भी अतिरिक्त दबाव बढ़ा है। स्वस्थ जीवन जीने की चाहत हर किसी की होती है, लेकिन गड़बड़ जीवनशैली, तनाव, खानपान की आदतों और हार्मोनल बदलाव कम उम्र में ही कई प्रकार की शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ती जा रही हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, महिलाएं कई गंभीर बीमारियों की चपेट में जल्दी आ जाती हैं, कई बीमारियां ऐसी भी होती हैं जो पुरुषों की तुलना में महिलाओं में अधिक देखने को मिलती हैं। यही कारण है डॉक्टर कम उम्र से ही सभी महिलाओं को अपनी सेहत को लेकर सावधान रहने की सलाह देते हैं।

महिलाओं के स्वास्थ्य



देखभाल में लैंगिक असमानताओं को दूर करने, समग्र कल्याण को बढ़ावा देने, बीमारियों से बचाव को लेकर सावधान और जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल 28 मई को अंतरराष्ट्रीय महिला स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। लेकिन महिला स्वास्थ्य एक ऐसा विषय है, जिस पर हमेशा चिंतन की जरूरत है।

### आर्थराइटिस की समस्या



स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, वैसे तो बीमारियां किसी को भी और किसी भी उम्र में हो सकती हैं, हालांकि 50 की उम्र के बाद महिलाओं की सेहत कई प्रकार से प्रभावित होने लग जाती है। इसके पीछे कई जैविक, हार्मोनल और जीवनशैली संबंधी कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। यही वजह है कि मेनोपॉज के बाद महिलाओं में हृदय रोग, डायबिटीज, आर्थराइटिस, सांस की समस्या और एनीमिया के मामले काफी ज्यादा देखे जाते हैं। शारीरिक गतिविधि की कमी, वजन बढ़ना और अनुचित खानपान के कारण भी आपमें गठिया का जोखिम अधिक हो सकता है।

### महिलाओं में थायरॉइड का जोखिम

अमेरिकन थायरॉइड एसोसिएशन के अनुसार, दुनियाभर में 200 मिलियन (20 करोड़) से अधिक लोग इस विकार का शिकार हैं। थायरॉइड विकार बच्चों से लेकर बुजुर्गों, महिला-पुरुष किसी को भी हो सकता है। हालांकि आंकड़ों से पता चलता है कि महिलाओं को पुरुषों की तुलना में थायरॉइड की समस्याओं का अधिक जोखिम होता है।

पुरुषों की तुलना में महिलाओं में थायरॉइड विकार की आशंका 8 से 10 गुना अधिक होती है। महिलाओं में हार्मोनल असंतुलन (जैसे प्रेग्नेंसी, पीरियड्स, मेनोपॉज



आदि) उन्हें इस विकार के प्रति अधिक संवेदनशील बना देते हैं।

### हृदय रोगों के बढ़ते मामले

हृदय रोग का खतरा भी दुनियाभर में बड़ी संख्या में महिलाओं को प्रभावित करता है। यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) की रिपोर्ट के मुताबिक हर साल लाखों महिलाएं दिल की बीमारियों के कारण जान गंवाती हैं। महिलाओं में बढ़ते हृदय रोग के मामलों के लिए एस्ट्रोजन हार्मोन के असंतुलन को एक बड़ा कारण माना जाता है जिससे रक्त वाहिकाओं पर असर पड़ता है। तनाव और अवसाद की समस्या भी महिलाओं में अधिक देखी जाती है, जो हृदय रोग को बढ़ा सकती है। नियमित व्यायाम और ब्लड प्रेशर की जांच, संतुलित आहार के साथ धूम्रपान और शराब से दूरी बनाकर आप हृदय रोगों से बची रह सकती हैं।



## सोकर उठने के बाद कंधों में होता है तेज दर्द, इन एक्सरसाइज की लें मदद

कई बार हम सुबह उठते हैं और हमारे कंधे में इस कदर अकड़न हो जाती है कि हाथ हिलाना डुलाना भी मुश्किल हो जाता है,दरअसल जब हम सोते हैं तो हमें यह मालूम में नहीं चलता है कि हम किस पोजीशन में सो रहे हैं। खराब पोजीशन के कारण सुबह के समय दर्द होने लगता है। ज्यादातर लोग को यह समझ नहीं आता है कि उन्हें दर्द क्यों हो रहा है। कामकाज प्रभावित न हो इसके लिए लोग ओवर द काउंटर दवा ले लेते हैं, लेकिन पेन किलर खाने से आपको नुकसान भी हो जा सकता है। अगर आपको भी सुबह उठने के साथ कंधे में स्टिफनेस महसूस हो तो आप कुछ एक्सरसाइज का अभ्यास कर सकते हैं।

### कंधों के दर्द को दूर करते हैं ये एक्सरसाइज

#### पेंडुलम एक्सरसाइज

कंधों की अकड़न को दूर करने के लिए आप पेंडुलम एक्सरसाइज कर सकते हैं। इसके लिए आप कमर के पास से झुक जाएं और हाथों को बिल्कुल रिलैक्स छोड़ दें और शरीर



से दूर लटकने दें। इसे क्लॉक वाइज और एंटी क्लॉक वाइज धीरे-धीरे घुमाएं। ऐसा काम से कम 2 से 4 मिनट तक करें। इससे कंधों में लचीलापन आएगा और अकड़न से राहत मिलेगी।

#### वॉल स्लाइड

कंधों की अकड़न दूर करने के लिए आप बहुत ही आसान सा एक्सरसाइज वॉल स्लाइड कर सकते हैं। इसके लिए आपको दीवार की तरफ मुंह करके दोनों हथेलियां को दीवार से सटाना होता है और हाथों को ऊपर ले जाना होता है।इस तरह से हाथों को 15 से 20 सेकंड तक स्ट्रेच करें, रोजाना इसे करने से आपको फायदा होगा। (खरगोश आसन करने के फायदे)

#### शोल्डर रोल

शोल्डर रोल एक्सरसाइज के जरिए भी आप आराम पा सकते हैं। इसके लिए आप सबसे पहले जमीन पर खड़े हो जाएं और अपने पैरों को एक दूसरे से थोड़ा अलग कर लें अपने दोनों हाथों को अपने कंधे पर रखें, सांस अंदर लें और अपने कंधों और हाथों को गोल आकार में घुमाएं। इस दौरान आपकी पीठ पूरी तरह से सीधी रहेगी। इस एक्सरसाइज को कम से कम 15 से 20 बार करें। इससे आपको आराम मिलेगा।



## दही बड़ा सख्त हो गया? ऐसे बनाएं मुलायम और स्पंजी

दही बड़ा एक ऐसी डिश है जो त्योहारों, पार्टियों और खास मौकों पर जरूर बनाई जाती है। लेकिन कई बार सारी मेहनत के बाद भी बड़े दही में भिगोने के बाद सख्त रह जाते हैं। ऐसे में स्वाद भी खराब हो जाता है और मन भी। अगर आपके दही बड़े भी कड़े रह गए हैं, तो घबराइए नहीं। कुछ आसान किचन टिप्स से आप बने हुए दही बड़ों को भी सॉफ्ट बना सकते हैं और अगली बार परफेक्ट स्पंजी दही बड़े तैयार कर सकते हैं।



### दही बड़े सख्त क्यों हो जाते हैं?

उड़द दाल ठीक से फेंटी न गई हो बैटर में हवा न भरी गई हो तेल बहुत ठंडा या बहुत गरम हो बड़े तलने के बाद सही तरीके से पानी में न भिगोए गए हों

### दही बहुत गाढ़ा हो

**अगर दही बड़े सख्त रह जाएं तो क्या करें?**

गुनगुने पानी में दोबारा भिगोएं

अगर बड़े पहले से दही में डाल दिए हैं और सख्त लग रहे हैं, तो उन्हें दही से निकाल लें। हल्के गुनगुने नमकीन पानी में 10–15 मिनट भिगो दें। हल्के हाथ से दबाकर अतिरिक्त पानी निकालें। फिर फेंटे हुए दही में डालें। इससे बड़े अंदर तक नरम हो जाएंगे।दही को अच्छी तरह फेंटें।गाढ़ा दही बड़े को सॉफ्ट नहीं होने देता। दही में थोड़ा दूध या पानी मिलाकर अच्छी तरह फेंट लें।थोड़ा चीनी और नमक डालकर बैलेंस स्वाद बनाएं। फिर बड़े डालें। स्मूद दही बड़े को जल्दी नरम करता है।

### हल्की भाप दें

अगर बड़े बहुत ज्यादा सख्त हैं, उन्हें 2-3 मिनट स्टीमर में हल्की भाप दें। फिर गुनगुने पानी में डालें। बाद में दही में मिलाएं।यह तरीका पुराने या फ्रिज में रखे बड़ों को भी मुलायम बना देता है।

### दाल अच्छी तरह फेंटें

उड़द दाल पीसने के बाद कम से कम 8–10 मिनट तक फेंटें। जब बैटर हल्का और फूला हुआ लगे, तभी तलें। थोड़ा बैटर पानी में डालें। अगर ऊपर तैरता है, तो समझिए हवा भर चुकी है। तेल मध्यम गरम होना चाहिए। बहुत गरम तेल बड़े को बाहर से सख्त और अंदर से कच्चा बना सकता है।

### तलते ही पानी में डालें

गरम-गरम बड़े तुरंत गुनगुने पानी में 15 मिनट के लिए डालें। दही बड़े पर भुना जीरा पाउडर, लाल मिर्च, इमली की चटनी और हरी चटनी डालें। इससे स्वाद और भी बढ़ जाएगा।

## रात में भिगो रहे हैं ओटमील तो न करें ये गलतियां



ओटमील वजन कम करने करने किसी बढ़िया सुपरफूड से कम नहीं है। इसे अक्सर रात को भिगोकर सुबह फ्रूट्स के मिलाकर खाया जाता है। इसे और भी हेल्दी बनाने के लिए लोग तरह-तरह के ड्राई फ्रूट्स में इसमें डालते हैं। ओवरनाइट ओट्स बनाने में सबसे जरूरी बात सही रेशियो में दूध और ओट्स मिलाना होता है। अगर दूध ज्यादा होगा, तो ओटमील बहुत पतला और पानी जैसा हो जाएगा। वहीं, अगर दूध कम होगा, तो ओट्स पूरी तरह भीग नहीं पाएंगे और वे सूखे लगेंगे। सही संतुलन बनाए रखने के लिए 1:1 का रेशियो सही रहता है, यानी जितना ओट्स लें, उतना ही दूध मिलाएं। अगर आपको क्रीमी टेक्सचर पसंद है, तो इसमें ग्रीक योगर्ट या चिया सीड्स भी मिला सकते हैं। स्वीटनर जैसे चीनी, शहद, गुड़ या मेपल सिरप डालने से ओट्स का स्वाद बेहतर हो सकता है, लेकिन अगर आप ज्यादा मात्रा में स्वीटनर डालते हैं, तो यह सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। साथ ही, ज्यादा मीठे ओट्स खाने में भी अच्छे नहीं लगते। फिर फ्रूट्स मिलाने से भी यह ज्यादा मिठास आ सकती है। इसका बेहतर विकल्प यह है कि आप फ्रूट्स, ड्राई फ्रूट्स या दालचीनी जैसी प्राकृतिक चीजों का इस्तेमाल करें, जिससे मिठास भी मिले और पोषण भी बना रहे। ओट्स कई प्रकार के होते हैं- स्टील कट ओट्स, रोल्ड ओट्स और इंस्टेंट ओट्स। ओवरनाइट ओट्स के लिए रोल्ड ओट्स सबसे अच्छे होते हैं क्योंकि वे दूध को अच्छी तरह सोख लेते हैं और सुबह तक क्रीमी और सॉफ्ट हो जाते हैं।





















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## जेम्स बॉन्ड के आईकॉनिक थीम म्यूजिक का भारत से है कनेक्शन



हममें से कई लोगों ने जेम्स बॉन्ड की फिल्में देखी हैं और वो मशहूर थीम ट्यून भी सुनी है जो बॉन्ड को दर्शकों से मिलवाती है। यह धुन सस्पेंस और डर से भरी है। लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि इस यादगार धुन की शुरुआत भारतीय संस्कृति से जुड़ी एक काल्पनिक कहानी से हुई थी। जिस आदमी ने सबसे पहले यह धुन लिखी थी, वह मोंटी नॉर्मन नाम के एक ब्रिटिश कंपोजर, म्यूजिशियन और सिंगर थे। उन्होंने डॉ. नो नाम की पहली बॉन्ड फिल्म के लिए धुन लिखी थी और उसके बाद इसे, कभी-कभी थोड़े बदलाव के साथ, हर जेम्स बॉन्ड फिल्म में इस्तेमाल किया गया। मोंटी नॉर्मन ने कहा है कि जेम्स बॉन्ड की धुन 'गुड साइन, बैड साइन' से प्रेरित थी, यह एक गाना था जिसे उन्होंने खुद वी.एस. नायपॉल के नॉवेल ए हाउस फॉर मिस्टर बिस्वास के म्यूजिकल स्टेज अडैप्टेशन के लिए बनाया था। यह नॉवेल त्रिनिदाद में इंडियन कम्युनिटी के बीच सेट था। शॉर्ट में, कहानी मोहन बिस्वास नाम के एक आदमी के बारे में थी, जो त्रिनिदाद में रहने वाला एक इंडियन है, जिसकी शादी एक अमीर परिवार में हुई है, लेकिन आखिर में उसके ससुराल वाले उस पर हावी हो जाते हैं। जब मोंटी नॉर्मन से नॉवेल के स्टेज शो के लिए एक गाना बनाने के लिए कहा गया, तो कंपोजर ने इंडियन थीम और माहौल पर ज्यादा भरोसा करने का फैसला किया। क्योंकि कहानी त्रिनिदाद में बसे इंडियन कम्युनिटी के बारे में थी, इसलिए उन्होंने सितार और तबले के साथ बहुत ज्यादा इंडियन असर और साउंड वाली धुन बनाई। गाने का टाइटल था गुड साइन, बैड साइन।

### टॉलीवुड

## सूर्या की नई फिल्म का पोस्टर आया सामने, कूल लुक में नजर आए एक्टर



एक्टर सूर्या की नई फिल्म का पोस्टर रिलीज किया गया है। पहले इस फिल्म को 'सूर्या 46' के नाम से जाना जा रहा था, लेकिन अब मेकर्स ने इसके आधिकारिक नाम और रिलीज डेट का खुलासा कर दिया है। तमिल सुपरस्टार सूर्या की नई फिल्म 'विश्वनाथ एंड संस' का टाइटल और पहला पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। पहले इस फिल्म को 'सूर्या 46' के नाम से जाना जा रहा था, लेकिन अब मेकर्स ने इसका आधिकारिक नाम अनाउंस कर दिया है। सामने आए पोस्टर में सूर्या एक छोटे बच्चे को गोद में लिए नजर आ रहे हैं। उनके चेहरे पर हल्की मुस्कान है, जो पोस्टर को बेहद भावुक और दिल को छू लेने वाला बना देती है। इस लुक को देखकर फैंस काफी उत्साहित हो गए हैं और सोशल मीडिया पर जमकर रिएक्शन दे रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन वेंकी एटलुरी कर रहे हैं, जो पहले भी भावनात्मक और पारिवारिक कहानियों के लिए जाने जाते हैं। फिल्म को एक फैमिली एंटरटेनर बताया जा रहा है, जिसमें इमोशन और ड्रामा दोनों का तड़का होगा। फिल्म में अभिनेत्री ममिता बैजू भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। कहा जा रहा है कि रवीना टंडन भी फिल्म में एक अहम रोल में नजर आएंगी। वहीं, फिल्म का म्यूजिक जी. वी. प्रकाश कुमार दे रहे हैं। मेकर्स ने यह भी घोषणा की है कि यह फिल्म जुलाई 2026 में रिलीज होगी। कुल मिलाकर, पोस्टर से साफ है कि इस बार सूर्या एक अलग और दिल को छू लेने वाली कहानी लेकर आ रहे हैं, जिसका फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### भोजपुरी

## 'कुश्ती' का ट्रेलर देख लोग बोले- ये तो आमिर की 'दंगल' है



अंजना सिंह की अपकमिंग फिल्म 'कुश्ती' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है जिसमें उनके बचपन का किरदार उनकी अपनी बेटी ही निभा रही हैं। अंजना सिंह की इस फिल्म के ट्रेलर को लोग काफी पसंद कर रहे हैं और काफी लोग इसकी तुलना साल 2016 में आई आमिर खान की 'दंगल' से कर रहे हैं। दिलचस्प बात ये है कि फिल्म में एक्ट्रेस अंजना सिंह की बेटी भी नजर आ रही हैं, जिसे देख फैंस काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। लोग अंजना सिंह की इस फिल्म की तुलना आमिर खान की 'दंगल' से कर रहे हैं। ट्रेलर में अंजना सिंह एक पहलवान के किरदार में नजर आ रही हैं, जो न केवल 'कुश्ती' के अखाड़े में धूम मचाती है, बल्कि पारिवारिक और सामाजिक चुनौतियों से भी टक्कर लेती दिख रही हैं। फिल्म में अंजना के बचपन का किरदार उनकी बेटी निभा रही हैं। अंजना ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म 'कुश्ती' का पोस्टर शेयर किया, जिसमें वे और उनकी बेटी अखाड़े में पहलवान की तरह आक्रोश में नजर आ रही हैं। पोस्टर शेयर कर उन्होंने इसे कैप्शन दिया, 'फिल्म कुश्ती का ट्रेलर रिलीज हो गया है। सभी दर्शक यूट्यूब चैनल पर जाकर देखें और प्यार दें।' 4 मिनट 8 सेकंड के ट्रेलर में कॉमेडी, एक्शन, ड्रामा और सामाजिक सीख देखने को मिलती है। फिल्म की कहानी कुछ बॉलीवुड की फिल्म दंगल से प्रेरित दिखती है, लेकिन इसे भोजपुरी ट्विस्ट के साथ अनोखे अंदाज में पेश किया गया है। इसकी शुरुआत में अंजना के किरदार के बचपन से होती है, जहां उनके पिता एक मशहूर पहलवान होते हैं, लेकिन कुछ कारणों की वजह से वे मैच खेल नहीं सकते।

### फ्यूजन का रंग

मशहूर क्रिएटिव डिजाइनर चोपोवा लोवेना ने लोककथाओं और स्पोर्ट्सवियर को टिकाउपन के साथ फ्यूजन के तौर पर पर पेश किया है। डिजाइन के लिए उनकी पहुंच पारंपरिक टेक्सटाइल, क्राफ्ट और टेक्नीक की तारीफ और मॉडर्नाइजेशन से तय होती है। जहां बुल्गारियाई लोककथाओं से लेकर 1980 के दशक की रॉक क्लाइंबिंग तक के रेफरेंस को आसानी से देखा जा सकता है। यहां तालमेल वाले और अलग पीस बनाकर इन अलग-अलग लगने वाले रेफरेंस का सम्मान करने की कोशिश नजर आती है।




## बढ़ती उम्र में दिखना है हैंडसम तो ऐसे हों तैयार

अक्सर लोगों को ऐसा कहते सुना जाता है कि, जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, वैसे-वैसे शारीरिक स्मार्टनेस खत्म होने लगती है पर, ऐसा कौन ही होगा जो ये चाहता हो कि वो स्मार्ट और हैंडसम ना दिखे। हर कोई अपनी तारीफ सुनना चाहता है, चाहे उसकी उम्र कितनी भी हो जाए। कई बार ऐसा होता है कि ड्रेसिंग सेंस की वजह से या तो आप अपनी उम्र से ज्यादा दिखने लगते हैं या फिर और कम। जिस वजह के कई बार लोग हंसी का पात्र बन जाते हैं। इसी के चलते आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताएंगे, जिनकी मदद से आप 40 के बाद भी हैंडसम दिखेंगे। इन टिप्स को फॉलो करके आत्मविश्वास वापस आ जाएगा।

### ना पहनें शॉर्ट्स

40 की उम्र के बाद अगर आप ग्रेसफुल दिखना चाहते हैं तो गलती से भी शॉर्ट्स ना पहनें। कार्गो पैंट और शॉर्ट्स पहनने में भले ही आप कंफर्टेबल हों लेकिन ये आपको बचकाना दिखा सकते हैं।

### सफेट टीशर्ट को कहें टा-टा

कभी भी 40 की उम्र के बाद सफेद टी शर्ट पहन कर बाहर ना जाएं। अगर आपको व्हाइट टी शर्ट पसंद है तो हमेशा कॉलर वाली ही पहनें। इस पर प्रेस का खास ध्यान रखें।

### ना पहनें ढीले कपड़े

अगर आप ढीले-ढाले कपड़े पहन कर बाहर जाएंगे तो इससे आपकी पर्सनैलिटी पर असर दिखेगा। इसलिए हमेशा फिटिंग के कपड़े पहनें।



### डेनिम जैकेट को कहें ना

डेनिम जैकेट को ना कहना सीख लें। इससे आपके लुक में ग्रेस कम हो जाएगा। अगर आपको जींस पहनने का काफी शौक है तो उसके रंग का खास ध्यान रखें। हमेशा क्लासी रंग वाला या डार्क कलर जींस ही ट्राई करें। प्रिंटेड, डैमेज और फेडेड जींस पहनने से दूरी बनाएं। रोजाना सुबह-शाम फेस वॉश करें और मॉइस्चराइजर का उपयोग करें। धूप में निकलने से पहले सनस्क्रीन (SPF 30+) जरूर लगाएं, यह झुर्रियों को कम करने में मदद करता है।

## दुल्हन के लिए परफेक्ट कलीरे डिजाइन, चुनिए अपनी पसंद



शादी का सीजन आते ही लोग अपनी तैयारियां पहले से ही करना शुरू कर देते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि शादी में कई सारी रस्में होती हैं जिनके लिए अलग-अलग चीजों की जरूरत होती है। इसके लिए कुछ लोग कपड़ों की शॉपिंग में लगे होते हैं तो कुछ रिश्तेदारों को और रस्मों में लगने वाली चीजों की शॉपिंग करते हैं। वहीं दुल्हन अपने लिए लहंगा, चूड़ा, ज्वेलरी और कलीरों की शॉपिंग करती है। शादी में उसके लुक के लिए ये काफी जरूरी होता है। आजकल कलीरों के अलग-अलग डिजाइन मार्केट में मिलते हैं। आप भी इन्हें खरीदकर अपनी शादी में पहन सकती हैं।



### फ्लावर हार्ट शेप कलीरे



मार्केट में आपको कलीरे के कई सारे अलग-अलग ऑप्शन मिल जाएंगे। जिन्हें आप अपनी शादी में पहन सकती हैं। कई सारी लड़कियां होती हैं जो इसमें स्पेशली डिजाइन कराती हैं। आप चाहे तो ऐसा कर सकती हैं। वरना मार्केट से फ्लावर हार्ट शेप वाले कलीरे खरीदकर वियर कर सकती हैं। इसमें आपको थ्री लेयर में ये कलीरे डिजाइन मिलेंगे। इसमें पहले फूल की लेयर होगी। इसके बाद फूल और हार्ट शेप का डिजाइन मिलेगा। इस तरीके से थ्री लेयर होगी। आप चाहे तो इसमें फ्लावर के कलर को चेंज करा सकती हैं। इस तरीके के कलीरे की शुरुआत मार्केट में 2000 से होती है।

### पर्ल बैंगल्स कलीरे

आजकल पर्ल डिजाइन वाली ज्वेलरी काफी ट्रेंड में है। आप चाहे तो इस तरीके के कलीरे को स्टाइल कर सकती हैं। ये कलीरे आपक बैंगल्स के साथ अटैच मिलेंगे। इसमें ऊपर से लेकर नीचे तक पर्ल से डिजाइन बना होगा। इसके बीच में फ्लावर और घुंघरू लगे होंगे।

## यह एक फूल काले करेगा आपके बाल, लगाते ही दिखेगा कमाल

एक समय बाद आपके सिर में चांदी दिखने लगती है यानी आपके सफेद बालों की संख्या बढ़ने लगती है। गुड़हल के फूल में ऐसे कई गुण होते हैं, जो बालों और स्कैल्प को फायदा पहुंचाते हैं। इतना ही नहीं, यह सफेद बालों को काला करने में भी मदद करता है। चलिए आपको गुड़हल के फायदे के साथ ही इस नुस्खे को बनाने और लगाने का तरीका भी बताएं-

### गुड़हल के फूल के फायदे

गुड़हल के फूल कई फ्लेवोनॉइड्स, एमिनो एसिड्स और ऐसे कई न्यूट्रिएंट्स से भरपूर होता है। यह स्कैल्प और बालों की जड़ों को पोषण देने का काम करता है। अगर आप इसे बालों पर लगाते हैं, तो यह ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाता है। इसके इस्तेमाल से बालों की जड़ें भी मजबूत होती हैं। इसके अलावा गुड़हल का फूल (गुड़हल के फूल के इस्तेमाल) निम्न तरीके से आपके बालों को फायदा पहुंचाता है।



### सफेद बालों को काला करने के लिए गुड़हल का मास्क

इसके लिए सबसे पहले गुड़हल के फूल को धूप में 1-2 दिन सुखा लें। जब पत्तियां सूख जाएं, तो उसे क्रश कर लें। अब एक कटोरे में दही, विटामिन-ई कैप्सूल, कॉफी पाउडर, एलोवेरा जेल और गुड़हल के फूल डालकर अच्छी तरह से मिक्स कर लें। अपने बालों को कंघी करके दो भागों में डिवाइड कर लें। इसके बाद जड़ से लेकर एंड तक इसे अच्छी तरह से लगाएं। इसे लगाने के बाद गर्म पानी में तौलिया डुबोएं और अच्छी तरह से निचोड़कर उसे सिर पर लपेट लें।

## हाथों के ड्राइनेस को दूर करने के लिए घर पर बनाएं होममेड हैंड स्क्रब

चेहरे की ड्राईनेस को दूर करने के लिए हम कई तरह के नुस्खे ट्राई करते हैं। लेकिन हाथों की ड्राईनेस को दूर करना भूल जाते हैं। इसकी वजह से हमारे साथ खराब दिखने लगते हैं। इसके लिए आप इन घरेलू नुस्खों को ट्राई कर सकती हैं। इससे आपके हाथों की स्किन मॉइश्चराइज भी हो जाएगी। साथ ही हाथ मुलायम नजर आएंगे। इसके इंग्रीडिएंट्स आपको घर की रसोई में आराम से मिल जाएंगे।

### ऑलिव ऑयल एंड शुगर से बनाएं स्क्रब

ऑलिव ऑयल स्किन के लिए काफी लाभकारी होता है। इसमें मौजूद विटामिन ई स्किन को मॉइस्चराइज करने में मदद करता है। इसके अलावा डेड स्किन सेल्स को भी रिपेयर करता है। वहीं शुगर हाथों के रूखेपन को दूर करती है।

### ऑलिव ऑयल एंड शुगर स्क्रब इस्तेमाल करने का तरीका

इसके लिए सबसे पहले एक कटोरी लें। अब इसमें 2 चम्मच चीनी और 1 चम्मच ऑलिव ऑयल डालें।



फिर इस मिश्रण को अच्छे से मिक्स करें। इसमें लैवेंडर ऑयल एड करें और थिक पेस्ट बना लें। अब इसे अपने हाथों पर लगाएं और अच्छे से रब करें।इसे 3 से 5 मिनट तक हाथों में लगा रहने दें। फिर हल्के गुनगुने पानी से हाथों को साफ कर लें। इससे आपकी स्किन की ड्राइनेस (ड्राइनेस की समस्या दूर करने के उपाय) दूर हो जाएगी।

### कोकोनट-कॉफी स्क्रब बनाएं

अगर आप स्किन की डीप क्लीनिंग करना चाहती हैं तो इसके लिए कॉफी और कोकोनट का इस्तेमाल कर सकती हैं। कॉफी में मौजूद एंटी ऑक्सीडेंट्स स्किन की ड्राईनेस दूर करता है।

### कार्नर न्यूज

#### ना करें ये गलतियां वरना चेहरे पर दिखेगी बढ़ती हुई उम्र

## एक छोटी सी गलती खराब कर सकती है आपका लुक, मेकअप करते वक्त रहें सचेत

हर उम्र की महिला खूबसूरत दिखने के लिए मेकअप का इस्तेमाल करती हैं। चाहे शादी-विवाह हो या फिर कोई अन्य कार्यक्रम हो, महिलाएं हर मौके पर मेकअप करती हैं। आज के समय में तो महिलाएं घर से बाहर निकलते वक्त भी मेकअप का इस्तेमाल करती हैं। वैसे तो मेकअप की वजह से महिलाओं की खूबसूरती में चार चांद लग जाते हैं, पर मेकअप करते वक्त की गई छोटी सी गलती की वजह से आपका पूरा लुक खराब हो सकता है।

ऐसे में अगर आप खूबसूरत दिखना चाहती हैं तो मेकअप करते वक्त कुछ बातों का ध्यान रखें। ऐसा ना करने पर आपकी बढ़ती उम्र दिखाई देगी। दरअसल, कुछ ऐसी गलतियां होती हैं, जो होती तो काफी मामूली है, लेकिन उनकी वजह से पूरा मेकअप खराब हो सकता है। आज के लेख में हम आपको कुछ ऐसी ही गलतियों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका ध्यान आपको मेकअप करते वक्त रखना चाहिए।

### फाउंडेशन का रखें ध्यान

बहुत सी महिलाएं फाउंडेशन का



इस्तेमाल ज्यादा कर लेती हैं, उन्हें लगता है ज्यादा फाउंडेशन लगाने से मेकअप परफेक्ट होता है। जबकि ऐसा करने से स्किन बहुत सफेद नजर आने लगती है और कुछ ही देर में चेहरे पर क्रेक दिखाई देने लगते हैं। इससे चेहरे पर झुर्रियां दिखाई देती हैं। ऐसे में फाउंडेशन लगाते वक्त उसकी मात्रा का ध्यान रखें।

### लिपस्टिक का शेड

लिपस्टिक का हर शेड हर किसी के ऊपर अच्छे नहीं लगता। दरअसल, कई शेड ऐसे होते हैं, जिनको लगाने से चेहरा मैच्योर लगता है। अगर आप येलो, रेड और पर्पल शेड की लिपस्टिक लगा रही हैं, जिसमें ब्लू यो पार्पल टिंट नहीं है तो ये शेड्स आपको अपनी उम्र से ज्यादा दिखाने का काम करेगा।

### आई मेकअप का रखें ध्यान

लिपस्टिक के अलावा आपका गलत आईमेकअप भी आपको उम्र से ज्यादा दिखता है। अगर आप आंखों के आसपास गहरे और स्ट्रॉन्ग रंगों वाले आई शैडो का इस्तेमाल कर रही हैं तो इससे आपकी उम्र ज्यादा दिखेगी।

### त्वचा को रखें ड्राई

अगर आपकी त्वचा ड्राई है तो मेकअप करने से पहले चेहरे को अच्छे से नरिश करें। अगर आप ड्राई स्किन पर मेकअप करती हैं तो स्किन मेकअप को तेजी से सोख लेगी और आपकी स्किन पर रिंकल्स बनने लगेंगे।

